✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 324 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, गुरुवार, 23 अप्रैल 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



विष्णुपद मंदिर कारिडोर परियोजना की समीक्षा बैठक करते मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी

### सम्राट चौधरी कैबिनेट की पहली बैठक में 22 प्रस्तावों पर लगी मुहर

# बिहार में बनेंगी 11 नई ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप, भव्य बनेगा हरिहरनाथ कॉरिडोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में नई सरकार बनने के बाद बुधवार (22 अप्रैल) को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की पहली कैबिनेट बैठक हुई। इस बैठक में कुल 22 अहम एजेंडों पर मुहर लगी। करीब एक घंटे चली इस बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए जिनका सीधा असर विकास, रोजगार और सुरक्षा पर दिखेगा। सरकार ने महिला सुरक्षा को मजबूत करने के लिए बड़ा फैसला लिया है। अब 1500 महिला पुलिसकर्मियों को स्कूटी दी जाएगी। इसके साथ ही 3200 पुलिसकर्मियों को मोटरसाइकिल भी दी जाएगी। इस योजना पर कुल 66.75 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। सोनपुर स्थित बाबा हरिहरनाथ मंदिर क्षेत्र को अब काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। इस परियोजना के लिए 680 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है। मुंगेर जिले के तारापुर में धार्मिक और पर्यटन सुविधाओं



के विकास के लिए बड़ा फैसला हुआ है। इसके लिए कृषि विभाग की 15 एकड़ जमीन पर्यटन विभाग को मुफ्त में दी जाएगी, जिससे इलाके में पर्यटन को नई दिशा मिलेगी। बैठक में नई निबंधन नियमावली 2026 को मंजूरी दी गई है। इसके तहत 80 साल या उससे अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों को रजिस्ट्री कराने में विशेष सुविधा दी जाएगी जिससे उन्हें दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। प्रधानमंत्री सेतु योजना के तहत बिहार के 75 आईटीआई संस्थानों को आधुनिक प्रशिक्षण केंद्र बनाया जाएगा। इस योजना पर कुल 3615 करोड़ रुपये खर्च होंगे जिसमें राज्य सरकार की भी बड़ी हिस्सेदारी होगी। इससे युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे। वहीं कैबिनेट की बैठक में नगर विकास विभाग ने 11 नए ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप बनाने की मंजूरी दी है। इन क्षेत्रों में जमीन खरीद-बिक्री, हस्तांतरण और निर्माण कार्य पर फिलहाल रोक रहेगी ताकि योजना को सही तरीके से लागू किया जा सके। आईआईटी पटना में रिसर्च पार्क बनाने के लिए 305 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है। वहीं इन्क्यूबेशन सेंटर फ़ेज-2 के लिए 39.01 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं। राजीव नगर में क्टट्टट्ट और पुलिस डाटा सेंटर के लिए 172.80 करोड़ रुपये और फायर ब्रिगेड के लिए 62 मीटर ऊंची हाइड्रोलिक लैडर मशीन खरीदने के लिए 18 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं।

## वर्दी में सेल्फी लेना एवं रील्स बनाना पड़ा महंगा, 50 पुलिसकर्मियों पर होगी कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** वर्दी में सेल्फी लेने और सोशल मीडिया पर रील्स, वीडियो पोस्ट करने वाले पुलिसकर्मियों को लेकर राज्य पुलिस मुख्यालय सख्त हो गया है। अब ऐसे पुलिसकर्मियों की पहचान कर उन पर सीधी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इस कड़ी में पुलिस मुख्यालय ने 50 पुलिसकर्मियों की पहचान कर इनके खिलाफ कार्रवाई करने को कहा है। एआइजी कल्याण के आदेश पर यह कार्रवाई की जा रही है। बिहार पुलिस मुख्यालय के इंटरनेट मीडिया सेंटर के अनुश्रवण में पाया गया कि कई पुलिस पदाधिकारी और कर्मी वर्दी में रील्स बनाकर विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट कर रहे हैं। ऐसा करना निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का सीधा उल्लंघन है। इस संबंध में पहले पिछले वर्ष 16 दिसंबर को एसओपी जारी की गई थी जिसमें वर्दी में इस तरह की गतिविधियों पर पूरी तरह रोक लगाई गई थी। जारी आदेश के अनुसार कार्रवाई की सूची में सबसे



अधिक 16 पुलिसकर्मी पटना जिले से हैं जबकि मधुबनी, किशनगंज, दरभंगा, नालंदा, गया, सीतामढ़ी, सहरसा, जमुई और मुंगेर सहित कई जिलों के पुलिसकर्मियों के नाम भी शामिल हैं। मुख्यालय ने सभी संबंधित जिलों के पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया है कि चिह्नित कर्मियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित करें और भविष्य में एसओपी का सख्ती से अनुपालन कराएं। स्पष्ट किया गया है कि वर्दी में रील बनाना और उसे इंटरनेट मीडिया पर साझा करना अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है, जिसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### संक्षिप्त समाचार

#### प्रतिमा एस कुमार वर्मा केंद्र में प्रतिनियुक्त

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार कैडर की वरिष्ठ आईएएस अधिकारी प्रतिमा एस कुमार वर्मा को बड़ी जिम्मेदारी मिली है। राज्य सरकार ने उन्हें केंद्र सरकार में योगदान के लिए विरमित कर दिया है। सरकार ने इस संबंध में आधिकारिक आदेश जारी किया है। प्रतिमा एस कुमार वर्मा 2002 बैच की आईएएस अधिकारी हैं। वे जनजातीय मामलों से जुड़ी राष्ट्रीय शिक्षा समिति में काम करेंगी। यह पद संयुक्त सचिव स्तर का है।

#### शिक्षक ने जहर खाकर दी जान

**गया(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के शेरघाटी थाना अंतर्गत क्षेत्रीय नगर मुहल्ला में एक शिक्षक ने जहर खाकर अपनी जान दे दी। इस घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतक की पहचान बृजेश प्रथम के रूप में हुई है, जो अनुसूचित जाति-जनजाति प्राथमिक विद्यालय, गोपालपुर में शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। वे मूल रूप से डिहरी ऑन सोन के रहने वाले थे लेकिन लंबे समय से शेरघाटी में रहकर स्कूल में पढ़ाते थे। पुलिस को घटनास्थल से एक सुसाइड नोट मिला है जिसने इस मामले को और गंभीर बना दिया है।

#### ज्वेलरी शॉप डकैती कांड का खुलासा, पांच गिरफ्तार

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** रामकृष्णानगर थाना क्षेत्र के घाना कॉलोनी स्थित 'लक्ष्मी अलंकार ज्वेलरी' में हुई डकैती कांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ भी हुई, जिसमें मुख्य आरोपित घायल हो गया। पुलिस ने आरोपियों के पास से भारी मात्रा में सामान बरामद किया है। इसमें करीब एक किलो 700 ग्राम चांदी, एक देशी पिस्टल, एक कट्टा, तीन जिंदा कारतूस और एक खोखा शामिल है। इसके अलावा वारदात में इस्तेमाल की गई दो बाइक और दो मोबाइल भी जब्त किए गए हैं।

## शौचालय की टंकी में दम घुटने के कारण तीन मज़दूरों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** जिले के कदवा थाना क्षेत्र में बुधवार को शौचालय की टंकी सफाई के दौरान जहरीली गैस से दम घुटने के कारण तीन मज़दूरों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि इस क्षेत्र के खैरपुर गांववासी ज्वाला यादव के घर मे निर्मित शौचालय की टंकी सफाई के लिए तीन मजदूर अंदर घुसे और थोड़ी देर बाद जहरीली गैस की चपेट आकर तीनों मजदूर बेहोश हो गए। काफी देर तक कुछ हलचल नहीं होने से घबराये चौथे मजदूर ने गृहस्वामी ज्वाला यादव को इसकी जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि गृहस्वामी ने अन्य लोगों के सहयोग से टंकी के दीवार को तोड़वाया और बेहोशी की हालत में तीनों मजदूरों को नवगछिया अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। इसका कारण दम घुटना बताया है। सूत्रों ने बताया कि मृत मजदूरों की पहचान बमबम मंडल, श्री लाल मंडल एवं जननंदन मंडल के रूप में हुई है। तीनों इस क्षेत्र के लक्ष्मिनिया गांव का रहने वाला था। इधर हादसे की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन शुरु कर दी है। भागलपुर के जिला परिषद अध्यक्ष विपिन मंडल ने अस्पताल पहुंच कर मृत मजदूरों के शोकाकुल परिजनों से मिले और हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

#### सीम ने जताया शोक

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भागलपुर के कदवा थाना क्षेत्र में शौचालय की टंकी में लगे शटरिंग को खोलने के दौरान दम घुटने से तीन मजदूरों की हुई मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने अपने शोक संदेश में कहा कि यह घटना काफी दुखद है और मैं इससे मर्माहत हूं। मुख्यमंत्री ने मृतकों के आश्रितों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 02-02 लाख रुपये देने का निर्देश दिया है।

## डूबने से तीन बच्चियों समेत पांच की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सूबे के सुपौल एवं सारण जिले में अवस्थित नदियों में डूबने से तीन बच्चियों समेत पांच लोगों की मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुपौल जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत गोपालपुर सिरे पंचायत स्थित वार्ड दो में बुधवार को कोसी नदी में डूबने से तीन बच्चियों की मौत हो गई जबकि एक अब भी लापता बताई जा रही है। बताया जाता है कि बुधवार दोपहर करीब ढाई बजे कोसी तटबंध के अंदर गोपालपुर सिरे गांव में आधा दर्जन से ज्यादा बच्चियां स्नान करने गई थीं। नदी के तेजते बहाव की चपेट में आने से वे डूब गईं। बच्चियों की उम्र 10 से 12 साल के बीच थी। बताया जा रहा है कि इस घटना के बाद वहां मौजूद एक अन्य बच्ची बॉबी कुमारी ने अपनी सहेलियों को डूबता देख शोर मचाया। फिर गांव जाकर परिजनों को इसकी सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। इतने में वहां आपदा मित्र भी



पहुंच गए। इसके बाद बच्चियों की खोजबीन शुरू केर दी गई। इस क्रम में तीन बच्चियों गोपालपुर सिरे वार्ड दो निवासी ललित सादा की नंदनी कुमारी (10), प्रमोद सादा की बेटी सुनीता कुमारी (12), स्व पप्पू राम की पुत्री प्रियांशु कुमारी (12) के शव को बाहर निकाला गया। वहीं बच्चे लाल सादा की 10 वर्षीय पुत्री राधिका कुमारी खबर लिखे जाने तक लापता थी। इस बाबत प्रभारी सीओ संदीप कुमार ने बताया कि लापता बच्ची की तलाश के लिए गुरुवार सुबह पांच बजे से ही एनडीआरएफ की टीम कोसी नदी में रेस्क्यू अभियान चलाएगी। उन्होंने बताया कि मृतकों के परिजनों को आपदा विभाग की ओर से मुआवजा की राशि मुहैया कराई जाएगी। सोनपुर थाना क्षेत्र स्थित बैजलपुर केशो गांव में बुधवार को एक ही परिवार के चार लोग गंडक नदी में डूब गए जिसमें दो महिलाओं के शव बरामद कर लिए गए हैं। दोनों आपस में ननद और भौजाई बताए जा रही हैं। वहीं, एक लड़का और एक लड़की लापता है। एक महिला और दोनों बच्चे नालंदा जिले के रहने वाले थे और शादी समारोह में शामिल होने सोनपुर आए थे। वहीं, एक महिला सोनपुर की रहने वाली थी। एसडीआरएफ की टीम लापता बच्चों की तलाश कर रही है। जिन दो महिलाओं के शव बरामद किए गए हैं उनमें एक की पहचान 45 वर्षीय बबीता देवी के रूप में हुई है। वह सोनपुर थाना क्षेत्र के बैजलपुर निवसी जनार्दन सिंह की पत्नी थी जबकि दूसरी मृतका की पहचान 35 वर्षीय गुड़िया देवी के रूप में हुई है। वह नूरसराय थाना क्षेत्र के बरुई पर बगहार जिला नालंदा निवासी रवि सिंह की पत्नी थी।

## मां-बेटी की गला दबाकर हत्या

**बिहारशरीफ(नबिटा ब्यूरो)।** नालंदा जिले के खुदागंज सहायक थाना के जेठऊना गांव में मंगलवार की देर रात मां-बेटी की गला दबाकर हत्या कर दी गई। कमरे से मां-बेटी का शव मिला है। दोनों के गले पर निशान मिलने से यह स्पष्ट है कि गला दबाकर हत्या की गई है। पुलिस ने इस जघन्य हत्याकांड में पति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मृतकों की पहचान संजय कुमार की पत्नी सनीसा देवी और उनकी पुत्री स्नेहा कुमारी के रूप में की गई है। स्नेहा कुमारी ने इसी वर्ष मैट्रिक परीक्षा में प्रथम श्रेणी से सफलता हासिल की थी। गया जिले के बेलागंज निवासी मृतका की बहन सोनी देवी को गोतिया के लोगों ने फोन पर घटना की सूचना दी। जब परिजन मौके पर पहुंचे तो कमरे के अंदर मां-बेटी का शव पड़ा हुआ था। घटना की सूचना पाकर पहुंची हिलसा अनुमंडलीय पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### श्रवण कुमार के जदयू विधायक दल का नेता चुने जाने पर डॉ. निर्मल कुशवाहा ने दी बधाई

## लोगों की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे श्रवण कुमार : डॉ. निर्मल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद/पटना।** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री श्रवण कुमार के विधानसभा में जनता दल यूनाइटेड विधायक दल का नेता चुने जाने पर वरिष्ठ जदयू नेता डॉ. निर्मल कुशवाहा ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। डॉ. निर्मल कुशवाहा ने अपने संदेश में कहा कि श्रवण कुमार एक अनुभवी, कर्मठ और जनसरोकारों से जुड़े नेता हैं, जिनके नेतृत्व में विधायक दल नई ऊर्ज़ा और दिशा के साथ कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि श्रवण कुमार का राजनीतिक अनुभव और संगठनात्मक क्षमता पार्टी को और मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में जनता दल यूनाइटेड विधायक दल विधानसभा में जनता के मुद्दों को मजबूती से उठाएगा और राज्य के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण



श्रवण कुमार



डॉ. निर्मल कुशवाहा

विषयों पर सकारात्मक पहल करेगा। डॉ. कुशवाहा ने कहा कि यह निर्णय पार्टी नेतृत्व की दूरदर्शिता को दर्शाता है और इससे कार्यकर्ताओं में नया उत्साह उत्पन्न हुआ है। औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र के पूर्व प्रभारी रहे डॉ. निर्मल कुशवाहा ने कहा कि श्रवण कुमार के नेतृत्व में बिहार में सुशासन, विकास और सामाजिक न्याय की दिशा में और गति मिलेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि विधायक दल राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य करेगा और आम जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरेगा। उन्होंने अंत में कहा कि श्रवण कुमार को मिली यह जिम्मेदारी उनके प्रति पार्टी के विश्वास का प्रतीक है और वे इस दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन करेंगे।

## रिश्वत लेते लिपिक समेत दो गिरफ्तार

**मधुबनी(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में निगरानी की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। जिले के बेनीपट्टी अंचल कार्यालय में निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, पटना की टीम ने लिपिक साकेत कुमार और एक बिचौलिया को 10 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार परजुआर पंचायत के दहिला गांव निवासी रवींद्र यादव से जमीन अतिक्रमण खाली करवाने के एवज में 30 हजार रुपए की मांग की गई थी। बाद में 15 हजार रुपए पर सौदा तय हुआ। इसके बाद बुधवार दोपहर करीब 12 बजे आवेदक ने अग्रिम के रूप में 10 हजार रुपए दिए तभी पहले से जाल बिछाए निगरानी टीम ने दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है। जानकारी के मुताबिक गिरफ्तार किए गए लिपिक और बिचौलिए से पूछताछ की जा रही है। संभावना जताई जा रही है कि पूछताछ में और भी कुछ खुलासे हो सकते हैं।

## जदयू राष्ट्रीय पदाधिकारियों की सूची जारी, कई नेताओं को मिली अहम जिम्मेदारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पूर्व मुख्यमंत्री सह जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने बुधवार को पार्टी की नई टीम का एलान किया है। जनता दल यूनाईटेड की ओर से राष्ट्रीय पदाधिकारियों की नई सूची जारी कर दी गई है। पार्टी अध्यक्ष नीतीश कुमार द्वारा घोषित इस सूची में कई नेताओं को अहम जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। जदयू की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार नीतीश कुमार को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया है जबकि संजय कुमार झा को कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। चंद्रेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी को उपाध्यक्ष और आलोक कुमार सुमन को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। चौंकाने वाली बात यह है कि निशांत कुमार को इस सूची में जगह नहीं मिली है। पार्टी ने संगठन को मजबूत करने के लिए बड़ी संख्या में महासचिव भी नियुक्त किए हैं। इनमें मनीष कुमार वर्मा, आफाक अहमद खान, श्याम रजक, अशोक चौधरी, रमेश सिंह कुशवाहा, राम सेवक सिंह, कहकशां परवीन, कपिल हरिश्चंद्र पाटिल, राज सिंह मान, सुनील कुमार (इंजीनियर सुनील), हर्षवर्धन सिंह और मौलाना गुलाम रसूल बलियावी शामिल हैं। वहीं जदयू के वरिष्ठ नेता राजीव रंजन प्रसाद को सचिव सह प्रवक्ता बनाया गया है। इसी प्रकार रवींद्र प्रसाद सिंह, विद्या सागर निषाद, दयानंद राय, संजय कुमार, मोहम्मद निसार, रूही तागुंग और निवेदिता कुमारी को सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी की ओर से कहा गया है कि नई टीम संगठन को और मजबूत करने के साथ-साथ आगामी राजनीतिक चुनौतियों के लिए तैयार करेगी।

## तय समय के अंदर ही पूरा होगा सड़कों और पुलों का निर्माण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के ग्रामीण इलाकों में कई सड़कों और पुलों के निर्माण किए जा रहे हैं। इन परियोजनाओं के निर्धारित समय-सीमा के अंदर पूरा करने को लेकर ग्रामीण कार्य विभाग गंभीर है। इस दिशा में विभाग के मुख्य अभियंता निर्मल कुमार के निर्देश पर राजधानी पटना के विश्वेश्वरैया भवन में प्रमंडलवार समीक्षा बैठकों का दौर जारी है। जानकारी के मुताबिक इन बैठकों का मुख्य उद्देश्य अधूरी योजनाओं की एमआईएस पर अपडेटेड स्थिति की विस्तार से जांच करना और जमीनी स्तर पर आ रही समस्याओं का जल्द निवारण कर निर्माण कार्य में तेजी लाना है। 20 अप्रैल को मुजफ्फरपुर, मोतिहारी और छपरा प्रमंडल के कार्यों की समीक्षा की गई थी। इन प्रमंडलों की योजनाओं में आ रही जमीनी बाधाओं का जल्द निवारण कर निर्माण कार्य को तेज करने के आवश्यक निर्देश दिए गए हैं जबकि 21 अप्रैल से सीवान, मुंगेर और भागलपुर प्रमंडल की परियोजनाओं की विस्तार से समीक्षा की जा रही है। इसके अलावा आगामी 27 अप्रैल को गया और औरंगाबाद प्रमंडल और 28 अप्रैल को बेतिया और बेगूसराय प्रमंडल के कार्यों की गहन समीक्षा की जाएगी। जानकारी के मुताबिक सभी संबंधित सहायक अभियंता को पटना के विभागीय मुख्यालय में आयोजित बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है। साथ ही उन्हें प्रशासनिक स्वीकृति, टेंडर निकालने, कार्य आवंटन आदेश, लेटर ऑफ एक्सेप्टेंस, अग्रीमेंट, योजनावार एमआईएस प्रगति प्रतिवेदन, जमीन विवाद की स्थिति से संबंधित स्ट्रिप चार्ट सहित टोटल आठ जरूरी डॉक्यूमेंट साथ लाने का निर्देश दिया गया है। साथ ही सभी जूनियर इंजीनियर्स और टेक्निकल सुपरवाइजर को अपने-अपने कार्यस्थलों से ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस बैठक में अनिवार्य रूप से जुड़ने का निर्देश दिया गया है। ग्रामीण कार्य विभाग तय समय में योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

## विष्णुपद मंदिर कॉरिडोर परियोजना के काम में लाएं तेजी : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को मुख्य सचिवालय स्थित अधिवेशन कक्ष में विष्णुपद मंदिर कॉरिडोर परियोजना को लेकर समीक्षा बैठक हुयी। बैठक में मुख्यमंत्री को अधिकारियों ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विष्णुपद मंदिर कॉरिडोर परियोजना के तहत गयाजी स्थित विष्णुपद मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों को विकसित करने की योजना की विस्तृत जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस परियोजना के तहत विष्णुपद मंदिर क्षेत्र में कुल 694 स्ट्रक्चर विकसित किये जायेंगे। इनमें कमर्शियल शॉप, वाहन पार्किंग, श्रद्धालुओं एवं पिंडदानियों के लिये शेड, फल्गु नदी घाट का विकास एवं सौंदर्यीकरण, विष्णुपद मंदिर से मानपुर तक नदी घाट का विकास, सीता कुंड क्षेत्र का विकास आदि शामिल है। यह परियोजना करीब 2390 करोड़ रूपये की है। यहां तीन स्थानों पर वाहन पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी, जहां कुल 750 चार पहिया वाहन के अलावा 20 बसों की पार्किंग भी की जा सकेगी। विष्णुपद मंदिर और सीता कुंड के मध्य फल्गु नदी में भगवान विष्णु की 108 फीट ऊँची मिस्रधातू की प्रतिमा स्थापित की जायेगी। प्रतिमा तक पहुंचने के लिये पेडेस्ट्रियन पथ का निर्माण कराया जायेगा जहां श्रद्धालु आसानी से जा सकेंगे। यहां 24 शेड का निर्माण कराने की योजना है। एक शेड में 20 लोगों के बैठने की व्यवस्था रहेगी। मुख्यमंत्री के समक्ष वॉक थ्रू के जरिये विष्णुपद मंदिर कॉरिडोर परियोजना के तहत पूर्ण कराये जाने वाले कार्य के पश्चात् विकसित क्षेत्र एवं निर्मित स्ट्रक्चर के मॉडल को प्रस्तुत किया गया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि विष्णुपद मंदिर परिसर, फल्गु नदी के तटीय क्षेत्र एवं आसपास के इलाकों को इस प्रकार से विकसित करें कि मुख्य मंदिर तक पहुंचने में श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में देश-विदेश से पिंडदान करने वाले लोग तथा श्रद्धालु भी काफी संख्या में यहां पहुंचते हैं, जिसे ध्यान में रखते हुये विष्णुपद मंदिर कॉरिडोर परियोजना का कार्य सुनिश्चित करायें। विष्णुपद मंदिर और सीता कुंड के मध्य निर्मित होने वाले पेडेस्ट्रियन पथ की चौड़ाई कम से कम 20 फीट हो ताकि लोगों को आवागमन में कोई कठिनाई न हो। पर्याप्त वाहनों के पार्किंग की उपलब्धता सुनिश्चित हो, इसका विशेष रूप से ख्याल रखें। यहां आने वाले श्रद्धालु एवं पिंडदानियों की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये कार्य सुनिश्चित करायें। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, उप मुख्यमंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम के प्रबंध निदेशक नंदकिशोर सहित पर्यटन विभाग के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव दिवस पर विशेष

# वीर कुंवर सिंह ने आम जनमानस के बल पर ब्रिटिश हुकूमत को दी थी कड़ी चुनौती

अखिलेश कुमार

**पटना/आरा।** प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 के महान सेनानायक वीर कुंवर सिंह के विजयोत्सव दिवस पर उनके अदम्य साहस, युद्ध कौशल और राष्ट्रभक्ति को याद किया जा रहा है। 80 वर्ष की आयु में उन्होंने जिस पराक्रम के साथ ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ संघर्ष किया, वह विश्व इतिहास में विरल उदाहरण माना जाता है। इतिहासकारों के अनुसार, उस समय के कई राजा और जमींदारों ने उनका साथ नहीं दिया, बावजूद इसके वीर कुंवर सिंह ने आम जनमानस को संगठित कर अंग्रेजी शासन के खिलाफ व्यापक आंदोलन खड़ा किया। शाहाबाद की धरती जगदीशपुर से शुरू हुआ यह विद्रोह मगध, छोटानागपुर, रीवां, बांदा, कानपुर, लखनऊ, अयोध्या, आजमगढ़ और बलिया तक फैल गया। आरा और आजमगढ़ सहित कई स्थानों पर उन्होंने ब्रिटिश सत्ता को चुनौती देते हुए विजय पताका फहराई। वीर कुंवर सिंह को जनसमर्थन व्यापक रूप से मिला। उस समय की प्रसिद्ध नृत्यांगना धरमन बाई ने अपनी संपत्ति उनके संघर्ष के लिए समर्पित कर दी। उनके साथ निशान सिंह, हरकिशन, रघुवीर, दिलावर खान, छोटू रजवार, सरनाम सिंह जैसे अनेक योद्धा जुड़े, जिन्होंने अपने प्राण न्योछावर कर दिए। झारखंड के छोटानागपुर क्षेत्र से खरवार समुदाय के वीर नीलांबर-पीतांबर भी उनके साथ संघर्ष में शामिल हुए। हालांकि चतरा के समीप मेजर इंग्लिश के नेतृत्व में ब्रिटिश सेना के हमले में विद्रोही दल को भारी क्षति उठानी पड़ी। 27 जुलाई 1857 को आरा कलेक्ट्रेट पर कब्जा करने के बाद भी उनका संघर्ष लगातार जारी रहा। कैमूर की पहाड़ियों से होते हुए वे रॉबर्ट्सगंज, रीवां और बांदा तक अंग्रेजों के खिलाफ अभियान चलाते रहे। इसी दौरान कालवी के पास संघर्ष में उनके एकमात्र पौत्र वीरभजन सिंह वीरगति को प्राप्त हुए, लेकिन इस व्यक्तिगत क्षति के बावजूद उन्होंने अपने अभियान को जारी रखा। 26 मार्च 1858 को आजमगढ़ पर कब्जा करने के बाद वे 12 अप्रैल तक वहां रहे और 13 अप्रैल को जगदीशपुर के लिए रवाना हुए। रास्ते में अंग्रेजी सेना और उनके समर्थकों की घेराबंदी के बावजूद वे आगे बढ़ते रहे। 23 अप्रैल 1858 को वे एक हजार पैदल सैनिकों और सैकड़ों घुड़सवारों के साथ जगदीशपुर पहुंचे जहां जनता के उत्साह के बीच क्षेत्र को स्वतंत्र कराया गया। 21 अप्रैल 1858 को शिवपुर घाट पर गंगा पार करते समय अंग्रेजों के तोप हमले में उनका बायां हाथ गंभीर रूप से घायल हो गया। किंवदंती के अनुसार उन्होंने स्वयं अपना क्षतिग्रस्त हाथ काटकर गंगा को अर्पित कर दिया। पहले से घायल शरीर के बावजूद वे युद्ध करते रहे, लेकिन तीन दिन बाद 26 अप्रैल 1858 को उनका निधन हो गया। वीर कुंवर सिंह की स्मृति में हर वर्ष 23 अप्रैल को विजयोत्सव दिवस मनाया जाता है। बिहार सरकार द्वारा इस दिन अवकाश घोषित किया गया है और जगदीशपुर में भव्य राजकीय समारोह आयोजित होता है। प्रसिद्ध ब्रिटिश इतिहासकार होम्स ने उनके बारे में लिखा था कि अंग्रेजों के लिए यह सौभाग्य की बात थी कि युद्ध के समय वीर कुंवर सिंह 80 वर्ष के थे, अन्यथा यदि वे युवा होते तो अंग्रेजों को 1857 में ही भारत छोड़ना पड़ता।

# विधान सभा सत्र के सफल संचालन को लेकर नेताओं-शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** 24 अप्रैल 2026 को प्रस्तावित अष्टादश बिहार विधान सभा के द्वितीय सत्र के आगामी उपवेशन के सफल संचालन को लेकर बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में अपराह्न 5:00 बजे दलीय नेताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि इस एकदिवसीय सत्र के सफल और शांतिपूर्ण संचालन के उद्देश्य से यह महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई है। उन्होंने सभी पक्षों से सहयोग की अपेक्षा जताई। इस दौरान पक्ष एवं विपक्ष के सभी नेताओं ने सदन के संचालन में सकारात्मक सहयोग देने पर सहमति व्यक्त की। बैठक में उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी एवं बिजेन्द्र प्रसाद यादव, उपाध्यक्ष नरेन्द्र नारायण यादव, सदस्य विजय कुमार सिन्हा, विनोद नारायण झा, आलोक कुमार मेहता, मनोहर प्रसाद सिंह, माधव आनंद, राजू तिवारी, इन्द्रजीत प्रसाद गुप्ता, सतीश कुमार सिंह यादव, कुमार सर्वजीत एवं प्रफुल्ल मांझी उपस्थित रहे। इसके अलावा बिहार विधान सभा की प्रभारी सचिव पूनम सिन्हा सहित सभा सचिवालय के वरीय पदाधिकारी भी बैठक में मौजूद रहे।

## विश्व पृथ्वी दिवस पर डॉ. प्रेम कुमार का संदेश, पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता पर जोर


नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस दिवस का मुख्य उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के संरक्षण के लिए प्रेरित करना है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि यह दिन जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और सतत जीवन शैली (सस्टेनेबल लिविंग) जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर केंद्रित है। उन्होंने बताया कि पृथ्वी दिवस 2026 की थीम "हमारी शक्ति, हमारा ग्रह" (आवर पावर, आवर प्लैनेट) है जो पर्यावरण संरक्षण और सुरक्षा के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि पृथ्वी दिवस युवाओं को पर्यावरण विज्ञान, वैज्ञानिक जिज्ञासा और पृथ्वी की जैव विविधता से जुड़े ज्ञान के प्रति जागरूक होने का महत्वपूर्ण संदेश देता है। साथ ही उन्होंने लोगों से अपील की कि वे प्रकृति के संरक्षण के लिए छोटे-छोटे प्रयासों को अपने दैनिक जीवन में शामिल करें, जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित किया जा सके।

## बिहार विधान सभा में प्रेस सलाहकार समिति की बैठक, 'विधान प्रबोधनी' विशेषांक का विमोचन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार की अध्यक्षता में प्रेस सलाहकार समिति की बैठक शुक्रवार को अपराह्न 3:00 बजे आयोजित हुई। बैठक में अष्टादश बिहार विधान सभा के द्वितीय सत्र के आगामी उपवेशन के संचालनात्मक कवरेज को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। साथ ही अध्यक्ष ने बजट सत्र से पूर्व आयोजित समिति की बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी भी सदस्यों को दी। इसी दौरान डॉ. प्रेम कुमार ने बिहार विधान सभा की मासिक पत्रिका 'विधान प्रबोधनी' के विशेषांक का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि यह पत्रिका विधायिका से जुड़े विभिन्न पहलुओं और संसदीय प्रणाली के महत्वपूर्ण आयामों को समेटे हुए है तथा संसदीय कार्यों में रुचि रखने वाले



पाठकों के लिए ज्ञानवर्धक सिद्ध होगी। इस विशेषांक में 18वीं बिहार विधान सभा का गठन, बिहार विधान सभा स्थापना दिवस 2026, लखनऊ में आयोजित 86वां अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन, बजट सत्र-2026, नई दिल्ली में आयोजित 28वां राष्ट्रमंडल के अध्यक्षों एवं पीठासीन अधिकारियों का सम्मेलन, विधायकों के आलेख, ह्लसंघर्ष से शीर्ष नेतृत्व तक 'नितिन नवीन', संसदीय कार्यवाही में सदस्यों की भागीदारी, भारतीय संदर्भ में संसदीय गतिविधियां, जिला विशेष के रूप में गयाजी तथा दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि से जुड़े लेख शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह अंक नए कलेवर में प्रस्तुत किया गया है जो सराहनीय है और संपादकमंडल को समयबद्ध प्रकाशन के लिए बधाई दी। बैठक में उपाध्यक्ष नरेंद्र नारायण यादव, प्रेस सलाहकार समिति के सदस्य एवं विशेष आमंत्रित सदस्य, प्रभारी सचिव पूनम सिन्हा, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक अनिल कुमार सहित पत्रिका प्रकाशन से जुड़े वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**उच्चस्तरीय बैठक में सत्र की तैयारियों की समीक्षा**

इसके बाद अपराह्न 4:00 बजे विधान सभा के वाचनालय में डॉ. प्रेम कुमार की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित हुई जिसमें 24 अप्रैल 2026 को प्रस्तावित सत्र के दौरान सुरक्षा, यातायात, चिकित्सा, सफाई, पार्किंग सहित अन्य व्यवस्थाओं को सुचारू बनाने पर चर्चा की गई। डॉ. प्रेम कुमार और उपाध्यक्ष नरेंद्र नारायण यादव ने बजट सत्र के सफल संचालन के लिए सभी विभागों और पदाधिकारियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि आगामी सत्र में सभी व्यवस्थाएं बेहतर ढंग से सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा विधान सभा और परिषद में स्थापित सीसीटीवी कैमरों, सुरक्षा, यातायात, चिकित्सा, सफाई और पार्किंग व्यवस्था को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। उप मुख्यमंत्री सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि इस सत्र में नवगठित सरकार द्वारा प्रस्तुत विश्वास मत प्रस्ताव पर चर्चा और मतदान होगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सदन के सुचारू संचालन में सरकार पूरा सहयोग करेगी। बैठक में विजय कुमार चौधरी, नरेंद्र नारायण यादव, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक (विशेष) कुंदन कृष्णन, पटना के जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस एम, वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के शर्मा, नगर आयुक्त यशपाल मीणा, सिविल सर्जन, प्रभारी सचिव पूनम सिन्हा, प्रभारी सचिव शंकर कुमार सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## जदयू ने राष्ट्रीय पदाधिकारियों की नई सूची जारी की

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** जनता दल (यूनाइटेड) ने अपने राष्ट्रीय पदाधिकारियों की नई सूची जारी कर दी है। पार्टी अध्यक्ष नीतीश कुमार द्वारा गठित इस नई टीम में संगठन को मजबूती देने के उद्देश्य से विभिन्न पदों पर नेताओं की जिम्मेदारी तय की गई है। जारी सूची के अनुसार संजय कुमार झा को सांसद रहते हुए कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी को उपाध्यक्ष तथा डॉ. आलोक कुमार सुमन को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। पार्टी ने 12 महासचिव भी नियुक्त किए हैं। इनमें मनीष कुमार वर्मा, आफाक अहमद खान (सदस्य बिहार विधान परिषद), श्याम रजक, अशोक चौधरी, रमेश सिंह कुशवाह (पूर्व सदस्य बिहार विधान सभा), राम सेवक सिंह (सदस्य बिहार विधान सभा), कहकशां परवीन (पूर्व सांसद), कपिल हरिश्चंद्र पाटिल, राज सिंह मान, सुनील कुमार उर्फ इंजीनियर सुनील, हर्षवर्धन सिंह और मौलाना गुलाम रसूल बलियावी शामिल हैं। इसके अलावा सचिव पद पर आठ नेताओं को मनोनीत किया गया है। इनमें राजीव रंजन प्रसाद (प्रवक्ता/सचिव), रविंद्र प्रसाद सिंह (सदस्य बिहार विधान परिषद), विद्या सागर निषाद, दयानंद राय, संजय कुमार, मोहम्मद निसार, रूही तागुंग तथा निवेदिता कुमारी (कटिहार) शामिल हैं। इस संबंध में जानकारी आफाक अहमद खान ने दी। उन्होंने बताया कि नई टीम संगठन को और सशक्त बनाने तथा पार्टी की नीतियों को प्रभावी ढंग से लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## बिहार कौशल विकास मिशन में भारी अव्यवस्था, छात्रों और केंद्र संचालकों में आक्रोश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर/पटना।** बिहार सरकार के बिहार कौशल विकास मिशन के अंतर्गत संचालित कुशल युवा कार्यक्रम (के.वाई.पी.) इन दिनों गहरे संकट से गुजर रहा है। के.वाई.पी. वेलफ़ेयर सोसाइटी ने विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर आरोप लगाते हुए इसे युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ बताया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मार्च 2026 में नामांकन ले चुके हजारों प्रशिक्षणार्थियों का एडमिशन अब तक लंबित है। डीआरसीसी द्वारा वेरिफिकेशन किए जाने के बावजूद उन्हें अंतिम स्वीकृति (अप्रूवल) नहीं मिल सका है। बताया जा रहा है कि डीआरसीसी में आवेदन के लिए वेरिफिकेशन से पहले आवश्यक पीडीएफ फॉर्म 2 अप्रैल से ही डाउनलोड नहीं हो पा



रहा है जिसके कारण वेरिफिकेशन की प्रक्रिया भी ठप पड़ गई है। इस तकनीकी समस्या के कारण हजारों छात्रों का नामांकन अधर में लटक गया है। स्थिति तब और गंभीर हो गई जब अप्रैल बैच के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी गई, लेकिन अचानक उसे भी रोक दिया गया। इसके साथ ही प्रशिक्षण केंद्रों का रिनिवल भी बंद कर दिया गया है जिससे पूरे सिस्टम में अनिश्चितता का माहौल बन गया है। इधर, दिसंबर बैच के छात्रों की पढ़ाई भी बीच में ही ठप हो गई है जिससे हजारों युवाओं का भविष्य अधर में लटक गया है। न तो नए बैच में नामांकन हो पा रहा है, न ही पुराने बैच की पढ़ाई सुचारू रूप से चल पा रही है। सबसे गंभीर पहलू यह है कि पिछले छह महीनों से प्रशिक्षण केंद्रों का भुगतान भी लंबित है। केंद्र संचालकों का कहना है कि आर्थिक संकट के कारण स्टाफ वेतन, बिजली बिल और अन्य खर्चों का वहन करना मुश्किल हो गया है। कई संचालकों के सामने जीवन-यापन का संकट खड़ा हो गया है। इस पूरे मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए के.वाई.पी. वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. आनंद रंजन सिंह ने कहा कि विभाग की लापरवाही के कारण हालात अत्यंत गंभीर हो चुके हैं।

## पावरग्रिड, पटना ने पाटलिपुत्र जंक्शन पर दिए चार ह्वील चेयर



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, पूर्वी क्षेत्र 1 मुख्यालय द्वारा पाटलीपुत्र जंक्शन पर दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिक यात्रियों की सुविधा के लिए चार (4) ह्वील चेयर प्रदान की गईं। यह पहल यात्रियों को सहज, सुरक्षित एवं सम्मानजनक यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पावरग्रिड, जो देश में विद्युत पारेषण के क्षेत्र में अग्रणी सार्वजनिक उपक्रम है, अपने मुख्य व्यवसाय के साथ-साथ सामाजिक मूल्यों एवं सामाजिक सरोकारों के प्रति भी पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। उपलब्ध कराई गई ह्वील चेयर से पाटलीपुत्र जंक्शन से प्रतिदिन यात्रा करने वाले हजारों दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक यात्रियों को लाभ मिलेगा जिससे प्लेटफॉर्म पर आवाजाही एवं ट्रेन में चढ़ने उतरने में सुविधा प्राप्त होगी। पावरग्रिड की यह पहल समाज के कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनशीलता एवं समावेशी विकास के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस अवसर पर पावरग्रिड के वरीय महाप्रबन्धक (मानव संसाधन) रजत प्रसाद, पाटलिपुत्र जंक्शन के स्टेशन प्रबंधक मिथलेश शरण एवं पावरग्रिड एवं भारतीय रेल के वरीय अधिकारी मौजूद थे।

## युवा उद्यमी एवं सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. पुलकित गर्ग सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में युवा उद्यमी एवं सामाजिक कार्यकर्ता इंजीनियर डॉ. पुलकित गर्ग ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम के हाथों कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर कांग्रेस परिवार में शामिल हुए सभी लोगों का स्वागत करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि डॉ. पुलकित गर्ग जैसे ऊर्जावान और सामाजिक रूप से सक्रिय युवाओं के जुड़ने से कांग्रेस संगठन को नई मजबूती और नई दिशा मिलेगी। डॉ. पुलकित गर्ग के साथ जिन प्रमुख लोगों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की, उनमें युवा उद्यमी इंजीनियर इजराइल अंसारी, इंजीनियर राजेश कुमार,



इंजीनियर पवन सिन्हा तथा राजद नेता राजकुमार प्रसाद सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता और युवा शामिल थे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि आज देश और राज्य की राजनीति में युवाओं की भागीदारी बेहद जरूरी है। कांग्रेस पार्टी हमेशा से युवाओं, उद्यमियों और समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने वाली पार्टी रही है। उन्होंने कहा कि डॉ. पुलकित गर्ग और उनके साथ जुड़े साथियों के कांग्रेस परिवार में आने से संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक ताकत मिलेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा सामाजिक न्याय, समावेशी विकास और लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित है। बड़ी संख्या में युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं का पार्टी से जुड़ना इस बात का संकेत है कि लोग कांग्रेस की नीतियों और नेतृत्व पर भरोसा जता रहे हैं। इस अवसर पर पार्टी में शामिल पुलकित गर्ग ने कहा कि देश अब लफ्फाजियों से ऊब गया है। हमारे पूर्वजों ने जो कुर्बानियां दी है आज उन कुर्बानियों को कलंकित किया जा रहा है। इसलिए ये जरूरी है कि आजादी और संविधान की रक्षा के लिए आगे आया जाए।

## बी.डी. कॉलेज में पृथ्वी दिवस पर सेमिनार, सतत जीवनशैली और इकोसिस्टम संरक्षण पर जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय से संबद्ध बी.डी. कॉलेज, पटना के जंतु विज्ञान विभाग द्वारा पृथ्वी दिवस के अवसर पर 'सस्टेनेबिलिटी एंड इकोसिस्टम प्रोटेक्शन' विषय पर एक दिवसीय विशेष सेमिनार और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रो. नूपुर बोस, विशिष्ट अतिथि डॉ. गोपाल शर्मा, प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत, विभागाध्यक्ष डॉ. कविता परमार, शिक्षिका गीतांजलि और रौशनी परवीन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. गोपाल शर्मा ने आर्द्रभूमि संरक्षण पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि बिहार में 4500 से अधिक आर्द्रभूमियां हैं, जिन्हें 'धरती की किडनी'



कहा जाता है। उन्होंने कहा कि इनका संरक्षण केवल सरकार नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। आर्द्रभूमियां जैव विविधता का आधार होने के साथ जलवायु संतुलन बनाए रखने और स्थानीय समुदायों की आजीविका का महत्वपूर्ण स्रोत हैं। इनके नष्ट होने से पर्यावरणीय संकट के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी प्रभावित होगी। उन्होंने कानून, विज्ञान और समुदाय के समन्वय से संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्य वक्ता प्रो. नूपुर बोस ने कहा कि इकोसिस्टम संरक्षण के लिए केवल सैद्धांतिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि व्यवहारिक जीवनशैली में बदलाव जरूरी है। उन्होंने 'ग्रीन लाइफस्टाइल' अपनाने की जरूरत बताते हुए जल संरक्षण, ऊर्जा के विवेकपूर्ण उपयोग और रासायनिक पदार्थों के सीमित प्रयोग पर जोर दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि भूगर्भ जल के अत्यधिक दोहन और रासायनिक प्रदूषण के कारण पीने के पानी में आर्सेनिक और भारी धातुओं की मात्रा बढ़ रही है जिससे कैंसर और किडनी फेलियर जैसी गंभीर बीमारियां हो रही हैं। उन्होंने वर्षा जल संचयन और स्थानीय संसाधनों के बेहतर प्रबंधन को बढ़ावा देने की अपील की। प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने स्वागत संबोधन में कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान देना नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना भी है। उन्होंने हड़प्पा कालीन सभ्यता का उदाहरण देते हुए कहा कि उस समय जल प्रबंधन और पर्यावरण संतुलन का उत्कृष्ट मॉडल था जिससे आज भी प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। विभागाध्यक्ष डॉ. कविता परमार ने कहा कि सेमिनार का उद्देश्य केवल समस्याओं पर चर्चा नहीं, बल्कि समाधान की दिशा में पहल करना है। छोटे-छोटे नवाचार पर्यावरण संरक्षण में बड़ा योगदान दे सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में इतिहास विभाग की प्रिया कुमारी ने प्रथम स्थान, आदित्य आनंद ने द्वितीय स्थान तथा जंतु विज्ञान विभाग की अंजलि आर्या, प्रिंस कुमार और सुगम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन गीतांजलि ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन रौशनी परवीन ने प्रस्तुत किया।

## मुजफ्फरपुर में लगेगी विशाल टेक्सटाइल इकाई, 1500 लोगों को मिलेगा रोजगार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में औद्योगिक विकास लगातार गति पकड़ रहा है और राज्य विभिन्न क्षेत्रों में निवेश आकर्षित करते हुए एक उभरते औद्योगिक केंद्र के रूप में स्थापित हो रहा है। इसी क्रम में उद्योग विभाग के अंतर्गत बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार की परियोजना स्वीकृति समिति की बैठक में लिए गए निर्णय महत्वपूर्ण साबित हो रहे हैं। इसी कड़ी में मेसर्स एसएपीएल इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड को मुजफ्फरपुर जिले के आइ ए मुजफ्फरपुर में औद्योगिक इकाई स्थापित करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। प्रस्तावित इकाई लगभग 1.38 एकड़ क्षेत्रफल में स्थापित की जाएगी जहां रेडीमेड



गारमेंट्स का उत्पादन होगा। इस परियोजना में लगभग 30 करोड़ का निवेश प्रस्तावित है। यह परियोजना न केवल औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देगी, बल्कि लगभग 1500 प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित कर क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करेगी। उद्योग विभाग के सचिव सह बियाडा एवं आयडा के प्रबंध निदेशक कुंदन कुमार ने कहा कि मुजफ्फरपुर में प्रस्तावित यह परियोजना बिहार के औद्योगिक विकास को नई गति देगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने और निवेशकों को तेज एवं सहज सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। ऐसे प्रयास बिहार को एक मजबूत औद्योगिक केंद्र के रूप में स्थापित करने में सहायक होंगे। बिहार सरकार संतुलित एवं समग्र औद्योगिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है। निवेशकों को आधुनिक अवसंरचना, सरल प्रक्रियाएं, बेहतर कनेक्टिविटी एवं नीतिगत सहयोग उपलब्ध कराकर एक अनुकूल निवेश वातावरण सुनिश्चित किया जा रहा है, ताकि परियोजनाओं का त्वरित और प्रभावी क्रियान्वयन हो सके।

## संस्कृतमय हुई संस्कृत विदुषी शांति देवी की पुण्यतिथि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** सर्वत्र संस्कृतम संकल्प के साथ आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के अन्तर्गत मनायी गयी संस्कृत शिक्षिका शांति देवी की पुण्यतिथि संस्कृतमय हो गयी। अपने अध्यक्षीय भाषण में आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना के महासचिव डॉ मुकेश कुमार ओझा ने कहा कि शांति देवी की स्मृति



आयोजन से संस्कृत और हिन्दी के संवर्धन को बल मिला। उन्होंने कहा कि एक मां के रुप में उनसे प्रेरित होकर ही आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान चलाया जा रहा है।

## पूर्व मध्य रेल मुख्यालय में राजभाषा हिंदी को लेकर बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल, मुख्यालय/हाजीपुर द्वारा क्षेत्रीय रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 86वीं बैठक महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्री सिंह ने कहा कि पूर्व मध्य रेल 'क' क्षेत्र में स्थित होने के कारण यहां अधिकांश कार्य हिंदी में ही होता है फिर भी



राजभाषा से संबंधित अनुदेशों का अनुपालन दृढ़तापूर्वक किए जाने की आवश्यकता है। यदि अधिकारीगण छोटे-छोटे आदेश/टिप्पणी हिंदी में लिखें तो हिंदी के प्रयोग-प्रसार की दिशा में एक सकारात्मक माहौल बनेगा और इससे अधीनस्थ कर्मचारी भी हिंदी में कार्य करने के लिए प्रेरित होंगे। हिंदी की व्यापकता और सार्थकता सभी स्वीकारते हैं। अब समय आ गया है कि हम अपना दैनिक कामकाज हिंदी में करें। सरल और सहज शब्दों का प्रयोग करें, क्योंकि भाषा प्राथमिक रूप से अभिव्यक्ति और संवाद का माध्यम है। एक टीम के रूप में कार्य करते हुए हम यह सुनिश्चित करें कि धारा 3 (3) समेत राजभाषा के सभी मानक निर्देशों का अनुपालन कड़ाई से किया जाए तभी बैठक की सार्थकता सिद्ध होगी।

## डर और भय के खिलाफ वोटिंग करेगी बंगाल की जनता : मंगल पांडेय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भाजपा के वरिष्ठ नेता व पश्चिम बंगाल भाजपा प्रभारी मंगल पांडेय ने पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर दावा किया है कि यहां का सियासी माहौल लगातार भाजपा के पक्ष में बनता जा रहा है। पीएम मोदी के भरोसे पर जनता का विश्वसा अडिग है। पश्चिम बंगाल की जनता ने मन बना लिया है कि पहले चरण की वोटिंग में भाजपा को अपना भरपूर समर्थन और प्यार देगी। यहां की जनता ममता सरकार के कुशासन के खिलाफ एकजुट है और अब बदलाव के मूड में हैं। श्री पांडेय ने कहा कि जैसे-जैसे मतदान का दिन करीब आ रहा है। यह विश्वास और मजबूत होता जा रहा है कि बंगाल में बदलाव होगा।

# महिला आरक्षण बिल को लेकर सासाराम में रालोमो ने निकाला धिक्कार मार्च

## जिलाध्यक्ष कपिल कुशवाहा ने महागठबंधन पर साधा निशाना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** महिला आरक्षण बिल को सदन में पास नहीं होने देने के विरोध में बुधवार को सासाराम में राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) के कार्यकर्ताओं द्वारा धिक्कार मार्च निकाला गया। इस मार्च का नेतृत्व रालोमो के जिला अध्यक्ष कपिल कुशवाहा और दिनारा विधायक आलोक सिंह ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, महिला कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए। धिक्कार मार्च शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए विभिन्न चौक-चौराहों तक पहुंचा जहां कार्यकर्ताओं ने महागठबंधन सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान महिला आरक्षण बिल को लेकर सरकार की मंशा पर सवाल उठाए गए। जिला अध्यक्ष कपिल कुशवाहा ने कहा कि महिला आरक्षण बिल महिलाओं को राजनीति में उचित भागीदारी देने का एक ऐतिहासिक अवसर है, लेकिन महागठबंधन ने इसे सदन में पास नहीं होने देकर महिलाओं के अधिकारों के साथ खिलवाड़ किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार महिलाओं के नाम पर सिर्फ वोट बैंक की राजनीति करती है जबकि उन्हें वास्तविक अधिकार देने में असफल रही है। उन्होंने कहा कि यदि महिलाओं को सशक्त बनाना है तो उन्हें पंचायत से लेकर संसद तक पर्याप्त प्रतिनिधित्व देना होगा। महिला आरक्षण बिल इसी दिशा में एक मजबूत कदम है, लेकिन विपक्षी दलों ने इसे रोककर महिलाओं के सपनों को तोड़ने का काम किया है। मार्च में शामिल महिला कार्यकर्ताओं ने भी सरकार के खिलाफ विरोध जताया और महिला आरक्षण बिल को जल्द लागू करने की मांग की। अंत में रालोमो नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि महिलाओं के हितों की अनदेखी जारी रही तो पार्टी सड़क से सदन तक आंदोलन तेज करेगी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सासाराम विधायक स्नेहलता कुशवाहा का प्रतिनिधि कृष्णा कुमार कुशवाहा ने आह्वान किया और रालोमो के कई नेता मौजूद रहे।




## 59 हजार की ठगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** नगर थाना क्षेत्र के पाली निवासी सुनीता देवी से पुत्र को जेल भेजने की धमकी देकर साइबर ठगों ने 59 232 रूपये का चूना लगा दिया। पुलिस के अनुसार सुनीता के पास फोन आया कि तुम्हारा पुत्र गलत विडियो देखता है। पूरे परिवार को जेल भेज देंगे। उसने गिरफ्तारी से बचने के लिए राशि की मांग की गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सड़क हादसे में पत्रकार पी के मिश्रा घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** दावथ बाजार के मुख्य सड़क पर सोमवार शाम बाइक से गिरकर स्थानीय संवाददाता पी के मिश्रा गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घायल पत्रकार को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया गया है।

# रोहतास के सरकारी स्कूल में गोमांस मिलने की सूचना पर कार्रवाई

## प्रधानाध्यापक समेत पांच शिक्षक निलंबित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** रोहतास जिले के राजपुर प्रखंड स्थित उर्दू मध्य विद्यालय, रामुडीह में गोमांस रखे जाने की सूचना के बाद शिक्षा विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रभारी प्रधानाध्यापक सहित पांच शिक्षकों को निलंबित कर दिया है। इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी, रोहतास (सासाराम) कार्यालय द्वारा आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार, 22 अप्रैल 2026 को सूचना प्राप्त हुई थी कि विद्यालय परिसर में गोमांस रखा हुआ है। मामले के सत्यापन के उपरांत प्रशासनिक दृष्टिकोण से तत्काल प्रभाव से संबंधित शिक्षकों को निलंबित करने का निर्णय लिया गया। निलंबित शिक्षकों में प्रभारी प्रधानाध्यापक (विशिष्ट शिक्षक) अख्तर अली, विद्यालय अध्यापक मो. इमरान, विशिष्ट शिक्षक अनवर खान, विद्यालय अध्यापक सुफिया खातून और हिना कौसर शामिल हैं। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि निलंबन अवधि के दौरान अख्तर अली, मो. इमरान और अनवर खान का मुख्यालय प्रखंड संसाधन केंद्र, दावथ निर्धारित किया गया है जबकि सुफिया खातून और हिना कौसर का मुख्यालय प्रखंड संसाधन केंद्र, सूर्यपुरा, रोहतास तय किया गया है। प्रशासन ने संकेत दिया है कि मामले की आगे भी जांच जारी रहेगी और दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# बिहार गृह रक्षा वाहिनी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** बिहार गृह रक्षा वाहिनी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण समारोह से पूर्व सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने वरीय समादेष्टा अनिल कुमार वर्मा से मुलाकात कर संगठन के प्रति पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर संगठन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष विपिन कुमार ने कहा कि गृह रक्षकों की सभी लंबित मांगों को लेकर नई कमेटी पूरी तरह गंभीर और संवेदनशील है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आने वाले दिनों में इन मुद्दों पर सकारात्मक पहल की जाएगी। वहीं समादेष्टा ने सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि नई कमेटी ईमानदारी और निष्ठा के साथ गृह रक्षकों के हित में कार्य करेगी। शपथ ग्रहण करने वालों में अध्यक्ष विपिन कुमार, सचिव नागेंद्र चौधरी, कोषाध्यक्ष राम बहादुर सिंह, कार्यालय सचिव संतोष सिंह, महिला अध्यक्ष पूजा कुमारी, महिला सचिव समिता कुमारी, सदस्य आशा कुमारी, सरिता कुमारी, हेवंती कुमारी, जिला उपाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, चंदन कुमार, उप सचिव सोनू कुमार, संगठन सचिव अखिलेश कुमार, अमरेंद्र कुमार पांडेय, रमेश तिवारी, गया चौधरी और इंदल कुमार शामिल रहे। समारोह में संगठन के कई सदस्य एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# पीएम श्री एमएस योगिनी की छात्रा अंतरा कुमारी राज्य के लिए चयनित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** पीएम श्री मध्य विद्यालय योगिनी, दावथ की छात्रा अंतरा कुमारी ने योग ओलंपियाड की पेंटिंग प्रतियोगिता में कक्षा 6-8 वर्ग में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। अब अंतरा राज्य स्तर के लिए चयनित हो गई है जहां वह अपनी कला का प्रदर्शन करेगी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनिल कुमार रॉय ने अंतरा की सफलता पर खुशी जताते हुए उसे पेंटिंग किट देकर सम्मानित करने का निर्णय लिया है। इससे पूर्व भी बिहार दिवस के अवसर पर विद्यालय की छात्रा रुचि कुमारी, जो विद्यालय की ही शिक्षिका सीता कुमारी की पुत्री है, ने कक्षा 6-8 वर्ग में पेंटिंग प्रतियोगिता में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। पीएम श्री एमएस योगिनी, दावथ के छात्र हर प्रतिस्पर्धा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं और विद्यालय का नाम रोशन करते आए हैं। 52 छात्रों का मॉडल स्कूल में चयन हुआ। विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता का प्रमाण देते हुए 2026-27 सत्र में मॉडल स्कूल जगरनैन इंटर स्तरीय प्लस टू विद्यालय, कोआथ, दावथ में कक्षा 9 में नामांकन के लिए इस विद्यालय के 52 छात्र सफल हुए हैं।



# नारी शक्ति अधिनियम केवल एक विधेयक नहीं आधी आबादी को उनका अधिकार देने का संकल्प : निवेदिता सिंह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम से जुड़े गंभीर मुद्दों पर प्रेस वार्ता आयोजित की गई जिसमें बिहार विधान परिषद सदस्य निवेदिता सिंह ने कहा कि नारी शक्ति अधिनियम केवल एक विधेयक नहीं, बल्कि देश की आधी आबादी को उनका अधिकार देने का संकल्प है। यह महिलाओं के सम्मान, भागीदारी और सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। इस पहल के लिए एनडीए सरकार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में निरंतर प्रतिबद्ध रही है। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस, इंडिया गठबंधन, टीएमसी, राजद, सपा सहित कई विपक्षी दलों ने इस महत्वपूर्ण पहल का विरोध किया जब देश की महिलाएं अपने अधिकारों की प्रतीक्षा कर रही थीं, तब इस प्रकार का विरोध उनकी भावनाओं पर आघात है। इतिहास में इस सोच को एक काले अध्याय के रूप में याद किया जाएगा। उन्होंने राज्यसभा सदस्य एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन, बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी सहित एनडीए के सभी नेतृत्व का हृदय से आभार व्यक्त किया और कहा कि इन सभी के प्रयासों से यह महत्वपूर्ण कदम संभव हो पाया। इस बिल के सदन में प्रस्तुत होने से देश और प्रदेश की महिलाओं में अपार खुशी और उत्साह देखा गया। एनडीए सरकार सदैव महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए संकल्पित रही है और आगे भी रहेगी। हम हर उस प्रयास के साथ खड़े रहेंगे जो नारी शक्ति को आगे बढ़ाने का कार्य करता है। प्रेस वार्ता में भाजपा रोहतास के जिलाध्यक्ष संतोष पटेल, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष पूनम सिंह, महामंत्री सरिता सिंह, भाजपा विधि प्रकोष्ठ की प्रवक्ता प्रतिभा पल्लवी सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।



# बढ़ते तापमान के बीच डीडीयू मंडल पूरी तरह तैयार

## मंडल रेल प्रबंधक ने दिए प्राथमिकता आधारित निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में अप्रैल माह से ही बढ़ते तापमान एवं ग्रीष्मकालीन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा तथा सुचारु रेल परिचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना की अध्यक्षता में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी शाखाओं के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में मंडल रेल प्रबंधक ने ग्रीष्मकाल के दौरान यात्रियों एवं रेलकर्मियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु सभी संबंधित विभागों को सतर्क, सक्रिय एवं समन्वित रूप से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मंडल के सभी स्टेशनों पर पेयजल व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखी जाए तथा नल, जलटंकी, पंप, पाइपलाइन सहित समस्त जल संरचनाओं को पूर्णतः कार्यशील रखा जाए जिससे यात्रियों एवं कर्मचारियों को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध हो सके। उन्होंने कोचों में नियमित वाटरिंग सुनिश्चित करने, पंखों एवं कूलिंग व्यवस्था की सतत जांच करने तथा आवश्यकतानुसार त्वरित अनुरक्षण कराने के निर्देश दिए। साथ ही स्टेशन परिसरों, प्रतीक्षालयों एवं यात्री सुविधाओं से जुड़े स्थलों पर पंखों, कूलरों एवं अन्य शीतलन उपकरणों को सुचारु स्थिति में बनाए रखने पर विशेष बल दिया गया। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि अधिकारीगण एवं तैनात कर्मचारी नियमित रूप से व्यवस्थाओं की निगरानी करें तथा जहां कहीं सुधार की आवश्यकता हो, वहां तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें। यात्रियों की स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक प्राथमिक उपचार सामग्री एवं चिकित्सा सहायता की उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए गए। मंडल रेल प्रबंधक ने कहा कि गर्मी के मौसम में यात्रियों को पेयजल एवं खाद्य सामग्री की सहज उपलब्धता सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

# वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव की पूर्व संध्या पर सेमिनार आयोजित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दिनारा (रोहतास)।** बद्रीनारायण महाविद्यालय इंदौर दिनारा (रोहतास) के एनएसएस इकाई के तत्वावधान में 1857 की क्रांति के महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव समारोह के पूर्व संध्या पर 'लोक प्रशासन एवं जनकल्याण के क्षेत्र में बाबू वीर कुंवर सिंह का योगदान' विषय पर महाविद्यालय सभागार में सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार का विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर प्राचार्य प्रोफेसर राजदेव सिंह ने की। अध्यक्षता एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉक्टर सरोज कुमार गुप्ता ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शिक्षाकर्मियों, बुद्धिजीवियों, एनएसएस स्वयंसेवकों सहित विद्यार्थियों ने सेमिनार में भाग लिया और प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। सेमिनार का विषय प्रवेश कराते हुए एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉक्टर सरोज कुमार गुप्ता ने 1857 की क्रांति में बाबू वीर कुंवर सिंह के योगदानों को अतुलनीय, बेजोड़, अद्वितीय एवं बेमिसाल बताया। उन्होंने शाहाबाद प्रक्षेत्र एवं बिहार का द्वितीय शेरशाह बताते हुए लोकप्रशासन एवं जनहित से जुड़े उनके द्वारा किए गए कार्यों यथा- वृक्षारोपण, जलाशय, तालाब, कुआं, बांध, स्कूल, निर्माण, हाट बाजार मेला आयोजन, सड़क निर्माण, पशु मेला आयोजन, गांव बसाना एवं मंदिर-मस्जिद निर्माण करवाए जाने को अति कल्याणकारी एवं धर्मनिरपेक्षता का जीवंत प्रतीक बताया। डॉक्टर गुप्ता ने प्रशासनिक क्षेत्र के उच्चतर पदों पर उनके द्वारा विभिन्न वर्गों एवं लोगों को समुचित प्रतिनिधित्व दिए जाने को सामाजिक न्याय का जीवंत उदाहरण बताया। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉक्टर गुप्ता ने बाबू वीर कुंवर सिंह को प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का अप्रतिम योद्धा और अद्भुत शौर्य, पराक्रम और वीरता का अद्वितीय महानायक बताया। प्राचार्य प्रोफेसर राजदेव सिंह ने बाबू वीर कुंवर सिंह के त्याग, संघर्ष की चर्चा करते हुए उन्हें अदम्य साहस का प्रतिमूर्ति बताया। उन्होंने 1857 की क्रांति में किए गए उनके योगदान और बलिदान से प्रेरणा लेते हुए स्वयंसेवकों, विद्यार्थियों एवं शिक्षाकर्मियों सहित आमजन को उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व सहित उनके जीवन आदर्शों एवं जीवन मूल्यों को आत्मसात करने का आह्वान किया।

# गयाजी जिले में नकली ब्रांड का खेल, छापेमारी कर ब्रांड की फर्जी बोतल बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेलागंज।** चाकंद थाना क्षेत्र के चमनंडीह गांव में पुलिस ने नकली हारपिक बनाने वाले एक अवैध कारोबार का भंडाफोड़ किया है। रेकिट बेंकाइजर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के जांचकर्ताओं की सूचना पर यह संयुक्त कार्रवाई की गई। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से 698 बोतल नकली हरपिक जब्त कीं जिन्हें असली उत्पाद बताकर बेचा जा रहा था। इसके अतिरिक्त, 10,992 फर्जी स्टिकर भी बरामद किए गए जिनका उपयोग नकली उत्पादों की पैकेजिंग को असली ब्रांड जैसा दिखाने के लिए किया जाता था। थाना प्रभारी शिवम कुमार ने बुधवार को बताया कि यह अवैध कारोबार काफी लंबे समय से चल रहा था। कंपनी के पदाधिकारी की देखरेख में यह कार्रवाई पूरी की गई। इस गोरखधंधे से कंपनी को आर्थिक नुकसान हो रहा था और नकली उत्पादों के कारण उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य को भी खतरा था, क्योंकि ये उत्पाद गुणवत्ता मानकों पर खरे नहीं उतरते। रेकिट बेंकाइजर इंडिया के आवेदन के आधार पर मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य संदिग्धों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।


**Government of Jharkhand Rural Works Department**
**JHARKHAND STATE RURAL ROADS DEVELOPMENT AUTHORITY (JSRRDA)**
3rd Floor, F.F.P. Building, Dhurwa, Ranchi 834004
**NOTICE INVITING TENDERS**
(National Competitive Bidding Through e-Procurement)
**Re- eTender No.- 06/ 2026-27- 493 (Encl)   Ranchi, Dated: 21.04.2026**

**PR No- 364457 dated 18.10.2025**

The undersigned on behalf of Government of Jharkhand invites item rate bids through e-Procurement from the eligible bidders registered* in appropriate class with any State/Central Government/State /Central Government Organization for construction and maintenance for five years of the works (List of schemes shall be displayed in the website pmgsytendersjhr.gov.in) of Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna PM-JANMAN (Batch-1, 2025-26).

| Sr. No | District Name | Block Name | Tendering Package | Road Name / Bridge Name (in lakhs) | Road Length (Kms) | Sanction Construction Cost (in lakhs) | Sanction Maintenace Cost | Total Sanction Cost with Maint. (in lakhs) | Total Package Cost (in lakhs) | Earnest Money (In Lakh) | Time of Completion (in month) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | Garhwa | Bhandaria | JH-07-PMJANMAN- GAR-01 (2025-26) (6th Call) | L021-Bathan Toli To Kochli (Barkol Kalan) | 3.400 | 275.68 | 30.01 | 305.69 | 1288.48 | 25.77 | 18 |
| | Garhwa | Bhandaria | | L023-Madgari Road To Totki | 4.300 | 369.92 | 36.41 | 406.33 | | | |
| | Garhwa | Chinia | | L023-Pmgsy Uday More To Parsukhar Road | 2.000 | 177.58 | 18.25 | 195.83 | | | |
| | Garhwa | Ranka | | L022-Pwd Main Road To Amhar | 3.800 | 347.95 | 32.68 | 380.63 | | | |
| | | **Total** | | | **13.5** | **1171.13** | **117.35** | **1288.48** | **1288.48** | | |

The bid should be submitted online in the website **pmgsytendersjhr.gov.in**. The bidders should have valid Digital Signature Certificate for online submission of bid.

**Details of bid submission is as under:**

| Procurement Officer | Place of Opening | Availability of tender (on-line) for bidding | | Last date & time of seeking clarification | Last date and time of bid submission | Date & time of opening (on-line) of tender | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | From | To | | | Technical bid | Financial bid |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 8 | 9 |
| Engineer in Chief, JSRRDA, Ranchi | Engineer in Chief JSRRDA, Ranchi | **23.04.2026 at 10.00 AM** | **07.05.2026 upto 5.00 PM** | **30.04.2026 upto 2.00 PM** | **07.05.2026 upto 5.00 PM** | **07.05.2026 at 05.30 PM** | To be informed later |

** Non-registered bidders may also submit bid, however the successful bidders must get registered in appropriate class with appropriate authority before signing the contract.*
*** Cost may change.*

**Note :-**
1. Amount of Bid Security should be taken as mentioned in the Bid Data Sheet of the Bidding Document.
2. Cost of Bid Document (Rs. 10000) and Bid Security (as mentioned in the Bid Data Sheet) shall be deposited **online** in form as mentioned in Bid Data Sheet failing which the bid will be treated non responsive and action shall be taken as per Sec. 2 of ITB clause 12.2 (d).
3. In case, it is found, even after the award of work that the bidder has submitted/ uploaded any false/erroneous/fraudulent statement/document, he/she is liable for blacklisting and forfeiture of Bid Security.
4. Bidders must submit GST registration certificate without which bid is liable to be rejected.
5. Bidders whose names appear in the Debar/blacklist of RWD or any department of GoJ/GoI (including JSRRDA) shall not be allowed to participate in the above bids.
6. Bids submitted by bidders, who have long pending ATR(s) made inordinate delay in execution of earlier allotted construction/ maintenance works of PMGSY, may be rejected summarily.
7. In case of any discrepancy/dispute about units in BOQ, units as mentioned in Current SOR on which BOQ has been prepared shall prevail.
8. Participating bidders are free to submit grievances, if any, against the decision of technical evaluation within five days from the date of uploading of decision of technical evaluation only through email at **jh-ce@pmgsy.nic.in** Grievance submitted after stipulated period shall not be considered.
9. Bidders must have valid registration with Employee Provident Fund organization under EPF and Miscellaneous Provisions Act 1952 failing which the bid shall be rejected.
10. Bidders must not quote rate for routine maintenance. The amount for routine maintenance as indicated in the Bill of Quantities must be acceptable to bidders.
11. For unbalanced bids, extra security will be required to be deposited by the bidder at the time of Agreement.
12. The undersigned reserves the right to cancel the tender at any stage without giving prior notice/reason.

All other details can be seen in the bidding document which is available in website **pmgsytendersjhr.gov.in** as per schedule mentioned above.

**Engineer-in- Chief**
**Rural Works Department- Cum-**
**JSRRDA, Ranchi**

PR 378089 Rural Work Department(26-27)D


# सरस्वती विद्या मंदिर में माध्यमिक बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम/तिलौथू।** तिलौथू प्रखंड अंतर्गत सरस्वती विद्या मंदिर के सम्पत हॉल में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परीक्षा 2026 में प्रथम और द्वितीय रैंक प्राप्त करने वाले भैया बहनों को सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अभिभावक प्रतिनिधि दिवाकर मिश्र के द्वारा विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त भैया आदित्य कुमार यादव एवं बहन आर्या रंजन को स्मृति चिह्न एवं मेडल देकर सम्मानित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार सिन्हा ने द्वितीय स्थान प्राप्त बहन रौशनी कुमारी, बहन पल्लवी कुमारी को एवं विद्यालय के उपप्रधानाचार्य सर्वेश चंद्र मिश्र के द्वारा भैया प्रियांशु दांगी, बहन अनिका मिश्रा, बहन नाईसी कुमारी, भैया अमन कुमार को भी स्मृति चिह्न एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के आचार्य एवं महिला आचार्य के द्वारा भी भैया-बहनों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं मंचासीन अतिथि का परिचय कौशल कुमार पाठक ने किया। कार्यक्रम को विद्यालय के संपत हाल में सभी भैया बहनों के समक्ष किया गया। प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार सिन्हा ने कहा कि बच्चों को सम्मानित करते हुए मुझे हार्दिक खुशी हो रही है। ऐसा अनुभव कर रहा हूं जो खुशी माली को अपने लहलहाते पौधों को देखकर होती है। कार्यक्रम का समापन सफल भैया बहनों को मधुर मिष्टान देकर एवं वंदे मातरम गीत के साथ हुआ।

# खेतों में लगी भीषण आग, फसल अवशेष एवं पराली राख

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** काराकाट प्रखंड में बुधवार सुबह खेतों में लगी आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आग धवनि गांव की ओर से शुरू हुई और तेज हवा के कारण तेजी से फैलते हुए चिल्हा गांव तक पहुंच गई। आग से गेहूं फसल अवशेष तथा पराली जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने तुरंत प्रशासन को सूचना दी और दमकल टीम भेजने का आग्रह किया। स्थानीय लोगों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन लपटें बेकाबू होती गईं। इस बीच काराकाट प्रखंड विकास पदाधिकारी (उक्त) मैं प्रशासनिक स्तर पर इससे निपटने की व्यवस्था कराई।फिलहाल आग से किसी जनहानि की सूचना नहीं है, लेकिन कई एकड़ मैं भूसा बनाने के लिए फसल अवशेष तथा पराली जलने की आशंका है।


**शपथ पत्र**

मैं, राजीव कुमार सिंह उर्फ रंजीत कुमार सिंह उम्र करीब 41 वर्ष पिता-सुरेश सिंह निवासी ग्राम-बसहा पो.- नाउर थाना- नवीनगर जिला-औरंगाबाद (बिहार) शपथपूर्वक निम्नलिखित बयान करता हूं कि मैं उपरोक्त पते का स्थाई निवासी हूं। मेरे निर्गत आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक में मेरा नाम राजीव कुमार सिंह पिता सुरेश सिंह दर्ज है जिसका आधार नं.-2115 5580 7821 है।
मेरे निर्गत एल. आई. सी. एवं स्कूल स्थानान्तरण प्रमाण पत्र में मेरा नाम रंजीत कुमार सिंह दर्ज है जिसका पॉलिसी नं. 514407266 है। मेरा एल. आई. सी. स्कूल स्थानान्तरण प्रमाण पत्र के द्वारा खोला गया था।
राजीव कुमार सिंह एवं रंजीत कुमार सिंह दोनों नाम मेरा ही है जो इन्हीं दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता हूं।
मैं पुनः घोषणा करता हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरे व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है। शपथ पत्र सं. 3312 दिनांक 11.02.2026

**शपथकर्ता**
**राजीव कुमार सिंह उर्फ**
**रंजीत कुमार सिंह**


# जेआरएस इंटरनेशनल स्कूल में संस्थापक जगदीश सिंह की तृतीय पुण्यतिथि मनाई गई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** जेआरएस इंटरनेशनल स्कूल परिसर में विद्यालय के संस्थापक स्व. जगदीश सिंह की तृतीय पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में उनके पुत्र एवं पूर्व विधायक सत्यनारायण सिंह ने कहा कि स्व. जगदीश सिंह का शिक्षा के प्रति गहरा लगाव था। विद्यालय की स्थापना और संचालन में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनके कठिन परिश्रम और दूरदृष्टि का ही परिणाम है कि आज यह विद्यालय शहर के अग्रणी शिक्षण संस्थानों में अपनी पहचान बना चुका है। इस अवसर पर विद्यालय के सचिव डॉ. रवि प्रकाश, प्रधानाचार्य सुलगना मजूमदार, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं ने उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम के अंत में बच्चों के बीच मिष्ठान एवं टॉफी का वितरण किया गया जिससे वातावरण और भी भावुक एवं प्रेरणादायक बन गया।



# सड़कों के निर्माण एवं मरम्मत कार्यों में तेजी लाने का निर्देश

## दिशा की बैठक में विभिन्न योजनाओं की समीक्षा




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बुधवार को सांसद कौशलेंद्र कुमार की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं कार्य प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक भारत सोनी उपस्थित थे। बैठक की शुरुआत पूर्व बैठक की कार्यवाही के अनुपालन की समीक्षा से हुई। इसके बाद जिला पदाधिकारी द्वारा पीपीटी के माध्यम से विभिन्न विभागों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। समीक्षा के दौरान कृषि विभाग की योजनाओं पर चर्चा करते हुए अधिकारियों ने राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना समेत अन्य कार्यक्रमों की जानकारी दी। जिलाधिकारी ने किसानों की आय बढ़ाने के लिए ड्रैगन फ्रूट जैसे उन्नत फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने पर जोर दिया। पशुपालन विभाग की समीक्षा में राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय गोकुल मिशन एवं डेयरी विकास योजनाओं की प्रगति पर चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने पशुपालकों को 1962 नंबर पर कॉल कर निःशुल्क पशु चिकित्सा सेवा का लाभ लेने के लिए जागरूक करने का निर्देश दिया। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं टीबी उन्मूलन कार्यक्रम की प्रगति की जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव, नियमित टीकाकरण और गर्भवती महिलाओं की जांच सुनिश्चित करने पर बल दिया। साथ ही जनप्रतिनिधियों से अस्पतालों में डॉक्टरों की उपस्थिति एवं सुविधाओं की निगरानी करने का आग्रह किया। ग्रामीण कार्य विभाग के तहत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत सड़कों के निर्माण एवं मरम्मत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। विद्युत विभाग को ट्रांसफार्मर, पोल एवं तार से संबंधित शिकायतों का त्वरित निष्पादन करने तथा बांस-बल्लों के स्थान पर स्थायी पोल लगाने का निर्देश दिया गया। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के तहत 'हर घर नल का जल' योजना की समस्याओं के समाधान हेतु टोल फ्री नंबर 18001231129 की जानकारी दी गई। पंचायत राज विभाग को पंचायत सरकार भवनों को नियमित रूप से क्रियाशील रखने के निर्देश दिए गए। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के तहत 22 हजार से अधिक योजनाओं पर कार्य प्रगति की जानकारी दी गई। वहीं जीविका के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाने की दिशा में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। आपूर्ति विभाग की समीक्षा में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत लाभुकों को सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। विशेष रूप से शादी-ब्याह के अवसर पर गैस सिलेंडर की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया। उद्योग विभाग की समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, पीएम विश्वकर्मा योजना एवं मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत उद्यमिता को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया।

# नालंदा कॉलेज में पृथ्वी दिवस पर पोस्टर व भाषण प्रतियोगिता आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नालंदा कॉलेज भूगोल विभाग के द्वारा 'पृथ्वी दिवस' आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन पृथ्वी की बिगड़ती स्थिति के बारे में जागरूकता फैलाने एवं इसे बेहतर बनाने के लिए हम क्या प्रयास कर सकते हैं, इस विषय पर जानकारी देने के उद्देश्य से किया गया था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नालंदा कॉलेज की प्राचार्या प्रो. सुनीता सिन्हा ने सभी जीवित प्राणियों के लिए पृथ्वी के महत्व पर ज़ोर दिया। उन्होंने 'इको-फ़ेमिनिज़्म' (पर्यावरण-नारीवाद) के बारे में भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है कि पृथ्वी को हमारी ज़रूरत है, बल्कि हमें पृथ्वी की ज़रूरत है। हमारी परंपरा के अनुसार हम प्रकृति पूजक हैं और इसलिए हम धरती को भी माता का दर्ज़ा देते हैं एवं उनके ऋण को चुकाने के लिए हम सभी को सकारात्मक तरीके से प्रयासरत




रहना चाहिए। उनका भाषण छात्रों के लिए बहुत जानकारीपूर्ण और विचारोत्तेजक था। भूगोल विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. भावना ने उन तरीकों और उपायों पर भी ज़ोर दिया, जिनका इस्तेमाल करके हम ग्लोबल वार्मिंग को कम कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि 'पृथ्वी दिवस' हमें यह याद दिलाता है कि हमें विकास के क्रम में भी अपनी धरती माता को संरक्षित करने की ज़रूरत है। डॉ. प्रीति रानी ने इस कार्यक्रम का समन्वय किया और कहा कि पृथ्वी ही हमारा एकमात्र साझा घर है, और हमें इसे हर कीमत पर वैसा ही बनाए रखना होगा जैसा यह पहले था। डॉ. सिंधु ने भी छात्रों को संबोधित किया। डॉ. रामानुज चौधरी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। छात्रों ने पोस्टर प्रस्तुति एवं भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से पर्यावरण के प्रति जागरूकता एवं पृथ्वी को मानव अनुकूल बनाये रखने पर बल दिया। भक्ति, शुभम और श्रेया ने भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया तो वहीं कई छात्रों ने पोस्टर के माध्यम से रचनात्मक जानकारियां दी।

# 24 को लगेगा रोजगार कैम्प

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिला नियोजन पदाधिकारी सुनील कुमार सुमन ने बताया कि युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, बिहार, पटना के निदेशानुसार जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, नवादा द्वारा दिनांक 24.04.2026 को संयुक्त श्रम भवन (सरकारी आई.टी.आई.) नवादा के प्रांगण में फ्रीडम एम्प्लॉयबिलिटी एकेडमी, नई दिल्ली द्वारा शिक्षक के 10 रिक्त पद अधिसूचित किए गए हैं।

जिसके लिए योग्यता स्नातक के साथ बेसिक इंग्लिश होना चाहिए। वेतन 14,500 के साथ ?3,000 मकान किराया तथा अन्य सुविधाएं ई.पी.एफ. उपलब्ध होंगी। स्थानांतरण होने पर किराया देय होगा। उम्र सीमा 18 से 25 वर्ष निर्धारित है। कार्यस्थल नवादा है।

इच्छुक अभ्यर्थी अपने सभी शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति, रंगीन फोटो एवं बायोडाटा के साथ चयन हेतु कैम्प स्थल संयुक्त श्रम भवन (सरकारी आई.टी.आई.) नवादा के प्रांगण में आकर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। रोजगार कैम्प पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक आयोजित होगा।

जो अभ्यर्थी एन.सी.एस. पोर्टल पर निबंधित हैं, वही अभ्यर्थी रोजगार कैम्प में भाग ले सकते हैं। जो अभ्यर्थी निबंधित नहीं हैं, वे अभ्यर्थी एन.सी.एस. पोर्टल पर अपना निबंधन स्वयं या जिला नियोजनालय, नवादा में कराकर भाग ले सकते हैं।

नियोजक निजी क्षेत्र के हैं। नियोजन की शर्तों के लिए नियोजक स्वयं उत्तरदायी होंगे। नियोजनालय केवल सुविधा प्रदाता की भूमिका में होगा।

# सड़क हादसे ने छीनी दो जिंदगियां, शव वाहन न मिलने पर बिलखते परिजनों का फूटा गुस्सा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** थाना क्षेत्र के केंदुआ गांव के पास बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे ने दो घरों के चिराग बुझा दिए। बाइक पर सवार तीन दोस्तों में से दो की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीसरा जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सिरदला से रजौली आ रहे 20 से 25 साल के तीनों युवक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़े। अभी संभल पाते कि पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उन्हें कुचल दिया और रफ्तार के साथ फरार हो गया। खून से लथपथ तीनों को ग्रामीणों ने ई-रिक्शा पर लादकर रजौली अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात डॉ. परितोष कुमार ने बताया कि तीनों को अस्पताल लाया गया था, लेकिन दो की सांसें अस्पताल पहुंचने से पहले ही थम चुकी थीं। मृतकों की पहचान सिरदला थाना क्षेत्र के गोनपुर गांव निवासी दिनेश चौधरी के पुत्र सूरज कुमार और गणेश चौधरी के पुत्र लीटो कुमार के रूप में हुई। वहीं तीसरा युवक महेंद्र राजवंशी का पुत्र रोहित कुमार गंभीर हालत में नवादा रेफर किया गया। जवान बेटों के शव देख परिजनों का कलेजा फट गया। जब उन्हें पता चला कि शव को पोस्टमार्टम के लिए पिकअप में ले जाना होगा तो उनका गुस्सा फूट पड़ा। शव वाहन की मांग करते हुए बिलखते परिजनों ने अस्पताल में तोड़फोड़ कर दी। आंखों में आंसू और दिल में आक्रोश लिए परिजन स्वास्थ्यकर्मियों से उलझ पड़े। मामला यहीं नहीं थमा, गुस्साए परिजन दोनों शवों को स्ट्रेचर पर लादकर बाईपास होते हुए प्राणचक मोड़ पहुंचे और एनएच-20 को जाम कर दिया। हालांकि सीओ कृष्णकांत चौबे एवं थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार के साथ एएसआई संजय कुमार ने परिजनों को काफी समझाया, तब जाकर परिजन एनएच से शव को हटाया। सड़क पर शव रखकर रोते बिलखते मां-बाप को देख हर किसी की आंखें नम हो गईं। हर कोई यही सवाल कर रहा था कि क्या गरीब के बेटे की लाश को भी सम्मान नहीं मिल सकता। एक पल में दो हंसते खेलते घरों में मातम पसर गया। गांव में चूल्हे नहीं जले। हर जुबां पर बस यही था कि काश समय पर शव वाहन मिल जाता तो शायद परिजनों का गुस्सा इतना न बढ़ता। इस हादसे ने दो जिंदगियां लील गया और पीछे आंसुओं का सैलाब छोड़ गया। इस संबंध में प्रभारी डीएस डॉ. दिलीप कुमार ने बताया कि परिजनों के कहने पर शव वाहन को जिला मुख्यालय से मंगवाया गया। लेकिन जब तक वाहन आता, परिजन उग्र हो गए। अस्पताल में तोड़फोड़ को लेकर थाने में आवेदन दिया गया है। वहीं थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने कहा कि पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। प्रशासन द्वारा परिजनों को समझा-बुझा कर जाम को हटवाया गया है एवं दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# उप विकास आयुक्त ने की जीविका योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** उप विकास आयुक्त नीलिमा साहू की अध्यक्षता में आज दिनांक 22 अप्रैल 2026 को उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में जीविका परियोजना अंतर्गत संचालित गतिविधियों एवं उससे संबंधित प्रगति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।



बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त द्वारा नवादा जिले में जीविका द्वारा संचालित गतिविधियों की विषयवार समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में सभी कार्य बिंदुओं पर निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि प्राप्त करने का दिशा-निर्देश दिया गया। स्वयं सहायता समूह की दीदियों द्वारा तैयार किए जा रहे विभिन्न उत्पादों की जानकारी संकलित कर अगली बैठक में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया, ताकि समाज की अन्य महिलाओं के मनोबल एवं व्यक्तिगत उद्यमिता को बढ़ावा देने हेतु नवाचार आधारित कार्यों को प्रोत्साहित किया जा सके। जीविका दीदियों द्वारा उत्पादित सामग्रियों की बिक्री बढ़ाकर उन्हें अधिक लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्थानीय स्तर पर मार्केट एवं हाट-बाजार की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। उप विकास आयुक्त ने विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर जीविका दीदियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से आच्छादित कराने की दिशा में कार्य करने का भी निर्देश दिया। बैठक में जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक चन्दन कुमार सुमन सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मुर्गावां क्रिकेट टूर्नामेंट का एमएलसी ने किया उदघाटन

## 16 टीमों ने लिया भाग, वाना बिगहा की टीम विजयी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** परवलपुर प्रखंड के मुर्गावां गांव में मुर्गावां क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। टूर्नामेंट का उद्घाटन पूर्व एमएलसी राजू यादव, परवलपुर नगर पंचायत के उप मुख्य पार्षद अक्षय कुमार, मुखिया सोनू कुमार सहित अन्य अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीण और खेल प्रेमी मौजूद रहे।

बताया जा रहा है कि इस क्रिकेट टूर्नामेंट में कुल 16 पंचायतों की टीमें हिस्सा ली है।

टूर्नामेंट का पहला मुकाबला वानाबीघा और मानिकपुर टीम के बीच खेला गया। 12 ओवर के इस रोमांचक मैच में वानाबीघा टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। वानाबीघा ने 7 विकेट खोकर 133 रन बनाए, जबकि लक्ष्य का पीछा करने उतरी मानिकपुर की टीम 6 विकेट के नुकसान पर 121 रन ही बना सकी। इस तरह वानाबीघा टीम ने मुकाबला जीत लिया। मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए आयुष कुमार को 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया।

वहीं, इस मौके पर उप मुख्य पार्षद अक्षय कुमार एवं विक्रम सिंह ने घोषणा की कि वे अपने तरफ से फाइनल मैच के विजेता टीम नगद इनाम देंगे। इस मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व एमएलसी राजू यादव ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी,कहा कि सभी लोग अच्छा से खेल का प्रदर्शन करे और अपने पंचायत का नाम रौशन करें। स्थानीय स्तर पर आयोजित इस तरह के खेल आयोजन से युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिल रहा है और क्षेत्र में खेल संस्कृति को भी बढ़ावा मिल रहा है।

इस टूर्नामेंट के उद्घाटन मौके पर जीतू मुखिया, राज कुमार, मोनू यदुवंशी, रंजन पटेल, आयोजक गौतम सिंह, टुनटुन, सनोज कुमार, वही सहयोगकर्ता के रूप में विक्की, रौशन, तपन, सूरज कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

# कन्या पूजन और उत्सव के साथ मना नामांकन पर्व



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** रजौली प्रखंड की सीमाओं को लांघकर जिला स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका उत्क्रमित मध्य विद्यालय निमटांड एक बार फिर अपनी सृजनात्मकता के लिए सुर्खियों में है। प्रधानाध्यापक राजेश कुमार के नेतृत्व में विद्यालय ने विगत बुधवार को नामांकन अभियान को एक यादगार उत्सव में तब्दील कर दिया। आयोजन की भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि नामांकन से पूर्व छात्र-छात्राओं ने पूरे पोषक क्षेत्र में प्रभात फ़ेरी निकालकर 'आधी रोटी खाएंगे, फिर भी स्कूल जाएंगे' जैसे गगनभेदी नारों से गांव की गलियों को गुंजायमान कर दिया। विद्यालय परिसर में पहुंचते ही अभिभावकों और बच्चों का स्वागत किसी सरकारी प्रक्रिया की तरह नहीं, बल्कि एक पारिवारिक समारोह की भांति किया गया, जहां शीतल पेयजल, अल्पाहार और सुव्यवस्थित प्रतीक्षा कक्ष ने व्यवस्था की संवेदनशीलता को दर्शाया। नामांकन प्रभारी अंजू कुमारी के देखरेख में कुल 35 नए छात्र-छात्राओं का दाखिला हुआ,लेकिन सबसे भावुक और प्रेरणादायक क्षण वह रहा जब पहली कक्षा में नामांकित छात्राओं का विधिवत कन्या पूजन किया गया। शिक्षिका मंजू कुमारी द्वारा इन नन्हीं छात्राओं को चंदन-तिलक लगाकर, आरती उतारकर और मुंह मीठा कराकर न केवल श्रृंगार व लेखन सामग्री भेंट की गई, बल्कि बैग और पाठ्यपुस्तकें देकर उनके शैक्षिक सफर को गरिमा प्रदान की गई। बाल संसद की सदस्यों कीर्ति, मानसी और अनुष्का के मधुर स्वागत गान ने जहां माहौल में उत्साह भर दिया, वहीं वरीय शिक्षक सच्चिदानंद प्रसाद के मंगल वचनों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखी। शिक्षिका निखत बानो, नीतू कुमारी और सैकड़ों ग्रामीणों की मौजूदगी में पूरा विद्यालय प्रांगण 'स्वच्छ विद्यालय, निपुण विद्यालय, श्रेष्ठ विद्यालय' के संकल्प से गूंज उठा, जो यह सिद्ध करता है कि यदि विजन स्पष्ट हो तो एक ग्रामीण विद्यालय भी देश के लिए रोल मॉडल बन सकता है।

# सम्मान समारोह : ऋषभ ने 96 फीसदी अंक लाकर किया विद्यालय को गौरवान्वित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा 10वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में मॉडर्न इंटरनेशनल स्कूल हिसुआ के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया। इस अवसर पर विद्यालय द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को मॉडर्न शैक्षणिक समूह के निदेशक डॉ0 अनुज सिंह के दिशा निर्देशन में सम्मानित किया गया। मॉडर्न इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में दसवीं के टॉपर विद्यार्थियों को मोमेंटो और पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। मॉडर्न शैक्षणिक समूह के निदेशक



डॉ अनुज सिंह ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज की प्रतिभाएं ही कल का भविष्य है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आपकी सफलता हमारा अभिमान है। कड़ी मेहनत और दृढ़ निश्चय से ही मुकाम हासिल किया जा सकता है। उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकों को भी बच्चों की सफलता का श्रेय दिया। विद्यालय के प्राचार्य मिखाइल चौधरी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतिभा सम्मान समारोह का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षा और कल को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने छात्रों को बधाई देने के साथ-साथ उन्हें भविष्य में भी कड़ी मेहनत करने, बड़े सपने देखने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। हिंदी शिक्षक प्रवीण कुमार पंकज ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि यह केवल एक सम्मान नहीं है बल्कि आपके कंधों पर जिम्मेदारी भी है कि आप आगे भी समाज और देश के लिए अपना योगदान दें। प्रतिभा सम्मान समारोह को सफल बनाने में विज्ञान शिक्षक गौरव कुमार, मनोरंजन पांडे, हिंदी शिक्षक एस के रंजन, प्रवीण कुमार सिंह तथा अन्य सभी शिक्षकों की भूमिका सराहनीय रही।

# जनसुराज की बैठक में संगठन विस्तार पर की गई चर्चा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जन सुराज पार्टी के जिला कमेटी की पहली बैठक बुधवार को प्रस्तावित कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष त्रिवेणी प्रसाद सिंह ने कहा कि संगठन के विस्तार को लेकर पार्टी के अधिकारी से लेकर कार्यकर्ता तक को काफी सक्रिय और गंभीरता से काम करने की जरूरत है। इन्होंने कहा कि इसके विस्तार को लेकर आगामी 2 मई से प्रखंडों का दौरा किया जाएगा। इसके लिए पार्टी ने एकल पद धारकों को जिम्मेवारी सौंपी है। इसके पहले 28 अप्रैल तक प्रकोष्ठ अध्यक्षों से प्रखंड कमेटी की सूची मांगी गई है। बताया जाता है आगामी 19 में को तक प्रखंड स्तर तक कमेटी का गठन कर लिया जाना है इसके बाद पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर का नवादा आगमन होगा। इसे लेकर पार्टी काफी गंभीर दिख रही है। हर आज तक कार्यकर्ताओं और अधिकारियों को जिम्मेदारी दी जा रही है ताकि व हर हाल में संगठन का विस्तार प्रखंड स्तर तक कर सकें। पार्टी के जोनल मीडिया इंचार्ज अजय कुमार ने संगठन विस्तार की तकनीकी जनकारी उपलब्ध कराई। पार्टी के जिला प्रवक्ता मिथिलेश कुमार सिंह और सरस्वती देवी ने भी अपनी बात रखी। बैठक में महासचिव सरयू प्रसाद, कमलेश कुमार बिंदु, ललन शर्मा, स्वीटी कुमारी, राधा देवी, युवा अध्यक्ष नीरज कुमार, किसान मोर्चा के मुकेश कुमार बबलू, सुबोध सिंह, अल्पसंख्यक मोर्चा के चुन्नू जी नसीम सहित अन्य मौजूद थे।

# नवादा में पोषण पखवाड़ा के तहत जागरूकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** सदर प्रखंड में पोषण पखवाड़ा के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें बच्चों के समग्र विकास और सही खानपान के महत्व पर जोर दिया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों और स्कूलों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां बच्चों को खेल-खेल के माध्यम से पोषण संबंधी जानकारी दी गई। शिक्षकों और सेविकाओं ने गीत, चित्रकला और छोटे-छोटे खेलों के जरिए बच्चों को संतुलित आहार की अहमियत समझाई। कार्यक्रम में अभिभावकों को भी जागरूक किया गया और उन्हें बच्चों को जंक फूड से दूर रखने की सलाह दी गई। बताया गया कि अधिक मात्रा में जंक फूड का सेवन बच्चों के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डालता है, जिससे मोटापा, कमजोरी और अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ता है। इसके बजाय घर का बना ताजा और पौष्टिक भोजन जैसे दाल, हरी सब्जियां, फल और दूध को बच्चों के आहार में शामिल करने की अपील की गई। अधिकारियों ने कहा कि पोषण पखवाड़ा का उद्देश्य बच्चों में कुपोषण को कम करना और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना है। अभियान के माध्यम से लोगों को जागरूक कर एक स्वस्थ और सशक्त समाज के निर्माण की दिशा में कदम बढ़ाया जा रहा है। सीडीपीओ शशि कुमारी और एलएस सपना कुमारी के द्वारा आमंत्रण पत्र छपवाकर अन्न प्रासन्न किया गया।

# नालंदा में राष्ट्रीय लोक मोर्चा का धिक्कार मार्च, महागठबंधन के खिलाफ प्रदर्शन




**बिहारशरीफ।** बुधवार को राष्ट्रीय लोक मोर्चा की जिला इकाई के तत्वावधान में धिक्कार मार्च निकाला गया। यह मार्च गत 17 अप्रैल को लोकसभा में परिसीमन सुधार एवं महिला आरक्षण से जुड़े विधेयक के विरोध में महागठबंधन दलों द्वारा मतदान किए जाने के खिलाफ आयोजित किया गया।

मार्च में जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और नेता शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने महागठबंधन दलों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनके रवैये की आलोचना की। कार्यक्रम के दौरान जिला संयोजक सोनू कुशवाहा ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा के नेतृत्व में बीते वर्ष पूरे बिहार में संवैधानिक अधिकारों एवं परिसीमन सुधार को लेकर व्यापक अभियान चलाया गया था। इसके तहत विक्रमगंज, मुजफ्फरपुर, गया और पटना में बड़ी महारैलियों का आयोजन किया गया, जिसे आम जनता का व्यापक समर्थन मिला। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा संसद के विशेष सत्र में परिसीमन सुधार एवं महिला प्रतिनिधित्व बढ़ाने के उद्देश्य से संविधान संशोधन विधेयक पेश किया गया था, जिसे एनडीए के सभी दलों का समर्थन प्राप्त था। हालांकि, महागठबंधन दलों ने इसके विरोध में मतदान कर इसे पारित नहीं होने दिया, जिससे बिहार सहित अन्य राज्यों के हित प्रभावित हुए। सोनू कुशवाहा ने बताया कि यदि यह विधेयक पारित हो जाता तो बिहार में लोकसभा सीटों की संख्या 40 से बढ़कर 60 हो जाती, जिसमें 20 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होतीं। इसी प्रकार विधानसभा में 243 के स्थान पर 365 विधायक होते, जिनमें 120 महिलाएं शामिल होतीं।

उन्होंने कहा कि विपक्ष के इस रवैये के विरोध में राष्ट्रीय लोक मोर्चा के आह्वान पर बिहार के सभी जिला मुख्यालयों में धिक्कार मार्च का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर प्रेम कुमार, चंदन, अजयकांत, चमेली वर्मा, इंदु देवी, संजू देवी, सुबोध पंडित, सचित कुशवाहा, धर्मेंद्र कुशवाहा, रवि कुमार मेहता, मनीष सिंह, वीरू कुशवाहा एवं महेंद्र कुशवाहा सहित अन्य नेता उपस्थित रहे।

# व्यवस्थित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता : डॉ. प्रेम कुमार

## गया में यातायात व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक, वन-वे प्रणाली के सख्त अनुपालन के निर्देश



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने बुधवार को गया जी अतिथि गृह में शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से यातायात उपाधीक्षक (डीएसपी) एवं संबंधित पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में वन-वे प्रणाली के प्रभावी अनुपालन और यातायात सुधार के विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि शहर में सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए नियमों का कड़ाई से पालन और आम नागरिकों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि गया टाउन में वन-वे व्यवस्था का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि जाम की समस्या से आमजन को राहत मिल सके। बैठक के दौरान बिना लाइसेंस के वाहन चलाने वाले चालकों, विशेषकर टोटो चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। अधिकारियों ने जानकारी दी कि बिना लाइसेंस चालकों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान से स्थिति में सुधार आया है। यातायात व्यवस्था में कर्मियों की कमी का मुद्दा भी बैठक में उठाया गया। अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2014 में गया टाउन के लिए 219 ट्रैफिक पुलिस पद स्वीकृत थे जबकि वर्तमान में केवल 120 कर्मियों की ही तैनाती है। इस पर डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि इस विषय में मुख्यमंत्री को अवगत कराकर रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा। मानपुर ब्रिज एवं मुफस्सिल थाना मोड़ के समीप चल रहे पुल निर्माण कार्य के कारण उत्पन्न जाम की समस्या पर भी चर्चा हुई। इस संबंध में संबंधित स्थानों पर अतिरिक्त ट्रैफिक पुलिस की तैनाती कर स्थिति को नियंत्रित करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा डेल्हा थाना के निकट गया-टिकारी रोड पर नए बस स्टैंड के लिए स्थल चिन्हित किए जाने की जानकारी दी गई। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जल्द ही इसके निर्माण कार्य की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। ओवरस्पीडिंग के कारण हो रही दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने इसके नियंत्रण के लिए प्रभावी उपाय करने पर जोर दिया। बैठक में यातायात उपाधीक्षक, यातायात निरीक्षक, सार्जेंट सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# मखदुमपुर में बैंक ऑफ बड़ौदा की नई शाखा का शुभारंभ, स्थानीय विकास को मिलेगी रफ्तार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया जी।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर बाजार में मंगलवार को बैंकिंग सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए नवाबगंज रोड पर बैंक ऑफ बड़ौदा की नई शाखा का भव्य उद्घाटन किया गया है। मखदुमपुर बाजार में मंगलवार को बैंकिंग सेवाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से बैंक ऑफ बड़ौदा की नई शाखा का उद्घाटन धूमधाम से किया गया है। इस अवसर पर बैंक के महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख सुब्रत कुमार स्वाईं ने फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर शाखा का विधिवत शुभारंभ किया है उद्घाटन समारोह में मौजूद लोगों ने तालियों की गूंज के साथ इस पहल का स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुब्रत कुमार स्वाईं ने कहा कि जहानाबाद जिले में बैंक ऑफ बड़ौदा की पहले से दो शाखाएं सफलतापूर्वक कार्य कर रही हैं और अब मखदुमपुर में तीसरी शाखा खुलने से क्षेत्र के लोगों को बेहतर और सुलभ बैंकिंग सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने बताया कि बैंक ऑफ बड़ौदा देश ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी सेवाएं प्रदान कर रहा है जिससे ग्राहकों को आधुनिक और विश्वस्तरीय बैंकिंग अनुभव मिल रहा है।

उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक लोग बैंकिंग प्रणाली से जुड़ें और बचत खाता, ऋण, बीमा तथा डिजिटल बैंकिंग जैसी सुविधाओं का लाभ उठाएं। इससे जहां व्यक्तिगत आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, वहीं क्षेत्रीय विकास को भी नई गति मिलेगी। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रमुख संजय कुमार तिवारी, उप क्षेत्रीय प्रमुख प्रभात कुमार श्रीवास्तव, शाखा प्रबंधक अभिषेक श्रीवास्तव, क्षेत्रीय विपणन प्रबंधक नीरज कुमार, क्षेत्रिय सुविधा प्रबंधक कुंदन कुमार, क्षेत्रिय आईटी प्रबंधक प्रतीक जायसवाल और जिला पार्षद संगीता देवी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों की भी अच्छी-खासी भागीदारी देखने को मिली, जिससे आयोजन का उत्साह और बढ़ गया।

# शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में विधानसभा अध्यक्ष हुए शामिल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेलागंज।** बेलागंज प्रखंड क्षेत्र के रिसौद गांव में आयोजित भव्य महायज्ञ एवं शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार का आगमन हुआ। उनके पहुंचते ही पूरे आयोजन स्थल पर उत्साह और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। समारोह में शामिल श्रद्धालुओं और ग्रामीणों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। अतिथि के आगमन पर आयोजन समिति के अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह के नेतृत्व में पारंपरिक तरीके से भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान यज्ञ समिति के सचिव धर्मेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष रणधीर कुमार, उप-कोषाध्यक्ष शैलेश सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, वॉलंटियर और स्थानीय लोग उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर आयोजन की व्यवस्था को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। समारोह के दौरान धार्मिक अनुष्ठानों का क्रम पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ जारी रहा। इस अवसर पर चित्रकूट धाम से पधारीं सुप्रसिद्ध कथावाचक आखिलेश्वरी देवी द्वारा पावन कथा का वाचन किया गया। उनकी मधुर वाणी और आध्यात्मिक प्रवचनों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। विधानसभा अध्यक्ष ने भी कथा का श्रद्धापूर्वक श्रवण किया और आयोजन की सराहना की। अपने संबोधन में डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और लोगों को आपसी सद्भाव एवं सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ते हैं। उन्होंने मंदिर निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा जैसे कार्यों को समाज की आस्था का प्रतीक बताते हुए आयोजन समिति को बधाई दी। पूरे कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। भक्ति, आस्था और उत्साह से भरे इस आयोजन ने पूरे क्षेत्र को आध्यात्मिक वातावरण में सराबोर कर दिया। आयोजन समिति ने सभी अतिथियों एवं श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम को सफल बताया।

## वीर कुंवर सिंह जयंती पर डॉ. प्रेम कुमार ने अर्पित की भावभीनी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम 1857 के महान सेनानायक वीर कुंवर सिंह की जयंती पर उन्हें कोटिशः नमन करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि वीर कुंवर सिंह युद्ध कौशल, पराक्रम, अदम्य साहस और अतुल्य शौर्य के प्रतीक थे। सन 1857 के भारतीय स्वाधीनता संग्राम में एक साहसी सेनानायक के रूप में उनका योगदान अतुलनीय और अविस्मरणीय है। उन्होंने अपनी अंतिम श्वास तक मातृभूमि की रक्षा के लिए स्वयं को समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि 23 अप्रैल 1858 को जगदीशपुर के निकट लड़ी गई उनकी अंतिम लड़ाई में ईस्ट इंडिया कंपनी के नियंत्रण वाली सेना को पूरी तरह पराजित कर दिया गया था। यह उनकी अद्वितीय वीरता और नेतृत्व क्षमता का प्रमाण है। डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि वीर कुंवर सिंह ने 80 वर्ष की आयु में भी जिस साहस और युद्ध कौशल का परिचय दिया, वह आज भी प्रेरणास्रोत है। ब्रिटिश सत्ता के विरुद्ध आन-बान-शान की लड़ाई लड़ने वाले इस महान देशभक्त और अमर बलिदानी की वीरगाथा सदैव युवाओं को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करती रहेगी।

## लक्ष्मी नारायण महायज्ञ श्रद्धा-भक्ति के वातावरण में जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** पवित्र तीर्थस्थल श्री विष्णुपद मंदिर परिसर में आयोजित श्री श्री 1008 लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के अंतर्गत 22 अप्रैल को आहुति का तृतीय दिवस श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ है। प्रातः काल से ही यज्ञशाला में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालुओं का आगमन प्रारंभ हो गया और भक्तों ने सुबह से लेकर शाम तक यज्ञ में आहुति अर्पित कर पुण्य लाभ प्राप्त किया है। पूरे दिन भक्तिमय माहौल बना रहा और श्रद्धालु अपनी मनोकामनाओं के साथ यज्ञ में सम्मिलित होते रहे हैं। महायज्ञ के दौरान पूरे दिन चारों वेद–ऋग्वेद, सामवेद, यजुर्वेद एवं अथर्ववेद का विधिवत परायण किया गया है। वैदिक ऋचाओं की गूंज से मंदिर परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया है। विद्वान आचार्यों द्वारा किए जा रहे वेद पाठ ने वातावरण को और अधिक पवित्र बना दिया जिससे उपस्थित श्रद्धालु भक्ति भाव में लीन हो गए हैं। दिन भर श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण एवं भंडारे का आयोजन निरंतर चलता रहा। बड़ी संख्या में उपस्थित भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। सेवा कार्य में लगे स्वयंसेवकों ने श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा और आयोजन को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित किया है। संध्या काल में सुप्रसिद्ध कथावाचिका डॉ. सरोज मृणाल दीदी हरि दासी वृजवासी द्वारा रामकथा के विभिन्न प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया गया। उन्होंने रामराज्य अभिषेक का अत्यंत प्रेरणादायक प्रसंग प्रस्तुत करते हुए धर्म, न्याय और आदर्श शासन व्यवस्था का महत्व बताया है। इसके पश्चात सीता-राम-लक्ष्मण वनवास प्रसंग का मार्मिक वर्णन किया गया जिसमें त्याग, मर्यादा और धर्म पालन की भावना को विशेष रूप से रेखांकित किया गया है।

## एसडीओ ने किया औचक निरीक्षण, लापरवाही पर कार्रवाई के निर्देश



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खिजरसराय।** नीमचक बथानी अनुमंडल पदाधिकारी केशव आनंद ने बुधवार को खिजरसराय प्रखंड के सरबहदा क्षेत्र स्थित विभिन्न विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई विद्यालयों में अनियमितताएं सामने आई जिस पर एसडीओ ने कड़ी नाराजगी जताते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए।

निरीक्षण के क्रम में आदर्श मध्य विद्यालय में एक शिक्षक बिना सूचना के अनुपस्थित पाए गए जबकि कई शिक्षकों द्वारा पाठ टीका पंजी अद्यतन नहीं रखा गया था। इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए एसडीओ ने संबंधित शिक्षकों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई का निर्देश दिया। साथ ही विद्यालय में शैक्षणिक माहौल सुधारने और नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। वहीं उच्च माध्यमिक विद्यालय सरबहदा की स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर पाई गई। यहां शिक्षण कार्य एवं अभिलेखों का संधारण संतोषजनक रहा जिस पर एसडीओ ने संतोष व्यक्त किया। इस दौरान केशव आनंद ने स्पष्ट कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता और विद्यालयों में अनुशासन बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है।

## घर के बाहर से बाइक की चोरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गया)।** थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल चोरी की घटना बुधवार को प्रकाश में आया है। इस संबंध में पीड़ित द्वारा कोंच थाना में आवेदन दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम केर मठिया निवासी सूबेलाल कुमार उर्फ सूबेलाल यादव (पिता स्व. प्रदीप यादव) ने बताया कि वह 21 अप्रैल की शाम कौड़ियां बिगहा गांव में रिश्तेदार के एक तिलक समारोह में शामिल होने गए थे। उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल जनमासा के पास खड़ी की थी। रात्रि करीब 12 बजे तिलक चढ़ाने के लिए वह घर के आंगन में गए थे। तिलक कार्यक्रम समाप्त होने के बाद जब वह बाहर लौटे तो देखा कि उनकी बाइक वहां से गायब थी। इसके बाद उन्होंने आसपास काफी खोजबीन की, लेकिन बाइक का कोई पता नहीं चल सका।

## चाकन नेशनल हाईवे 22 पर दो ट्रकों में भीषण टक्कर, ट्रक के उड़े परखच्चे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेलागंज।** नेशनल हाईवे-22 पर चाकंद थाना क्षेत्र में बीती रात एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई जिसमें दो ट्रकों के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसा रात करीब 2:30 बजे का बताया जा रहा है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एक ट्रक के परखच्चे उड़ गए और दूसरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। जानकारी के अनुसार एक ट्रक कोयला लादकर जा रहा था जबकि पीछे से आ रहा गिट्टी लदा ट्रक अचानक उसमें जा भिड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, चालक को नींद आने के कारण यह हादसा हुआ। टक्कर के बाद गिट्टी लदा ट्रक संतुलन खोकर सड़क पर पलट गया जबकि कोयला लदा ट्रक डिवाइडर से जा टकराया। घटना के बाद कुछ समय के लिए हाईवे पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और यातायात भी प्रभावित हुआ। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस भीषण हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। दोनों ट्रकों के चालक और खलासी सुरक्षित बताए जा रहे हैं जिन्हें मामूली चोटें आई हैं। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात को सुचारू कराया।

## इनर ह्वील क्लब आफ गया सिटी ने किया दंत जांच शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया जी।** इनर ह्वील क्लब ऑफ गया सिटी की ओर से प्राथमिक विद्यालय, इम्लियाचक में बच्चों का दांत की जांच की गई साथ ही उन्हें साफ-सफाई से रहने को भी कहा गया, विद्यालय के सारे बच्चों को टूथपेस्ट दिया गया साथ ही उन्हें सुबह-शाम ब्रश करने को भी बताया गया। कार्यक्रम में डॉक्टर सुप्रिया भदानी ने अपना बहुमूल्य समय देकर बच्चों की जांच की। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीमा भदानी ने की और उनका साथ पी पी निशा सेठ, निशा भदानी ने दिया। विद्यालय प्रधानाध्यापक रौशन जी का सहयोग रहा। इसकी जानकारी क्लब एडिटर शिवानी बर्णवाल ने दी।

## शॉर्ट सर्किट से 200 बोझा गेहूं जला

**कोंच (गया)।** प्रखंड क्षेत्र के परसावां पंचायत अंतर्गत कनौदी गांव में बुधवार दोपहर करीब 3 बजे शॉर्ट सर्किट से लगी आग में वार्ड सदस्य चंदन कुमार के 200 बोझा गेहूं जलकर राख हो गए।

## बिजली चोरी के आरोप में तीन पर प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गया)।** प्रखंड के उतरेंन टोला, चेत बिगहा गांव में बिजली विभाग की टीम ने छापेमारी अभियान चलाया। यह कार्रवाई कनीय अभियंता विकास कुमार के नेतृत्व में की गई। छापेमारी के दौरान बिजली चोरी के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। सुषमा देवी (पति पारसनाथ सिंह) पर 12,206 रुपये, विश्वनाथ सिंह पर 20,088 रुपये तथा राजू देवी (पति मनोज सिंह) पर 20,296 रुपये का जुर्माना लगाया गया। इस संबंध में कोंच थाना में कांड संख्या 104/26 दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## निरन्तर 43 वां संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर डॉ भीमराव अम्बेडकर स्मृति में सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना की ओर से आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के अन्तर्गत डॉ भीमराव अम्बेडकर स्मृति अन्तर्जालीय अन्तर्राष्ट्रीय संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर का भव्य समापन समारोह संस्कृतमय वातावरण में सम्पन्न हुआ। यह निरन्तर 43 वां संस्कृत सम्भाषण शिविर है जिसमें अनेक महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय के आचार्य जुड़े। अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना के महासचिव डॉ मुकेश कुमार ओझा ने कहा कि संस्कृत भाषा को जन -जन तक पहुंचाकर ही सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सकती है। उद्घाटन उद्बोधन में अभियान के प्रधान संरक्षक डॉ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि भारतवासियों का विकास संविधान के माध्यम से हो सकता है जिसके शिल्पकार डॉ भीमराव अम्बेडकर थे। अभियान की राष्ट्रीय संयोजिका प्रो. रागिनी वर्मा मुख्य वक्ता के रूप में विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विश्व में शांति संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार से ही संभव है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उग्र नारायण झा एवं डॉ लीना चौहान, विशिष्ट अतिथि डॉ अनिल कुमार चौबे, डॉ मधु कुमारी, डॉ दीप्ति कुमारी, डॉ अवंतिका कुमारी, डॉ नीरा कुमारी, प्रो. एच.के. सिंह सहित अनेक वक्ताओं ने कहा कि सभी भाषाओं का मूल संस्कृत है संस्कृत ही विश्व को परिवार मानता है।


## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

### सैरात बन्दोबस्ती सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम मेदिनीनगर क्षेत्रान्तर्गत निम्नांकित सैरातों की बन्दोवस्ती वर्ष 2026–27 (01 मई 2026 से 31 मार्च 2027 तक) के लिए खुली डाक बोली द्वारा दिनांक **28.04.2026** को 12.30 बजे अपराह्न को होगी। जिस सैरात की डाक उक्त तिथि को नहीं होगी वह डाक दिनांक **29.04.2026** को 12.30 बजे अपराह्न को होगी। डाक से संबंधित सभी कागजात दिनांक 30.04.2026 को कार्यालय में राजस्व शाखा में जमा करना सुनिश्चित करेंगे। सैरातो की डाक मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय सभा कक्ष में की जाएगी।

| क्र0 सं0 | सैरातों का नाम | वर्ष 2025–26 डाक की राशि | वर्ष 2026–27 के लिए सरकारी डाक राशि 15% वृद्धि के पश्चात। | वर्ष 2026–27 के लिए 11 माह का डाक की राशि | जमानत की राशि (सरकारी डाक राशि का 25%) | रूट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | **A. सब्जी बाजार सैरात** | | | | | |
| 1 | मुख्य सब्जी बाजार क्षेत्र (मुख्य सब्जी बाजार। | 45,70,000/- | 5255500 | 4817542 | 1204385 | कन्नी राम चौक, हॉस्पीटल चौक, कचहरी, सदीक मंजिल चौक, गिरिवर स्कूल के निकट होते पुनः कन्नी राम चौक तक। |
| 2 | सब्जी बाजार पाँकी रोड़ रेड़मा, एवं सब्जी बाजार जी0एल0ए0 कॉलेज गेट के निकट। | 7,89,500/- | 907925 | 832265 | 208066 | दुर्गा पेट्रोल पम्प के समीप, रेड़मा चौक, जी0एल0ए0 कॉलेज गेट के पास एवं ITI राँची रोड़। |
| 3 | सब्जी बाजार, स्टेशन/गाँधी मैदान रोड़ | 8,15,500/- | 937825 | 859673 | 214920 | बिरसा मुण्डा चौक के समीप सम्पुर्ण सब्जी मार्केट। |
| 4 | चैनपुर, सब्जी बाजार | 5,22,000/- | 600300 | 550275 | 137570 | चैनपुर सम्पूर्ण सब्जी बाजार। |
| 5 | सदीक चौक सब्जी बाजार | 4,20,000/- | 483000 | 442750 | 110688 | संदीक मंजिल चौक से आत्मा कार्यालय तक पुनः सदीक मंजिल चौक से नामधारी गुरूद्वारा चौक से होते आर0पी0 सिन्हा के घर तक पुनः सदीक चौक से विश्वकर्मा गैरेज तक। |
| 6 | बकरी बाजार | 2,32,500/- | 267375 | 245094 | 61275 | गिरिवर स्कूल के निकट एवं सम्पूर्ण शहर में मांस– मछली दुकान से वसुली। |
| 7 | बैरिया, सब्जी बाजार | 2,00,000/- | 230000 | 210834 | 52708 | बैरिया चौक के समीप एवं बैरिया चौक से गायत्री मंदिर तक। |
| | **B. वाहन पार्किंग सैरात** | | | | | |
| 8 | हॉस्पिटल चौक के समीप आई0एम0ए0 हॉल के सामने एवं (छोटी गाड़ियों के लिए) – गीता भवन से थाना तक। | 7,81,000/- | 898150 | 823305 | 205826 | छःमुहान चौक होते थाना होते अम्बेदकर पार्क होते गीता भवन होते आई0एम0 ए0 हॉल होते हॉस्पीटल चौक क्षेत्र तक। |
| 9 | **वाहन स्टैण्ड** (टैक्सी/टैम्पु/मीनी बस स्टैण्ड इत्यादि) – संदीक मंजिल चौक, कोयल पुल के निकट (संदिक मंजिल चौक से कॉपरेटीभ चौक, नामधारी गुरूद्वारा चौक, तीनकोनिया मोड़ एवं पलामू क्लब रोड़ तक) | 8,20,000/- | 943000 | 864417 | 216104 | सदीक मंजिल चौक से कोयल ब्रिज तक, सदीक मंजिल चौक से कॉपरेटिभ चौक तक तथा सदीक मंजिल चौक होते नामधारी गुरूद्वारा होते होटल निरवाना चौक तक। |
| 10 | छःमुहान से सेवा सदन तक | 2,70,000/- | 310500 | 284625 | 71156 | छःमुहान चौक होते जिला स्कूल होते महिन्द्रा आक्रेट होते पोस्ट ऑफिस होते सेवा सदन एवं पोस्ट ऑफस चौक होते तीनकोणिया चौक होते साईबर क्राईम कार्यालय तक। |
| 11 | स्टैण्ड रिहर्सल मोड़ रतन लाल पेट्रोल पम्प के सामने। | 3,45,000/- | 396750 | 363688 | 90922 | टैक्सी स्टेण्ड क्षेत्र। |
| 12 | चैनपुर स्टेण्ड | 2,20,000/- | 253000 | 231917 | 57979 | चैनपुर टेम्पु स्टेण्ड |
| 13 | सरकारी बस स्टेण्ड | 3,43,960/- | 395394 | 362592 | 90648 | सरकारी बस स्टेण्ड। |
| 14 | कचहरी कैम्पस पार्किंग | 4,22,000/- | 485300 | 444859 | 111215 | कचहरी कैम्पस पार्किंग। |
| | **कुल राशि** | | **12364019/-** | **11333836/-** | **2833462/-** | |

ह0/–
सहायक नगर आयुक्त
मेदिनीनगर नगर निगम

**डाक की नियम एवं शर्तें :–**

1. डाक बोली के एक दिन पूर्व, जमानत राशि का बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक, नगर आयुक्त मेदिनीनगर नगर निगम के पद्नाम से देय होगा जो बंधन बैंक, डालटनगंज में भुगतेय होगा। डाक समाप्ति के बाद प्रथम डाकवक्ता को छोड़कर बाकी डाक बोलने वाले व्यक्ति को जमानत की राशि वापस कर दी जायेगी। किसी भी परिस्थिति में चेक स्वीकार नहीं किया जायेगा। जमानत की राशि जमा नहीं करने पर डाक में भाग नहीं ले सकते है।
2. आवेदन पत्र के साथ जमानत राशि का बैंक ड्राफ्ट/बैकर्स चेक, सक्षम पदाधिकारी से निर्गत निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं PAN Card. एवं शपथ पत्र संलग्न करना आवश्यक है।
3. डाक में दो बोली के बीच की अन्तर राशि 2500.00 रू0 होगी।
4. डाक समाप्ति के पश्चात् सर्वोच्च डाकवक्ता को डाक की सम्पूर्ण राशि बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक द्वारा क्रमांक–1 के डाकवक्ता को 8 माह तथा शेष क्रमांक तक के डाकवक्ता को छः माह तक पूर्ण भुगतान कार्यालय में जमा करना होगा।
5. यदि सर्वोच्च डाकवक्ता उपरोक्त समय पर डाक की राशि जमा नहीं करते हैं तो क्रमशः द्वितीय डाकवक्ता से डाक की राशि जमा कराकर उनके साथ सैरात की बन्दोवस्ती कर दी जायेगी और प्रथम डाकवक्ता का जमानत की राशि जब्त कर इनका दावा रद्द कर दिया जायेगा।
6. सैरात बन्दोबस्ती का एकरारनामा निबंधन कार्यालय से निबंधन कराना अनिवार्य है।
7. बन्दोवस्ती लेने वाले व्यक्ति को मेदिनीनगर नगर निगम के नियम एवं शर्तों के अनुरूप एकरारनामा करना होगा इसके बाद ही वसुली हेतु प्राधिकार पत्र निर्गत किया जायेगा।
8. **वह व्यक्ति डाक में भाग नहीं लेंगे जिसके पास मेदिनीनगर नगर निगम का किसी भी तरह का बकाया (सैरात/होल्डिंग टैक्स इत्यादि) होगा। शपथ पत्र साथ संलग्न करेंगे।**
9. **डाकवक्ता को वसूली प्रारम्भ करने के पूर्व दर तालिका का बोर्ड लगाना अनिवार्य होगा, और वे निर्धारित दर पर ही वसुली करेगें, अन्यथा किसी प्रकार का अनियमितता पाये जाने पर एकरारनामा रद्द कर दिया जायेगा।**
10. निर्धारित शर्त के उल्लधंन या बिना किसी वैध कारण के राशि जमा करने में विलम्ब करने के लिये एकरारनामा रद्द किया जा सकता है एवं अन्य विपरीत परिस्थिति यथा विधि–व्यवस्था या जनहित के मुद्दे आने पर एकरारनामा रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।
11. पड़ाव स्थल से वाहनों की चोरी एवं क्षतिग्रस्त होने पर नगर निगम जिम्मेवार नहीं होगी। उसकी जिम्मेवारी बन्दोबस्तधारी की होगी।
12. मुख्य सब्जी बाजार, रेड़मा सब्जी बाजार, गांधी मैदान सब्जी बाजार, चैनपुर सब्जी बाजार, सदीक मंजील चौक सब्जी बाजार, मुख्य मार्ग से 50 फीट दूरी पर सब्जी बाजार लगाना होगा। साथ ही लता मांगेशकर चौक से शहीद चौक के चारो तरफ No वेंडर जोन रहेगा। साथ ही नामधारी गुरूद्वारा से आर0पी0 सिन्हा के घर तक No वेडर जोन रहेगा।
13. गिरिवर स्कूल से 50 फीट छोडकर बकरी बाजार लगाना है।
14. शिवाजी मैदान में पार्किंग जोन नहीं रहेगा।
15. डाकवक्ता को 50% प्रतिशत राशि डाक लेने के उपरान्त 30 दिनों के अन्दर जमा के पश्चात् शेश राशि 50% के लिए नेशनलाइज्ड बैंक से बैंक गारंटी लेना अनिवार्य होगा ताकि शेश राशि छःमाह में वसूली किया जा सके।
16. डाक में निर्धारित 25% प्रतिशत जमानत राशि किसी भी प्रकार से सैरात की राशि मे विलय नहीं होगा। असफल डाकवक्ता को डाक निर्धारित होने पर 25% प्रतिशत की जमानत राशि वापस की जायेगी।
17. सैरात की डाक वसूली कार्यालय द्वारा निर्गत रसीद के माध्यम से की जायेगी। सभी डाकवक्ता हर माह अपने क्षेत्र से अधिकृत सैरात की रसीद कार्यालय से प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे।
18. सभी डाकवक्ता निगम द्वारा निर्धारित स्थल पर ही सैरात बन्दोबस्ती की वसूली करना सुनिश्चित करेंगे।
19. बिना कारण बताये किसी भी डाक को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा एवं किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।
20. किसी भी प्रकार का न्यायिक विवाद का निबटारा स्थानीय न्यायालय में ही किया जा सकेगा।
21. **सभी सैरात बन्दोबस्ती धाराको को सभी चालान/रसीद निगम द्वारा प्राप्त करना अनिवार्य होगा। बिना प्राप्त रसीद/चालान से वसुली करना अवैध माना जायेगा तथा सम्बंधित सैरात बन्दोबस्ती धारक की बन्दोबस्ती रद्द कर दी जायेगी। चालान एवं रसीद का शुल्क संवेदक के द्वारा वहन किया जाएगा।**
22. सभी सैरात बन्दोबस्ती धारको को निगम द्वारा निर्धारित शुल्क/दर तथा निर्धारित क्षेत्र पर ही सैरात वसुली करना अनिवार्य होगा।
23. सभी सैरात बन्दोबस्ती धारक अपने अधीनस्त सभी वसुलीकर्त्ता को पहचान पत्र देना सुनिश्चित करेंगे।
24. प्रथम डाकवक्ता को डाक लेने के उपरान्त 50 प्रतिशत राशि जमा करना अनिवार्य होगा, और इसके उपरान्त शेश राशि 6–6 माह माह में दो किस्तों में जमा करना अनिवार्य है। यदि प्रथम डाकवक्ता के द्वारा शेश 50 प्रतिशत राशि 6 माह में जमा नहीं किया जाता है तो प्रतिदिन 100 रू0 के दर से दण्ड शुल्क देय होगा। (झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम के अध्याय 47 के धारा– 600 के आधार पर।)

ह0/–
सहायक नगर आयुक्त
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 378135 (District)26-27*D

संपादकीय

# भीषण गर्मी में झुलसता मप्र

अप्रैल अभी आधा से ज्यादा ही बीता है, लेकिन सूरज का कोप जानलेवा होता जा रहा है। रतलाम जैसे जिलों में पारा 44 डिग्री तक जा पहुंचा है। बताया जा रहा है कि ये गर्म हवाएं राजस्थान की जगह विदर्भ से आ रही हैं। भोपाल, इंदौर, जबलपुर जैसे राज्य के बड़े शहर बुरी तरह तप रहे हैं। इसका सीधा असर जनजीवन पर पड़ा है। मौसम का यह मिजाज अजीब है। जहां ज्यादातर जिले आग में झुलस रहे हैं, वही छह जिलों में बारिश की चेतावनी मौसम विभाग ने दी है। इससे भोपाल जैसे शहरों में उमस और बढ़ गई है। साथ ही मौसम विभाग ने प्रदेश के नर्मदापुरम, छिंदवाड़ा, बालाघाट, छतरपुर, टीकमगढ़, झाबुआ, अलीराजपुर, धार, रतलाम, रायसेन, बैतूल, पांढुर्णा, मंडला, सिवनी, पन्ना और निवाड़ी में लू चलने की चेतावनी जारी की है। कई जगह लू के कारण लू लगने तथा उल्टी दस्त आदि के मरीजों की संख्या भी बढ़ने लगी है। उधर स्कूलों में यह नया सत्र शुरू होने और कुछ जगह परीक्षाओं का समय है। सबसे ज्यादा मुश्किल स्कूली बच्चों की है। लिहाजा कलेक्टरों ने कई जिलों में स्कूलों का समय बदल दिया है। प्रदेश की राजधानी भोपाल में स्कूलों का समय अब सुबह 7:30 से दोपहर 12 बजे तक कर दिया गया है। वहीं, नर्मदापुरम, ग्वालियर, बालाघाट, मैहर, रतलाम, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, रायसेन, डिंडौरी, अनूपपुर और उमरिया में भी नई टाइमिंग तक ही स्कूल लगेंगे। ग्वालियर जिले में प्री प्राइमरी से लेकर 12वीं तक की सभी क्लास दोपहर 12 बजे तक ही संचालित होगी। शासन की ओर से पूर्व निर्धारित परीक्षा समेत अन्य आवश्यक कार्यक्रम यथावत रहेंगे। इस बीच मौसम विभाग ने गर्मी से बचने के लिए एडवायजरी जारी करते हुए कहा है कि लू से बचने के लिए वे दिनभर पर्याप्त पानी पिएं और शरीर को हाइड्रेट रखें। दोपहर के समय लंबे समय तक धूप में न रहे। हल्के वजन और रंग के सूती कपड़े पहनें। बच्चे और बुजुर्ग खासतौर पर ध्यान रखें। इस भयंकर गर्मी के कुछ जगह मौसम का मिजाज बदल रहा है। गर्मी के साथ साथ कुछ जिलों में ओला वृष्टि भी हुई। पहले मई को सर्वाधिक गर्म महीना समझा जाता था। अब अप्रैल में ही इतनी गर्मी पड़ जाती है कि मई का महीना तुलनात्मक रूप से ठंडा लगने लगा है। जाहिर है कि पूरा मौसम चक्र ही बदल रहा है। मौसम विभाग का भी यही कहना है कि आजकल अप्रैल के दूसरे महीने मे ज्यादा गर्मी पड़ती है। जबकि शिक्षण संस्थानों में छुट्टियां मई से शुरू होती हैं। समय आ गया है शिक्षण संस्थाओं और खासकर स्कूलों में छुट्टियों का क्रम कुछ बदला जाना चाहिए। अमूमन स्कूल अभी जुलाई में बारिश शुरू होते ही खुलने हैं। इसकी जगह छुट्टियां अप्रैल से मई तक रखकर जून में नया सत्र शुरू करने के बारे में गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए। वैसे मौसम का यह बदलाव वैश्विक है। धरती का औसत तापमान बढ़ने का असर हर चीज पर पड़ रहा है। गर्मी ब्रढ़ने से अंटार्कटिका में बर्फ के पहाड़ तेजी से पिघल रहे हैं। जिससे तापमान और ऋतु चक्र का संतुलन बिगड़ रहा है। या तो भीषण गर्मी पड़ती है या फिर भयंकर सर्दी पड़ती है। बारिश होती है तो ऐसी कि जानलेवा बन जाती है। समूचे विश्व में बढ़ते प्रदूषण और मानवीय गतिविधियों के कारण ओजोन छतरी भी दरक रही है। वैज्ञानिक बार बार चेतावनी दे रहे हैं, लेकिन किसी के कानों पर जूं नहीं रेंग रही है। लोग अपने भौतिक और सत्ता स्वार्थ में इन बातों को दरकिनार कर रहे हैं और हमारी धरती धीरे-धीरे विनाश की ओर बढ़ रही है। इसमें कोई सुधार होगा, ऐसा नहीं लगता।

# सड़कों को मौत नहीं, जीवन का रास्ता बनाएं

**भारत में सड़क नेटवर्क का तेजी से विस्तार, विशेषकर राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे का निर्माण, विकास और प्रगति का प्रतीक माना जाता है। बेहतर कनेक्टिविटी, कम यात्रा समय और व्यापारिक सुगमता ने अर्थव्यवस्था को गति दी है। लेकिन इस विकास की एक बड़ी कीमत भी चुकानी पड़ रही है। आंकड़े बताते हैं कि देश की कुल सड़कों में राष्ट्रीय राजमार्गों की हिस्सेदारी बहुत कम है, फिर भी सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों का बड़ा हिस्सा इन्हीं पर होता है। यह स्थिति इस बात का संकेत है कि समस्या केवल यातायात की संख्या नहीं, बल्कि सड़क निर्माण की गुणवत्ता, डिजाइन और प्रबंधन से जुड़ी है। राजमार्गों पर दुर्घटनाओं का एक बड़ा कारण ट्रैफिक नियमों का पालन न करना है। तेज गति यानी ओवरस्पीडिंग आज भी सबसे बड़ी वजह बनी हुई है।**

सड़कें जीवन को जोड़ने के लिए बनाई जाती हैं, उसे समाप्त करने के लिए नहीं। लेकिन भारत में आज हालात कुछ और ही कहानी कहते हैं। खासकर राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं ने इन जीवनदायी रास्तों को मानो 'मौत के गलियारे' में बदल दिया है। यह चिंताजनक स्थिति केवल चालकों की लापरवाही का परिणाम नहीं है, बल्कि यह हमारी अव्यवस्थित योजना, कमजोर कानून-प्रवर्तन और प्रशासनिक जवाबदेही की कमी का सम्मिलित दुष्परिणाम है। हाल ही में न्यायपालिका द्वारा जताई गई चिंता और दिए गए निर्देश इस संकट की गंभीरता को स्पष्ट करते हैं, लेकिन जब तक व्यवस्था की गहराई में मौजूद खामियों को दूर नहीं किया जाएगा, तब तक ये प्रयास केवल अस्थायी राहत ही बनकर रह जाएंगे।

भारत में सड़क नेटवर्क का तेजी से विस्तार, विशेषकर राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे का निर्माण, विकास और प्रगति का प्रतीक माना जाता है। बेहतर कनेक्टिविटी, कम यात्रा समय और व्यापारिक सुगमता ने अर्थव्यवस्था को गति दी है। लेकिन इस विकास की एक बड़ी कीमत भी चुकानी पड़ रही है। आंकड़े बताते हैं कि देश की कुल सड़कों में राष्ट्रीय राजमार्गों की हिस्सेदारी बहुत कम है, फिर भी सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों का बड़ा हिस्सा इन्हीं पर होता है। यह स्थिति इस बात का संकेत है कि समस्या केवल यातायात की संख्या नहीं, बल्कि सड़क निर्माण की गुणवत्ता, डिजाइन और प्रबंधन से जुड़ी है। राजमार्गों पर दुर्घटनाओं का एक बड़ा कारण ट्रैफिक नियमों का पालन न करना है। तेज गति यानी ओवरस्पीडिंग आज भी सबसे बड़ी वजह बनी हुई है। जिन सड़कों को तेज और सुगम यात्रा के लिए बनाया जाता है, वहीं गति नियंत्रण के पर्याप्त साधन नहीं होते। इसके साथ ही लापरवाह ड्राइविंग, जैसे लेन अनुशासन की कमी, अचानक ओवरटेक करना और सुरक्षा नियमों की अनदेखी दुर्घटनाओं के खतरे को और बढ़ा देती है। जब नियमों का पालन सख्ती से नहीं होता, तो लोग उन्हें हल्के में लेने लगते हैं और यही लापरवाही जानलेवा साबित होती है।

एक बड़ी समस्या है राजमार्गों के किनारे अवैध पार्किंग और अतिक्रमण। अक्सर ट्रक



और बसें सड़क के किनारे या कई बार मुख्य मार्ग पर ही खड़ी कर दी जाती हैं, खासकर रात के समय। तेज रफ्तार से चल रहे वाहनों के लिए यह अचानक सामने आने वाली बाधा घातक साबित होती है। इसके अलावा, सड़क किनारे ढाबे, दुकानें और अस्थायी बाजार भी अतिक्रमण कर लेते हैं, जिससे पैदल लोगों की आवाजाही बढ़ जाती है और यातायात बाधित होता है। ये सभी स्थितियाँ मिलकर सड़कों को असुरक्षित और अनिश्चित बना देती हैं। इन्फ्रास्ट्रक्चर की कमियाँ भी दुर्घटनाओं को बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभाती हैं। कई जगहों पर सड़कें ठीक तरह से डिजाइन नहीं की गई होतीं, संकेतक (साइन बोर्ड) पर्याप्त नहीं होते, रोशनी की कमी रहती है और जरूरी जगहों पर सुरक्षा बैरियर नहीं लगाए जाते। कई बार राजमार्ग घनी आबादी वाले क्षेत्रों से गुजरते हैं, लेकिन वहां पैदल पारपथ, सर्विस लेन या गति नियंत्रित करने के उपाय नहीं होते। इससे यह स्पष्ट होता है कि सड़क निर्माण में सुरक्षा को प्राथमिकता नहीं दी जाती, बल्कि केवल गति और विस्तार पर जोर दिया जाता है।

जवाबदेही की कमी भी इस समस्या को और गंभीर बनाती है। सड़क प्रबंधन में कई एजेंसियाँ शामिल होती हैं- राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, राज्य सरकारें, ट्रैफिक पुलिस और स्थानीय प्रशासन। लेकिन इनके बीच समन्वय की कमी के कारण काम सही ढंग से नहीं हो पाता। जब कोई दुर्घटना होती है, तो जिम्मेदारी तय करना मुश्किल हो जाता है और अक्सर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। इस बिखरी हुई व्यवस्था के कारण लापरवाही बनी रहती है और सुधार की गति धीमी पड़ जाती है। न्यायपालिका ने इस स्थिति को सुधारने के लिए कई निर्देश दिए हैं, जैसे अतिक्रमण हटाना, पार्किंग को नियंत्रित करना, आधुनिक निगरानी प्रणाली लगाना और विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल सुनिश्चित करना। ये कदम निश्चित रूप से जरूरी हैं, लेकिन इनकी सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि इन्हें कितनी गंभीरता से लागू किया जाता है। हमारे देश में अक्सर अच्छे नियम बनाए जाते हैं, लेकिन उनका पालन सही ढंग से नहीं हो पाता। इसलिए असली चुनौती नीतियाँ बनाना नहीं, बल्कि उन्हें जमीन पर उतारना है।

तकनीक भी सड़क सुरक्षा को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। स्मार्ट ट्रैफिक सिस्टम, स्पीड कैमरा, नंबर प्लेट पहचान प्रणाली और रियल-टाइम मॉनिटरिंग जैसे उपाय नियमों के पालन को सुनिश्चित कर सकते हैं। डेटा के आधार पर दुर्घटना-प्रवण क्षेत्रों की पहचान कर वहां विशेष कदम उठाए जा सकते हैं। लेकिन तकनीक तभी प्रभावी होगी, जब उसके साथ मजबूत प्रशासनिक व्यवस्था और जवाबदेही भी जुड़ी हो। सड़क सुरक्षा में आम लोगों की भूमिका भी बेहद अहम है।

अक्सर इसे केवल सरकार की जिम्मेदारी माना जाता है, लेकिन यह हर नागरिक का कर्तव्य भी है। वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाना, मोबाइल फोन का उपयोग न करना, लेन का पालन करना और गति सीमा का सम्मान करना जैसे छोटे-छोटे कदम भी कई जिंदगियाँ बचा सकते हैं। जागरूकता अभियान और सख्त दंड व्यवस्था लोगों में जिम्मेदारी की भावना विकसित कर सकते हैं।

हालांकि यह भी सच है कि केवल व्यक्तिगत सावधानी से समस्या का समाधान नहीं हो सकता। यदि सड़कें ही खराब हों, संकेतक न हों या अचानक अवरोध सामने आ जाए, तो सावधान चालक भी दुर्घटना का शिकार हो सकता है। इसलिए सड़क सुरक्षा को एक साझा जिम्मेदारी के रूप में देखना होगा, जिसमें सरकार और नागरिक दोनों की भूमिका समान रूप से महत्वपूर्ण हो। एक और महत्वपूर्ण पहलू है आपातकालीन सेवाओं की व्यवस्था। कई मामलों में समय पर इलाज मिलने से जान बचाई जा सकती है, लेकिन अक्सर एंबुलेंस देर से पहुंचती है या आसपास उचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं होती। यदि राजमार्गों के किनारे आधुनिक ट्रॉमा सेंटर और बेहतर एंबुलेंस नेटवर्क विकसित किए जाएँ, तो मृत्यु दर को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

सड़क दुर्घटनाओं की आर्थिक और सामाजिक कीमत भी बहुत बड़ी होती है। एक दुर्घटना केवल एक व्यक्ति की जान नहीं लेती, बल्कि पूरे परिवार को संकट में डाल देती है। कई बार परिवार का कमाने वाला सदस्य खो जाता है, जिससे आर्थिक और मानसिक दोनों तरह का नुकसान होता है। इस दृष्टि से सड़क सुरक्षा केवल एक तकनीकी मुद्दा नहीं, बल्कि एक मानवीय समस्या है, जिस पर तुरंत ध्यान देने की आवश्यकता है। अब समय आ गया है कि हम सड़क निर्माण और प्रबंधन के अपने दृष्टिकोण को बदलें। हर स्तर पर सुरक्षा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, चाहे वह योजना बनाना हो, निर्माण करना हो या संचालन करना। अंतरराष्ट्रीय मानकों को अपनाना, नियमित सुरक्षा जांच करना और जोखिम कम करने वाले उपायों को लागू करना बेहद जरूरी है। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वालों के लिए सख्त दंड और पारदर्शी जवाबदेही व्यवस्था भी सुनिश्चित करनी होगी। सच कहें तो यहां एक प्रश्न उठता है कि भारत विश्वस्तरीय सड़कें बना सकता है या नहीं, बल्कि यह है कि क्या वह उन्हें अपने नागरिकों के लिए सुरक्षित बना सकता है। ऐसा विकास, जो मानव जीवन की कीमत पर हो, वास्तव में विकास नहीं कहा जा सकता।

## अध्यात्म

### जिसका भी मनोबल जागा वो असंभव काम भी कर जाता है



राजा सुकीर्ति के पास एक लौहश्रुन्घ नामक हाथी था। राजा ने कई युद्ध में उसपर चढ़ाई करके विजय पायी थी। बचपन से ही उसे इस प्रकार से तैयार किया गया था कि युद्ध में शत्रु सैनिको को देखकर वो उनपर इस तरह टूट पड़ता कि देखते ही देखते शत्रु के पाँव उखड जाते। समय गुजरता गया, और एक समय ऐसा भी आया, जब वह वृद्ध दिखने लगा। अब वह पहले की तरह कार्य नहीं कर पाता था। इसलिए अब राजा उसे युद्ध क्षेत्र में भी नहीं भेजते थे। वह सिर्फ हाथी शाला की शोभा बन कर रह गया। अब उसपर कोई ध्यान नहीं देता था। एक दिन वह सरोवर में जल पीने के लिए गया, लेकिन वहीं कीचड़ में उसका पैर धँस गया और फिर धँसता ही चला गया। उस हाथी ने बहुत कोशिश की, लेकिन वह उस कीचड़ से स्वयं को नहीं निकाल पाया। उसकी चिंघाड़ने की आवाज से लोगों को यह पता चल गया कि वह हाथी संकट में है। हाथी के फँसने का समाचार राजा तक भी पहुँचा। राजा समेत सभी लोग हाथी के आसपास ईकट्ठे हो गए और विभिन्न प्रकार के प्रयत्न उसे निकालने के लिए करने लगे। लेकिन बहुत देर तक प्रयास करने के उपरांत कोई मार्ग नहीं निकला.. तभी गौतम बुद्ध मार्गभ्रमण कर रहे थे। राजा और सारा मंत्रीमंडल तथागत गौतम बुद्ध के पास गये और अनुरोध किया कि आप हमें इस विकट परिस्थिति में मार्गदर्शन करें गौतम बुद्ध ने सबसे पहले घटनास्थल का निरीक्षण किया। और फिर राजा को सुझाव दिया कि युद्ध का माहौल बनाया गया, वाद्ययंत्र मंगवाए गए। नगाड़े बजवाये गए और ऐसा माहौल बनाया गया कि शत्रु सैनिक लौहश्रुन्घ की ओर बढ़ रहे है। और फिर तो लौहश्रुन्घ में एक जोश आ गया। गले तक कीचड़ में धस जाने के बावजूद वह जोर से चिंघाड़ लगाकर सैनिको की ओर दौड़ने लगा। बड़ी मुश्किल से उसे संभाला गया। गौतम बुद्ध ने सबको स्पष्ट किया कि हाथी की शारीरिक क्षमता में कमी नहीं थी, आवश्यकता मात्र उसके अंदर उत्साह के संचार करने की थी। जिसका मनोबल जाग जाता है वो असहाय और अशक्त होने के बावजूद भी असंभव काम कर जाता है।


# अद्वैत वेदान्त की सबसे बड़ी साधना स्थली

**आज से लगभग 1200-1500 वर्ष पहले भारत की स्थिति को याद कीजिए। समाज अंधविश्वासों में जकड़ा था, दर्शन के नाम पर भ्रम था और देश सांस्कृतिक रूप से खंडित हो रहा था। ऐसे समय में दक्षिण के केरल में कालड़ी नामक स्थान पर शिव के अंश के रूप में बालक शंकर का प्राकट्य हुआ। उस बालक ने बुझते हुए सनातन धर्म के दीपक में अपने ज्ञान का घी डालकर उसे पुनः प्रज्वलित किया था। वह कोई साधारण बालक नहीं थे। 8 वर्ष की आयु में चारों वेदों का ज्ञान, 12 वर्ष की आयु में सभी शास्त्रों में पारंगत और 16 वर्ष की आयु में 'ब्रह्मसूत्र भाष्य' की रचना! यह किसी मनुष्य के लिए असंभव है, यह केवल ईश्वरीय शक्ति ही कर सकती थी। ऐसे आचार्य शंकर को उनके प्रकटोत्सव पर संपूर्ण भारतवर्ष नमन कर रहा है।**

जब बालक शंकर सन्यास लेकर गुरु की खोज में निकले, तो उनके कदम मध्य प्रदेश की पावन धरा ओंकारेश्वर की ओर बढ़े। नर्मदा के तट पर गुरु गोविंद भगवत्पाद ने जब उनसे पूछा— तुम कौन हो? तब शंकर ने जो उत्तर दिया, वही अद्वैत का सार है। उन्होंने यह नहीं कहा कि मैं एक बालक हूँ या सन्यासी हूँ। उन्होंने कहा— न मृत्युर्न शंका न मे जातिभेद:... चिदानन्दरूप: शिवोऽहम् शिवोऽहम्। अर्थात् मैं तो आनंद स्वरूप शिव हूँ। ओंकारेश्वर की गुफाओं में अद्वैत वेदांत का वह बीज बोया गया, जिसने आगे चलकर पूरे भारत को एक सूत्र में पिरोया। आज ओंकारेश्वर में बन रहा 'एकात्म धाम' इसी ऐतिहासिक घटना का जीवंत स्मारक है।

आचार्य शंकर केवल एक दार्शनिक नहीं थे, वे भारत के पहले सांस्कृतिक राष्ट्र निर्माता थे। उन्होंने शस्त्र नहीं, शास्त्र उठाए। उन्होंने पैदल पूरे भारत की यात्रा की और शास्त्रार्थ के माध्यम से मतभेदों को मिटाया। उन्होंने भारत की चारों दिशाओं में— उत्तर में बद्रिकाश्रम, दक्षिण में श्रृंगेरी, पूर्व में पुरी और पश्चिम में द्वारका— मठ स्थापित किए। यह इस बात का प्रमाण था कि भारत भौगोलिक रूप से ही नहीं, बल्कि आध्यात्मिक रूप से भी एक अखंड इकाई है। उन्होंने अद्वैत का संदेश दिया। उन्होंने सिखाया कि जीव और ब्रह्म अलग नहीं हैं। सर्वं खल्विदं ब्रह्म—अर्थात् सब कुछ ईश्वर ही है। जब सब ईश्वर है, तो समाज में छुआछूत, भेदभाव और घृणा का कोई स्थान नहीं बचता।

प्रश्न उठता है कि आज 21वीं सदी में हमें आचार्य शंकर की क्या आवश्यकता है? आज जब दुनिया डिप्रेशन, अकेलेपन और आपसी संघर्ष से जूझ रही है, तब शंकर का अद्वैतवाद हमें मानसिक शांति देता है। यह हमें बताता है कि हम अकेले नहीं हैं, हम उस अनंत



चेतना का हिस्सा हैं। आज का विज्ञान (क्वांटम फिजिक्स) भी कहता है कि सब कुछ ऊर्जा है। आचार्य शंकर ने हज़ारों साल पहले इसे ब्रह्म कहा था। यदि हम अद्वैत को समझें, तो हम पर्यावरण को नष्ट नहीं करेंगे, क्योंकि प्रकृति भी हमारा ही विस्तार है।

एकात्म धाम जब पूर्ण रूप से क्रियाशील हो जाएगा, तो यह केवल एक दर्शनीय स्थल नहीं, बल्कि एक जीवंत विश्वविद्यालय और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में उभरेगा। आने वाले समय में यहाँ का आचार्य शंकर अंतरराष्ट्रीय अद्वैत वेदांत संस्थान दुनिया भर के विचारकों के लिए आकर्षण का केंद्र होगा। यहाँ अद्वैत वेदांत पर आधारित अल्पकालिक और दीर्घकालिक कोर्सेज शुरू होंगे। वर्ष भर यहाँ देश-विदेश के शीर्ष दार्शनिकों और वैज्ञानिकों के बीच संवाद होंगे, जहाँ चेतना और आधुनिक विज्ञान के संबंधों पर शोध होगा। एक डिजिटल और फिजिकल लाइब्रेरी होगी जिसमें हजारों दुर्लभ पांडुलिपियाँ और वेदांत ग्रंथ उपलब्ध होंगे।

आने वाले समय में यहाँ आने वाले श्रद्धालु केवल दर्शन नहीं करेंगे, बल्कि अद्वैत को साक्षात जिएंगे। एकात्म धाम पूर्ण होने पर यहां के प्रमुख आकर्षण इस तरह होंगे –

**आभासी यात्रा–** अद्वैत लोक संग्रहालय में 3 डी होलोग्राम और वीआर टेक्नोलॉजी के जरिए श्रद्धालु आदि गुरु शंकराचार्य के साथ उनकी भारत यात्रा पर निकलेंगे। श्रद्धालु साक्षात देखेंगे कि कैसे उन्होंने केरल से कश्मीर तक की यात्रा की।

**लेजर और साउंड शो–** प्रतिदिन संध्या काल में माँ नर्मदा की महिमा और अद्वैत दर्शन पर आधारित एक भव्य लेजर शो आयोजित किया जाएगा, जो मान्धाता पर्वत की पहाड़ियों को अपनी रोशनी से सराबोर कर देगा।

**नौका विहार –** नर्मदा जी के जल में नौका विहार करते हुए श्रद्धालुओं को ऑडियो गाइड के माध्यम से इस क्षेत्र के आध्यात्मिक महत्व की जानकारी दी जाएगी।

**ध्यान और साधना केंद्र –** यहाँ विशेष ध्यान कक्ष होंगे जहाँ मौन साधना की व्यवस्था होगी। यहाँ लोग अपनी भागदौड़ भरी जिंदगी से ब्रेक लेकर हफ़्तों तक साधना कर सकेंगे। प्रतिदिन प्रातः काल में सामूहिक योग शिविर आयोजित किए जाएंगे, जो न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक शांति पर केंद्रित होंगे।

**सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियां –** यहाँ भव्य अद्वैत कलाग्राम स्थापित होगा। स्थानीय और राष्ट्रीय कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। यहाँ पारंपरिक चित्रकला, मूर्तिकला और संगीत की कार्यशालाएं होंगी। हर वर्ष एक भव्य एकात्म यात्रा का आयोजन होगा, जो समाज के हर वर्ग को जाति और पंथ से ऊपर उठकर जोड़ने का कार्य करेगी। यहाँ एक आधुनिक गुरुकुल की झलक मिलेगी जहाँ विद्यार्थियों को वेदों के साथ-साथ आधुनिक शिक्षा भी दी जाएगी।

**स्थानीय आर्थिक विकास –** एकात्म धाम पूर्ण होने पर जब यहाँ दुनिया भर से पर्यटक आएंगे, तो होटल, होमस्टे, गाइड, और हस्तशिल्प के माध्यम से हज़ारों स्थानीय युवाओं को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। स्थानीय स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए नर्मदा प्रसाद और स्मृति चिह्नों का एक बड़ा बाजार विकसित होगा।

आने वाले समय में एकात्म धाम का स्वरूप ऐसा होगा कि यहाँ से कोई भी व्यक्ति केवल फोटो खींचकर नहीं जाएगा, बल्कि अपने भीतर एक रूपांतरण लेकर जाएगा। यह स्थान भारत के उस गौरव को पुनः स्थापित करेगा जिसमें कहा गया था— वसुधैव कुटुंबकम्। यह धाम दुनिया को यह सिखाएगा कि संघर्ष का हल युद्ध नहीं, बल्कि एकात्मता का बोध है। आज के इस उथल-पुथल भरे विश्व में हमारा देश यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में संपूर्ण विश्व को आध्यात्मिक और सांस्कृतिक उन्नति का मार्ग दिखा रहा है। प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को उच्चतम शिखर पर ले जाने के लिए कार्य कर रहें हैं। भव्य एकात्म धाम उसी पावन चिंतन का परिणाम है।

आचार्य शंकर मात्र 32 वर्ष जिए, लेकिन अपनी अल्पायु में उन्होंने वह कार्य किया जो हज़ारों वर्षों तक मानवता का मार्गदर्शन करेगा। उनके प्रकटोत्सव पर हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम जात-पात के भेदों को भुलाकर एकात्म समाज बनाएंगे, और आदिगुरू के आदर्शों के अनुरूप संपूर्ण भारतवर्ष को एकसूत्र में पिरोने का कार्य करेगा। विवेक चूडामणि में वे कहते हैं कि मनुष्य जन्म दुर्लभ है, और उससे भी दुर्लभ है मोक्ष की इच्छा और महापुरुषों का सानिध्य। हम सब सौभाग्यशाली हैं कि हमें आज हजारों सालों से चली आ रही आदिगुरू शंकराचार्य की परम्परा सानिध्य प्राप्त है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज आप अत्यधिक व्यस्त रहने के बावजूद अपनों को समय देंगे। मित्रों के साथ आप अच्छा समय बितायेंगे। आँखों की सेहत का ध्यान रखें।

**वृषभ**
आपकी दिनचर्या व्यवस्थित रहने वाली है। नकारात्मक प्रवृत्ति के लोगों पर अधिक निर्भर न रहें। बच्चों के व्यवहार पर नजर बनाये रखें।

**मिथुन**
आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। सन्त प्रवृत्ति के लोगों से सम्पर्क हो सकता है। राजनीति से जुड़े लोगों को अपने वर्चस्व की चिन्ता रहेगी।

**कर्क**
आज त्वरित प्रतिक्रिया देने के कारण व्यापार में नुकसान हो सकता है। उधार धन के लेन-देन से बचें। अनावश्यक कार्यों में समय बर्बाद न करें।

**सिंह**
करियर को लेकर अत्यधिक सजग रहेंगे। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। व्यवसाय में अपने सहयोगियों के साथ महत्वपूर्ण चर्चा कर सकते हैं।

**कन्या**
दिन की शुरुआत बहुत ही शुभ रहने वाली है। परिवार में सौहाद्र का वातावरण रहने वाला है। ससुराल पक्ष से शुभ समाचार मिलेंगे।

**तुला**
आज का दिन कुछ तनाव युक्त रहने वाला है। प्रियजन आपका मौके पर साथ नहीं देंगे। आपके चरित्र का नकारात्मक पहलू उभर के सामने आ सकता है।

**वृश्चिक**
दोस्तों के साथ काफी अच्छे समय का आनन्द लेंगे। व्यर्थ के कार्यों में समय बर्बाद न करें। अहंकारी रवैये के कारण शुभचिन्तक आपसे दूरी बना सकते हैं।

**धनु**
आज का दिन अत्यन्त सकारात्मक और शुभफलदायी रहने वाला है। अपनी क्षमताओं का बेहतरीन उपयोग कर पायेंगे। विद्यार्थियों को पढ़ाई में बड़ी सफलता मिल सकती है।

**मकर**
कार्यक्षेत्र में बड़ी उम्र के लोगों से बहस हो सकती है। रियल एस्टेट से जुड़े कारोबार में सम्भलकर निवेश करें। जीवनसाथी आपकी भावनाओं को पर्याप्त महत्व नहीं दे पा रहे हैं।

**कुंभ**
व्यवसाय में लाभ की सम्भावनायें बनेंगी। साझेदारी में नया काम शुरू कर सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अपनी जीवनशैली को व्यवस्थित रखें।


**मीन**
आपको अपने खर्चों पर नियन्त्रण रखना पड़ेगा। इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में कुछ खराबी आ सकती है। छोटी सी बात विवाद का रूप ले सकती है।

# पृथ्वी दिवस पर छात्रों ने किया पौधारोपण

## पृथ्वी को सुरक्षित रखने के साथ-साथ पर्यावरण के प्रति किया गया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखण्ड क्षेत्र के उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों द्वारा पृथ्वी दिवस के अवसर पर यूथ एंड इको क्लब के तत्वावधान में वृक्षारोपण किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पृथ्वी को सुरक्षित रखने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति छात्रों एवं आम लोगों में जागरूकता फैलाना है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में छात्रों ने उत्साहपूर्वक पौधारोपण किया। इस अवसर पर छात्रों ने सामूहिक रूप से यह संकल्प लिया कि वे इस शैक्षणिक सत्र के




दौरान अपने घर, विद्यालय एवं आस-पास के इलाकों में, जहाँ भी संभव होगा, कम से कम पांच पौधे अवश्य लगाएंगे और उनकी नियमित देखभाल भी करेंगे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरुण कुमार ने छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि आज के समय में पर्यावरण संरक्षण अत्यंत आवश्यक हो गया है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से पर्यावरण प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की समस्या बढ़ रही है, उससे निपटने के लिए पेड़-पौधों का संरक्षण और अधिकाधिक वृक्षारोपण ही सबसे प्रभावी समाधान है। बच्चों द्वारा किया गया यह कार्य समाज के लिए एक सकारात्मक संदेश है और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायक है। इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई और छात्रों का उत्साहवर्धन किया। उपस्थित शिक्षकों में राजकुमार, प्रेमलता कुमारी, श्यामा कुमारी, राजन कुमार, ज्योति कुमारी, निखिल कुमार एवं नोडल शिक्षक पृथ्वीराज रोशन सहित अन्य शिक्षक शामिल रहे। सभी शिक्षकों ने छात्रों को पर्यावरण के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी और उन्हें अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार बनने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम के दौरान छात्रों को पौधों के संरक्षण, जल संचयन, स्वच्छता और प्लास्टिक के कम उपयोग जैसे विषयों पर भी जागरूक किया गया। उन्हें बताया गया कि छोटे-छोटे प्रयास, जैसे पौधारोपण, जल की बचत और स्वच्छता बनाए रखना, मिलकर पर्यावरण संरक्षण में बड़ा योगदान दे सकते हैं।

# पृथ्वी दिवस पर छात्रों ने प्रभात फेरी निकाल लोगों को किया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बीहट।** बरौनी प्रखंड के पिपरा देवस गांव में बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के खतरों के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से, विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर उच्च माध्यमिक विद्यालय पिपरा देवस के छात्र-छात्राओं द्वारा एक भव्य प्रभात फ़ेरी का आयोजन किया गया। बुधवार की सुबह विद्यालय परिसर से शुरू हुई यह प्रभात फ़ेरी पिपरा चौक तक गई। 'यूथ एवं इको क्लब' के बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। संदेश और नारेः हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर छात्राओं ने 'धरती माता करें पुकार, हरा-भरा हा संसार' और 'पृथ्वी कोबचाना है, जीवन को सजाना है' जैसे नारों के माध्यम से आमजन को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। उद्देश्यः प्रभात फ़ेरी का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को धरती के गिरते स्वास्थ्य, जल संरक्षण और वृक्षारोपण के महत्व के बारे में शिक्षित करना था। नेतृत्व और सहभागिताइस जागरूकता अभियान का सफल नेतृत्व प्रभारी प्रधानाध्यापिका कुमारी अनामिका ने किया। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि पृथ्वी की सुरक्षा केवल एक दिन का कर्तव्य नहीं, बल्कि हमारी जीवनशैली का हिस्सा होनी चाहिए। प्रभात फ़ेरी को सफल बनाने में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षकों और शिक्षिका महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिसमे अमित कुमारवीणा कुमारी, अमरेंद्र कुमार, अंजली कुमारी, राजकुमार, प्रीति कुमारी, काली कुमारी आदि शामिल थी।

## दिव्यांगो के यूडीआईडी कार्ड निर्माण को लेकर शिविर

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के दिव्यांग जनों का शत प्रतिशत यूडीआईडी कार्ड निर्माण हेतु पीएचसी नावकोठी में विशेष शिविर का आयोजन बुधवार को किया गया। इस शिविर में कुल 32 दिव्यांग जनों का परीक्षण किया गया। इसमें 14 अस्थि दिव्यांग 14, मूक बधिर 2, मानसिक 4, नेत्र 7 तथा अन्य 5 दिव्यांग थे। इन दिव्यांग को यूडीआईडी कार्ड निर्गत किया जाना है। मौके पर आर्थो डा कुमार दिवाकर, नेत्र सहायक बबलू कुमार, फिजिशियन डा राजीव रंजन चौधरी, कार्यपालक सहायक रवि, पंकज प्रसाद सिंह, अर्जुन रजक आदि लाभुक मौजूद थे।

# प्लास्टिक छोड़ पेपर बैग अपनाने की अपील

## माउंट लिट्रा स्कूल में पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** आज माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल, में विश्व पृथ्वी दिवस बड़े उत्साह, जागरूकता और उत्सव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एक विशेष प्रातःकालीन सभा से हुई, जिसमें भाग लेने वाले विद्यार्थियों के अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया। प्रातःकालीन सभा में बच्चों ने पृथ्वी दिवस पर सुंदर भाषण प्रस्तुत किए। छोटे-छोटे बच्चों ने एक मनमोहक नाटक के माध्यम से प्लास्टिक का उपयोग बंद करें, पेपर बैग अपनाएं और पृथ्वी हमारी माता है जैसे महत्वपूर्ण संदेश दिए।इस वर्ष की थीम हमारी शक्ति, हमारी पृथ्वी पर आधारित एक प्रभावशाली नाटक प्रस्तुत किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने दिखाया कि किस प्रकार मनुष्य द्वारा फैलाया गया प्रदूषण, विशेष रूप से प्लास्टिक, हमारी पृथ्वी के लिए घातक है। बच्चों ने अपने अभिनय के माध्यम से यह संदेश दिया कि हमें अपनी पृथ्वी को प्लास्टिक मुक्त बनाना होगा और उसकी रक्षा करनी होगी।विद्यार्थियों ने नृत्य के माध्यम से पेड़ों के महत्व को दर्शाते हुए बताया कि यदि पेड़ कटते हैं, तो उससे अधिक पेड़ लगाना हमारा कर्तव्य है।पूरे दिन विद्यालय में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। सभी कक्षाओं के बच्चों ने पुराने अखबार, न्यूज़पेपर और चार्ट पेपर से पेपर बैग बनाए और उन पर प्लास्टिक का उपयोग न करें जैसे संदेश लिखे। इसके साथ ही कक्षा 1 से 10 तक के विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर और खेल मैदान में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्राचार्या डॉ शीतल ने कहा कि पृथ्वी हमारा घर है और इसकी सुरक्षा हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। हमें अपने छोटे-छोटे प्रयासों से पर्यावरण को बचाने का संकल्प लेना चाहिए। विद्यालय के निदेशक डॉ मनीष देवा ने कहा कि यदि बच्चों में बचपन से ही प्रकृति के प्रति प्रेम और जिम्मेदारी की भावना विकसित हो जाए, तो हमारा भविष्य सुरक्षित और हरित होगा। यह कार्यक्रम सभी के लिए प्रेरणादायक रहा और पर्यावरण संरक्षण का मजबूत संदेश देकर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड क्षेत्र के थाना चौक अवस्थित विकास इंस्टीट्यूट, नावकोठी में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मैट्रिक एवं इंटर परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया राष्ट्रपति कुमार ने की। जबकि संचालन मृत्युंजय कुमार ने किया। समारोह में सफल विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र, डायरी, कलम आदि देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से छात्रों का मनोबल बढ़ता है और वे भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित होते हैं। कार्यक्रम में प्रो. हरे राम सिंह, शंभू चौधरी, अमित कुमार, मो. शकील अहमद बेग, नवीन कुमार मिश्रा एवं प्राचार्य विकास कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अपने संबोधन में प्रो. हरे राम सिंह ने कहा कि मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण ही सफलता की कुंजी है। वहीं इन्द्रदेव महतो ने छात्रों को निरंतर अध्ययन करने और अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहने की सलाह दी। इंटर में नीतीश कुमार, शिवम कुमार, लवली निगम, सपना कुमारी सोनी कुमारी एवं दशमी में सिट्टू कुमार, गुनगुन कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, पिंटू कुमार, अंकित कुमार, शिवानी कुमारी, रोशनी कुमारी अच्छे अंक लाकर विकास इंस्टीट्यूट का नाम रौशन किया। प्राचार्य विकास कुमार ने इन सभी प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना दी। प्राचार्य विकास कुमार ने बताया कि 100 से अधिक छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया ।

## साढ़े बारह बजे के बाद स्कूल संचालन पर रोक

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले में लगातार बढ़ रहे तापमान के मद्देनजर जिला दण्डाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने सभी नीजी एवम सरकारी विद्यालयों में पठन पाठन साढ़े 12 बजे के बाद प्रतिबंधित कर दिया है। जिले के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों में वर्ग-V तक (प्री-स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्रों सहित) की सभी शैक्षणिक गतिविधियाँ अपराह्न 12:30 बजे के बाद प्रतिबंधित रहेंगी। यह आदेश दिनांक 22 से 25 तक प्रभावी रहेगा।

# विश्व बैंक की टीम ने भागलपुर का किया दौरा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**भागलपुर।** विश्व बैंक की रोज़ाना निति के नेतृत्व में चार सदस्यीय टीम के सदस्य वसुधा थावकर, यूजी टोरियम और प्रकाश गौड़ ने भागलपुर जिले का दौरा किया। जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी ने सभी सदस्यों को जिला अतिथि गृह में पुष्प गुच्छ प्रदान कर भागलपुर की पावन धरती पर उनका हार्दिक अभिनंदन किया। इस दौरे का उद्देश्य भागलपुर में विकास की संभावनाओं की तलाश करना तथा उसे क्षेत्र में निवास निवेश के लिए विश्व बैंक से ऋण मुहैया कराना है। जिसमें शहरी विकास एवं आवास विभाग एवं विश्व बैंक के बीच संयुक्त सहयोग के तहत बिहार के शहरी विकास हेतु तकनीकी एवं वित्तीय ऋण प्रदान की जाएगी। इस पहल का उद्देश्य अनियोजित शहरीकरण को नियंत्रित करते हुए सतत एवं सुव्यवस्थित शहरी विकास सुनिश्चित करना है। प्रमुख शहरों में संचालित परियोजनाओं के माध्यम से तकनीकी क्षमता निर्माण, बेहतर शहरी डिजाइन तथा वैश्विक श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों को अपनाया जाएगा। आई ट्रिपल सी में टीम के सदस्यों ने भागलपुर के महापौर डॉक्टर वसुंधरा लाल एवं नगर आयुक्त किसलय कुशवाहा के साथ भागलपुर नगर निगम में किये जा रहे कार्य तथा भागलपुर शहरी क्षेत्र के विकास हेतु प्रस्तावित योजना एवं संभावना के संबंध में बैठक की। नगर आयुक्त ने पावर पॉइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से भागलपुर शहरी क्षेत्र की स्थिति, जिनमें यहां की सड़कें, रेलवे, सैंडिश मैदान, तालाब, औद्योगिक क्षेत्र, प्राकृतिक क्षेत्र एवं आबादी क्षेत्र की स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने शहरी आबादी के लिए नगर निगम द्वारा की गई शुद्ध पेयजल तथा नाली की व्यवस्था इत्यादि से भी अवगत कराया। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र के लिए अंडरग्राउंड बिजली की तार तथा मेजर सीवरेज सिस्टम की आवश्यकता है। नाथनगर क्षेत्र में रेशम के बुनकर रहते है, बरारी औद्योगिक क्षेत्र है। यहां जे एल एम एन मेडिकल कॉलेज, टी एन बी कॉलेज, तिलका मांझी विश्वविद्यालय अवस्थित है। भागलपुर का जर्दालू आम, कतरनी चावल, मंजूषा पेंटिंग, तसर रेशम मशहूर है। यहां बाबूपुर में डॉल्फ़िन देखा जा सकता है। सुलतानगंज से कहलगांव तक डॉल्फ़िन क्षेत्र घोषित है। नवगछिया का कदवा क्षेत्र गरुड़ प्रजनन क्षेत्र के लिए मशहूर है। यहां का विक्रमशिला विश्वविद्यालय भारत के विरासत के रूप में मौजूद है।

# पोषण पखवाड़ा पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में जिले भर में संचालित पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत बुधवार को खुदावंदपुर प्रखंड में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी खुदावंदपुर नितेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से पोषण के प्रति जन-जागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान आंगनवाड़ी केंद्र के बच्चों का जन्मदिन केक काटकर उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों के बीच स्कूल बैग का वितरण किया गया, ताकि उन्हें शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया जा सके। केंद्र परिसर में पोषण के पांच सूत्रों को दर्शाती आकर्षक रंगोली भी बनाई गई, जो उपस्थित लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम में जिला प्रोग्राम कार्यालय से जिला समन्वयक मृत्युंजय कुमार, जिला परियोजना सहायक अश्वनी कौशिक एवं जिला मिशन समन्वयक राज कुमार सिन्हा उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त प्रखंड समन्वयक विवेक कुमार, महिला पर्यवेक्षिकाएं, आंगनवाड़ी सेविकाएं तथा पिरामल फाउंडेशन की टीम ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस अवसर पर पदाधिकारियों ने कहा कि जिला पदाधिकारी के निर्देशानुसार जिले के प्रत्येक घर तक सही पोषण का संदेश पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को बच्चों के संतुलित आहार, स्वच्छता एवं टीकाकरण के महत्व के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

# विद्यालयों के 100 गज के दायरे में मादक पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिले के शैक्षणिक संस्थानों के आसपास नशीले पदार्थों की बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने और विद्यार्थियों के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में सामाजिक संस्था माया कौशल्या फाउंडेशन द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। संस्था के सचिव रौशन कुमार ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को एक औपचारिक ज्ञापन सौंपकर विद्यालयों के समीप मादक पदार्थों की उपलब्धता पर चिंता जताई है और इस पर अंकुश लगाने हेतु ठोस कदम उठाने का आग्रह किया है। सचिव रौशन कुमार द्वारा सौंपे गए इस ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि वर्तमान समय में जिले के सरकारी और निजी शिक्षण संस्थानों के ठीक बाहर गुटखा, पान मसाला एवं अन्य नशीले पदार्थों की दुकानें संचालित हो रही हैं। निरंतर बदलती जीवनशैली के बीच किशोर वर्ग के विद्यार्थियों में 'सूखे नशे' और अन्य मादक पदार्थों के प्रति बढ़ता आकर्षण समाज के लिए एक गंभीर और संवेदनशील विषय है। पत्र में स्पष्ट किया गया है कि यदि शिक्षण संस्थानों के समीप ही ये पदार्थ सुलभ होंगे, तो विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और उनके संस्कारों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। फाउंडेशन ने अपने ज्ञापन के माध्यम से ध्यान आकृष्ट कराया है। यह कानून स्पष्ट रूप से किसी भी शैक्षणिक संस्थान की चहारदीवारी से 100 गज के दायरे में नशीले पदार्थों की बिक्री को प्रतिबंधित करता है। यह नियम प्राथमिक, मध्य, उच्च एवं निजी विद्यालयों पर समान रूप से लागू होता है, जिसे जमीनी स्तर पर कड़ाई से अनुपालन कराने की आवश्यकता बताई गई है।

बिहार सरकार

## समाहरणालय, औरंगाबाद

(मद्यनिषेध एवं उत्पाद शाखा)

**(बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2016 एवं संशोधित अधिनियम 2018 के सुसंगत प्रावधानों के तहत राजसात किये गये वाहनों की अल्पकालीन सार्वजनिक नीलामी सूचना)**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत विभिन्न थाना काण्डों/उत्पाद वादों में निम्न वाहनों का बिहार मद्यनिशेध एवं उत्पाद अधिनियम 2016 एवं संशोधित अधिनियम 2018 के सुसंगत प्रावधानों के तहत विभिन्न अधिहरण वादों में समाहर्त्ता–सह–जिला दण्डाधिकारी, औरंगाबाद के न्यायालय एवं विभिन्न वरीय उप समाहर्त्ता के उत्पाद न्यायालयों द्वारा राजसात (Confiscate) किये गये वाहनों की सार्वजनिक नीलामी (Public Auction) **"जो है, जहाँ है, जैसे है" के रूप में समाहर्त्ता, औरंगाबाद द्वारा गठित नीलामी समिति के द्वारा 11:00 बजे पूर्वाह्न से नगर भवन, समाहरणालय औरंगाबाद में निम्न प्रकार से की जायेगी।**

| नीलामी क्रमवार | नीलामी की तिथि | आवेदन प्राप्त करने की तिथि | नीलामी हेतु मूल्य | कहाँ देखा जा सकता है | आवेदन प्राप्त करने एवं जमा करने का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| चौथी नीलामी | 09.05.2026 शनिवार | 07.05.2026 को अपराहन् 05:00 बजे तक | निर्धारित मूल्य | सामाचार पत्र में एवं जिला के वेबसाईट www.aurangabad.bih.nic.in पर | कार्यालय अधीक्षक मद्यनिशेध, औरंगाबाद, पड़रावा, जम्होर, औरंगाबाद |
| चौथी नीलामी की पाँचवी तिथि | 16.05.2026 शनिवार | 14.05.2026 को अपराहन् 05:00 बजे तक | निर्धारित मूल्य | जिला के वेबसाईट www.aurangabad.bih.nic.in पर या अधीक्षक मद्यनिषेध कार्यालय, औरंगाबाद | |
| चौथी नीलामी की छठी तिथि | 23.05.2026 शनिवार | 21.05.2026 को अपराहन् 05:00 बजे तक | निर्धारित मूल्य | | |
| उपरोक्त नीलामी के पश्चात् शेष बचे वाहनों की नीलामी | प्रत्येक बुधवार बन्दी होने पर अगले कार्यदिवस | प्रत्येक सोमवार बन्दी होने पर अगले कार्यदिवस | वाहन मूल्य के 10 प्रतिशत कम करते हुए तब तक नीलामी की जायेगी, जब तक की वाहन नीलामी न हो जाये। | जिला के वेबसाईट www.aurangabad.bih.nic.in पर या अधीक्षक मद्यनिषेध कार्यालय, औरंगाबाद | |

### नीलाम की जाने वाली वाहनों की विस्तृत विवरणी

| वाहन का सं0 | थाना/थाना कांड सं0 | वाहन का प्रकार | वाहन का निबंधन सं0 | अधिहरणवाद संख्या | अधिहरणवाद आदेश ज्ञापांक/तिथि | नीलामी हेतु मुल्यांकित राशि | नीलामी हेतु नयी मूल्यांकित राशि | अग्रधन की राशि (50%) | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | Excise Sadar 648/24 04.07.2024 | Pulser Motorcycle | BR-02AG-7465 | 141/2024 | 236/ 26.07.2025 | 34500.00 | 27600.00 | 13800.00 | - |
| 2 | Excise Sadar 712/24 23.07.2024 | TVS Motorcycle | BR-02AG-8719 | 160/2024 | 236/ 26.07.2025 | 20700.00 | 16560.00 | 8280.00 | - |
| 3 | Excise Sadar 1042/24 19.10.2024 | Pulser Motorcycle | BR-26W-7827 | 163/2024 | 236/ 26.07.2025 | 53000.00 | 42400.00 | 21200.00 | - |
| 4 | Excise Sadar 841/24 28.08.2024 | Scooty | BR-02BR-4529 | 166/2024 | 236/ 26.07.2025 | 55000.00 | 44000.00 | 22000.00 | - |
| 5 | Excise Sadar 1149/24 16.09.2024 | Splendor Motorcycle | BR-26W-7775 | 178/2024 | 236/ 26.07.2025 | 38500.00 | 30800.00 | 15400.00 | - |
| 6 | Excise Sadar 845/24 28.08.2024 | Piagio Tempu | BR-26PA-5741 | 186/2024 | 236/ 26.07.2025 | 71000.00 | 56800.00 | 28400.00 | - |
| 7 | Excise Sadar 655/24 05.07.2024 | Motorcycle | BR-26Y-3684 | 111/2024 | 236/ 26.07.2025 | 49400.00 | 39520.00 | 19760.00 | - |
| 8 | Excise Sadar 899/24 11.09.2024 | Yamaha FZS Motorcycle | DL-5SAS-3287 | 176/2024 | 236/ 26.07.2025 | 12500.00 | 10000.00 | 5000.00 | - |
| 9 | Excise Sadar 692/24 19.07.2024 | Passion Pro Motorcycle | JH-21D-9958 | 173/2024 | 236/ 26.07.2025 | 12500.00 | 10000.00 | 5000.00 | - |
| 10 | Excise Sadar 1072/2025 27.10.2024 | Tata Container 6 Chakka | UP21AN-9975 | 01/2025. | 347/ 01.07.2025 | 443000.00 | 354400.00 | 177200.00 | - |
| 11 | Excise Sadar 22.02.2025 | Bajaj Pulsar | BR26Y-9485 | 100/2025 | 406/ 26.07.2025 | 62000.00 | 49600.00 | 24800.00 | - |
| 12 | Excise Sadar 185/2025 17.02.2025 | Pulsar Motorcycle | JH01DU-5987 | 106/2025 | 406/ 26.07.2025 | 18000.00 | 14400.00 | 7200.00 | - |
| 13 | Excise Sadar 35/2025 09.01.2025 | E-Rikshaw | BR26ER0687 | 72/25 | 332/ 28.06.25 | 63000.00 | 50400.00 | 25200.00 | - |
| 14 | Excise Sadar 1175/2024 22.11.2024 | Hero Glamour Motorcycle | JH03AP1216 | 90/25 | 332/ 28.06.25 | 54500.00 | 43600.00 | 21800.00 | - |
| 15 | Excise Sadar 1185/2024 18.11.2024 | Bajaj pulser 125cc motorcycle | JH03AR9672 | 05/25. | 325/ 25.06.25 | 55000.00 | 44000.00 | 22000.00 | - |
| 16 | Excise Sadar 1210/2025 06.12.2024 | Bajaj Pulsar Motorcycle | BR26G9076 | 62/25 | 325/ 25.06.25 | 12000.00 | 9600.00 | 4800.00 | - |
| 17 | Excise Sadar 664/23 21.08.23 | Bajaj Pulsar Motorcycle | BR26X9355 | 270/23 | 348/ 02.07.25 | 71300.00 | 57040.00 | 28520.00 | - |
| 18 | Excise Sadar 801/23 16.10.2023 | Maruti Suzuki car | JH01FG7222 | 375/23 | 348/ 02.07.25 | 302000.00 | 241600.00 | 120800.00 | - |
| 19 | Excise Sadar 784/23 09.10.23 | Pulsar Motorcycle | BR26W5761 | 377/23 | 348/ 02.07.25 | 42500.00 | 34000.00 | 17000.00 | - |
| 20 | Excise Sadar 813/23 23.10.23 | Hero Glamour Motorcycle | BR24Z0936 | 406/23 | 348/ 02.07.25 | 21100.00 | 16880.00 | 8440.00 | - |
| 21 | Excise Sadar 877/23 27.11.23 | Splendor Plus Motorcycle | JH03AL8334 | 89/24 | 348/ 02.07.25 | 44500.00 | 35600.00 | 17800.00 | - |
| 22 | Excise Sadar 380/24 27.04.2024 | Mahindra XUV Car | JH01EN4770 | 329/24 | 348/ 02.07.25 | 473000.00 | 378400.00 | 189200.00 | - |
| 23 | Excise Sadar 926/2023, 18.12.23 | Pulser Motorcycle 150 CC, | BR24S-0481 | 90/24 | 824/ 16.12.24 | 25800.00 | 20640.00 | 10320.00 | - |
| 24 | Excise Sadar 749/2023, 25.09.2023 | Maruti Car, | WB06B-3178 | 28/24 | 822/ 12.12.24 | 43500.00 | 34800.00 | 17400.00 | Scrap |
| 25 | Excise Sadar 143/24 22.02.24 | Pulser Motorcycle | BR26Q-6908 | 196/24 | 838/ 20.12.24 | 24800.00 | 19840.00 | 9920.00 | - |
| 26 | Excise Sadar 959/24 23.09.24 | Apachi Motorcycle | BR02AY-2104 | 68/24 | 25/ 13.01.25 | 36000.00 | 28800.00 | 14400.00 | - |

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No. 001660 (Excise ) 2026-27

सुरक्षित जीवन अपनाओ, अपनी नियमित एच.आई.वी. जाँच कराओ।

समाहर्त्ता,
औरंगाबाद

## संक्षिप्त समाचार

### माप तौल मशीन एवं बटखरों की जांच का चलाया गया अभियान



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल पदाधिकारी सदर निशांत सिहारा के द्वारा जिलाधिकारी के निर्देश के आलोक में माप तौल पदाधिकारी के साथ बाट बटखरों की जांच का अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत मीना बाजार, कचहरी चौक, चांदमारी चौक के विभिन्न दुकानों में माप तौल के बटखरों की जांच की गई। कई ऐसे दुकानदार थे जिनके यहां माप तौल विभाग से सत्यापित एवं मूल्यांकित (मुहर लगा हुआ) बटखरा नहीं पाए गए। वैसे 11 दुकानदारों को चिन्हित कर नोटिस किया गया है एवं सभी को निर्देश दिया गया है कि माप तौल विभाग से बटखरो का सत्यापन कराने एवं उस पर मोहर भी लगवा ले,नहीं तो पकड़े जाने पर नियमानुकूल दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया है कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगी।

### योजना पदाधिकारी ने किया जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र का निरीक्षण

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में निरीक्षण के दौरान सात निश्चय से संबंधित योजनाओं यथा बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना, कुशल युवा कार्यक्रम योजना की समीक्षा की गई। सभी संबंधित सहायक प्रबन्धक को उक्त योजनाओं में शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति हेतु निर्देशित किया गया। वहीं निरीक्षण के समय डीआरडीसी के सभी कर्मियों का उपस्थिति की जांच की गई। कुल 02 कर्मी अनुपस्थित पाए गया जिनसे स्पष्टीकरण की पृच्छा किया गया।



### एकमा में दूध लदी पिकअप पलटी, बाल-बाल बचे लोग

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा थाना क्षेत्र में छपराझसिवान मुख्य मार्ग स्थित एनएच-531 पर एकमा के ज्योति सेंट्रल हाई स्कूल के समीप बुधवार को दूध लदा एक पिकअप वाहन पलट जाने से कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के द्वारा बताया गया कि पिकअप वाहन रसूलपुर की ओर जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार गाड़ी को बचाने के प्रयास में चालक संतुलन खो बैठा, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे के बाद स्थानीय लोग मौके पर जुट गए। हालांकि राहत की बात यह रही कि दुर्घटना में किसी के हताहत होने या जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। सूचना मिलने पर एकमा के प्रभारी थानाध्यक्ष विनायक राम पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए क्रेन वाहन को मंगवाकर यातायात बहाल कराया और पलटे वाहन को हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी। कुछ देर के लिए आवागमन बाधित रहा, लेकिन बाद में स्थिति सामान्य हो गई। प्रभारी थानाध्यक्ष विनायक राम ने बताया कि सड़क से वाहन को हटवाकर यातायात समान्य करा दिया गया है। वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### जुझारू नेता राजकेतू ने थाना प्रभारी को किया सम्मानित

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बुधवार के दिन स्थानीय थाना परिसर में थानाध्यक्ष पूजा कुमारी को उनके कार्य शैली से प्रभावित होकर पूर्व भावी जिला प्रत्याशी क्षेत्र संख्या 11के कर्मठ सुयोग्य, सामाजिक कार्यकर्ता डाक्टर राज केतु ने अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान नये थाना इंचार्ज को अंग वस्त्र से सम्मानित किया उन्होंने बताया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में आये दिन शराब कारोबारी, शराब पियक्कड़ व तस्करी पर लगाम लगेगी, इन्होंने पचपकडी थाना क्षेत्र में नाम व शोहरत खुब कमाई, क्षेत्र संख्या 11के बेलहिया,गमहरिया बहादुर पुर,चुडिहरवा टोला,गुस्सा,माघी ,बरवा, भवानी पुर नकरदेई चिकनी भ्रमण के लोगों से मिलकर दुख सुख में हाथ बंटाने का वादा किया।



### भाभी पर लोहे के सरिया से हमला कर किया जख्मी

**अमरपुर, बांका/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अमरपुर थाना क्षेत्र के बिशनपुर पंचायत अंतर्गत कंझीया गांव में घरेलू विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। जहां देवर ने अपनी भाभी पर लोहे की सरिया से हमला कर दिया, जिससे महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। घायल महिला अशोक यादव की पत्नी अपतमा देवी है। बुधवार दिन के 11:00 बजे घायल महिला का प्राथमिक उपचार रेफरल अस्पताल में कराया गया। महिला के पति ने बताया कि उनकी पत्नी के नाम पर इंदिरा आवास योजना के तहत घर स्वीकृत हुआ था, जिसका निर्माण पूरा हो चुका है। आरोप है कि उनका भाई बिट्टू यादव जबरन उन्हें घर से निकालना चाहता है। इसी बात को लेकर हुए विवाद में बिट्टू यादव एवं अन्य लोगों ने अपतमा देवी पर हमला कर दिया। घटना के बाद पीड़ित महिला के द्वारा थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई, पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### संपत्ति विवाद में भाइयों के बीच खूनी संघर्ष

**अमरपुर,बांका/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अमरपुर थाना क्षेत्र के मंसरपुर गांव में मंगलवार की देर रात 10:00 बजे के करीब संपत्ति विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार घर में बंटवारे को लेकर दो भाइयों के बीच कहा सुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गई। बताया गया की छोटे भाई सूरज मंडल ने बड़े भाई लालू मंडल पर हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। बीच बचाव में आई उनकी पुत्री सीमा कुमारी को भी बेरहमी से पीटा गया, जिसमें वह भी घायल हो गई। दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार रेफरल अस्पताल में हुआ।

### भारी मात्रा में देसी व विदेशी शराब बरामद कई गिरफ्तार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला पदाधिकारी, प० चम्पारण, बेतिया द्वारा दिए गए निदेशों के आलोक में उत्पाद अधीक्षक, प० चम्पारण, बेतिया द्वारा विशेष छापेमारी अभियान चलाया जा रहा हैं। इसी क्रम में 21. अप्रैल 26 को छापेमारी कर भारी मात्रा में देशी व विदेशी शराब बरामद की गई और कई कारोबारियों को गिरफ्तार भी किया गया।

# समाहर्ता द्वारा जिला कोषागार एवं जिला भविष्य निधि कार्यालय का निरिक्षण

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समाहर्ता सौरभ जोरवाल द्वारा जिला कोषागार कार्यालय एवं जिला भविष्य निधि कार्यालय, पूर्वी चम्पारण का समेकित निरीक्षण किया गया। निरीक्षण जनसाधारण को कोषागार से संबंधित सेवाएं - यथा वेतन भुगतान, पेंशन संवितरण, भविष्य निधि निकासी एवं अन्य सरकारी देयताओं का समय पर एवं पारदर्शी तरीके से निष्पादन हेतु किया गया था। निरीक्षण के दौरान वरीय कोषागार पदाधिकारी विजय कुमार सिंह, सहायक कोषागार पदाधिकारी धनंजय कुमार एवं सहायक जिला लेखा पदाधिकारी श्याम कुमार उपस्थित रहे। समाहर्ता द्वारा कार्यालय में सम्पादित किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी ली गई। समाहर्ता ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कोषागार कार्यालय एक अत्यंत संवेदनशील एवं जनमहत्व का कार्यालय है, जहां सरकारी कर्मचारियों के वेतन, सेवानिवृत्त कर्मियों की पेंशन तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के अंतर्गत देय धनराशि का संवितरण होता है। अतः यहां किसी भी स्तर पर विलंब अथवा लापरवाही स्वीकार्य नहीं है और प्रत्येक कर्मी को पूर्ण निष्ठा एवं उत्तरदायित्व के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना होगा। सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति का अवलोकन किया गया, जिसमें संतोषजनक स्थिति पाई गई कि समस्त कर्मी ससमय उपस्थिति दर्ज कर रहे हैं। इसी क्रम में कार्यालय में लंबित विपत्रों की स्थिति का विशेष रूप से जायजा लिया गया।





समाहर्ता ने निर्देश दिया कि लंबित विपत्रों का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, क्योंकि इनमें विलंब से सीधे तौर पर सरकारी कर्मचारियों एवं पेंशनभोगियों के हितों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। पेंशनभोगियों एवं सेवानिवृत्त कर्मियों के प्रकरणों को विशेष संवेदनशीलता के साथ निपटाने पर बल दिया गया। तत्पश्चात कोषागार कार्यालय परिसर की स्वच्छता एवं समग्र व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। उन्होंने निर्देश दिया कि कार्यालय परिसर सदैव स्वच्छ एवं व्यवस्थित रहे, जिससे कि आम नागरिकों को कार्यालय में आने पर किसी प्रकार की असुविधा न हो। बजगृह का भी विधिवत निरीक्षण किया गया, जिसके दौरान परिसर में रखी अनुपयोगी सामग्रियों के संबंध में पूछताछ की गई तथा उनके उचित निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए। बजगृह एवं कोषागार कार्यालय में संधारित संचिकाओं एवं अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों का सूक्ष्मता से अवलोकन किया गया तथा उनके उचित रख-रखाव एवं सुरक्षित संधारण को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। समाहर्ता ने कहा कि जिला प्रशासन, इस बात के लिए प्रतिबद्ध है कि जनपद के प्रत्येक सरकारी कर्मचारी, पेंशनभोगी एवं हितग्राही को उनकी देय धनराशि समय पर एवं बिना किसी बाधा के प्राप्त हो। कोषागार कार्यालय की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं समयबद्धता सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की प्राथमिकताओं में से एक है।

## जनगणना को लेकर प्रशिक्षण जारी 653 कर्मियों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित प्रखंड सूचना एवं प्रौद्योगिकी भवन में आगामी जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत मकान सूची करण व मकानों की गणना को लेकर कर्मियों का प्रशिक्षण जारी है। प्रशिक्षण बीते 13 अप्रैल से शुरू हुई जो आगामी 24 अप्रैल तक संचालित होगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 653 जनगणना कर्मियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। जनगणना चार्ज अधिकारी सह बीडीओ डॉ. संजय कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान कर्मियों को घर-घर जाकर सही जानकारी एकत्र करने, डेटा संकलन के मानक तथा डिजिटल माध्यमों के उपयोग की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण



चार चरणों में आयोजित किया गया है। प्रथम चरण 13 से 15 अप्रैल, द्वितीय चरण 16 से 18 अप्रैल, तृतीय चरण 19 से 21 अप्रैल तथा चौथा व अंतिम चरण 22 से 24 अप्रैल तक निर्धारित है। चारों चरणों में कुल 558 प्रगणकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है, जिनमें 51 रिजर्व शामिल हैं। इसके अतिरिक्त 95 पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं, जिनमें 9 रिजर्व हैं। फील्ड ट्रेनर के रूप में शिक्षक मुकेश कुमार यादव, कार्तिक कुमार, अशोक कुमार पटेल, रामकिशोर सिंह, धीरेंद्र कुमार सिंह, संजय कुमार व रणजीत कुमार प्रशिक्षुओं को व्यावहारिक जानकारी के साथ आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे हैं।

### लायंस क्लब ऑफ मोतिहारी कपल के सौजन्य से रक्तदान शिविर आयोजित

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा पूर्वी चंपारण, मोतिहारी में आयोजित किया गया ' आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के कार्यकारी अध्यक्ष श्री शैलेंद्र कुमार भारती - सह - अपर समाहर्ता (लोक शिकायत निवारण), पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी, साइबर थाना, मोतिहारी के डीएसपी अभिनव परासर एवं लायंस क्लब ऑफ मोतिहारी कपल के अध्यक्ष श्रीमती रेनू लोहिया, सचिव श्रीमती सुनीता जयसवाल के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस कार्यक्रम में लायंस क्लब ऑफ मोतिहारी कपल के चेयर पर्शन डॉक्टर कुमार सौरभ तथा लायंस क्लब ऑफ मोतिहारी कपल के सदस्य गण राजीव विजडम, श्रीमती रीना विजडम, अनिल अग्रवाल, प्रमोद लोहिया, श्रीमती रंजीता रंजन गुप्ता, डॉक्टर सुमीत शंकर रमण एवं डॉक्टर सौरभ कुमार के द्वारा बुके भेट कर सम्मानित किया गया।

## अवैध करेंसी एक्सचेंज का भंडाफोड़, लाखों की राशि जब्त, एक गिरफ्तार

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत-नेपाल सीमा से सटे रक्सौल क्षेत्र में पुलिस ने अवैध करेंसी एक्सचेंज के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक दुकान पर छापेमारी की। यह कार्रवाई रक्सौल थानाध्यक्ष आईपीएस हेमंत सिंह के नेतृत्व में रक्सौल पुलिस और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की संयुक्त टीम द्वारा की गई। छापेमारी के दौरान दुकान में अवैध रूप से भारतीय और नेपाली मुद्रा के आदान-प्रदान का धंधा संचालित किया जा रहा था। पुलिस ने मौके से कुल 43 लाख 45 हजार 999 रुपये भारतीय मुद्रा तथा 2 लाख 38 हजार 700 रुपये नेपाली मुद्रा बरामद किए। इसके अलावा एक नोट गिनने वाली मशीन भी जब्त की गई। कार्रवाई के दौरान



पुलिस ने मौके से आरोपी सोनू कुमार को गिरफ्तार किया, जो रक्सौल के तुमडिया टोला का निवासी बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, सीमा क्षेत्र में अवैध करेंसी एक्सचेंज की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही थी, जिसके बाद यह छापेमारी की गई। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश जारी है।

## महिला आरक्षण के नाम पर हो रहा है हाई वोल्टेज ड्रामा : सपा

**सपा प्रमुख की मां पर टिप्पणी भाजपा की ओछी मानसिकता का प्रमाण : पप्पू**

**मुंगेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अपनी ओछी मानसिकता से मजबूर केंद्र सरकार तानाशाही का परिचय देते हुए जिस तरह से लोकसभा में महिला आरक्षण के साथ परिसीमन विधेयक लाकर विपक्ष को चुनौती देने का दुः साहस किया और विपक्ष ने उसे धाराशायी कर भारतीय राजनीति में एक स्वर्णिम इतिहास लिख ये बता दिया कि देश का विपक्ष अभी जिंदा है और कमजोर नहीं है। जिससे बौखलाई भाजपा और उनके सहयोगी दल हाई वोल्टेज ड्रामा और विधवा विलाप करने में लगी है जिसे अब आम आदमी भी समझने लगा है उक्त बातें समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष पप्पू यादव ने महिला आरक्षण पर हो रही ओछी राजनीति का विरोध करते हुए कहा श्री यादव ने कहा कि सर्विदित की 2023 में विपक्ष ने सर्वसम्मति से महिला आरक्षण विधेयक पास किया गया था जिस पर राष्ट्रपति की मोहर लग गई और अब वह कानून बन चुका है बावजूद एक सोची समझी राजनीति और रणनीति के तहत केंद्र सरकार विपक्ष को बदनाम कर रही है उन्होंने आगे कहा कि जिस भाजपा के शासनकाल में लाखों महिला लापता है मणिपुर बिहार यूपी में सरेआम महिलाओं का दमन हो रहा है बलात्कारियों को सत्ता सौपी जा रही है। समाज में आराजकता की स्थिति उत्पन्न कर रही है पूर्व में भी सरकार के ऐसे ही तथ्यहीन फैसलों के कारण आम आदमी हलकान है जिसे नारी शक्ति को समझना होगा और भाजपा के साजिश के शिकार बनने के बजाए अपने अधिकार के लिए लडना होगा, तभी महिला आरक्षण की सार्थकता साबित होगी।

### एकमा बीईओ के निधन पर बीआरसी सहित सभी विद्यालयों में शोक

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा बीईओ योगेंद्र बैठा का ब्रेन हेमरेज होने के बाद उपचार के दौरान पटना स्थित पीएमसीएच में मंगलवार की देर रात असामयिक निधन हो गया। उनके निधन से एकमा क्षेत्र के शिक्षा जगत में शोक की लहर है। इस बीच बुधवार को एकमा प्रखंड के गौसपुर स्थित उत्क्रमित मध्य व उच्च माध्यमिक विद्यालय, मध्य विद्यालय हंसराजपुर, प्राथमिक कन्या विद्यालय कर्णपुरा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय आमडाढ़ी, एनपीएस रामपुर मठिया, पीएस रामपुर, आर एन हाई स्कूल योगियां, परसागढ़ मध्य एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय (हिंदी), उच्च माध्यमिक विद्यालय नवादा सहित विभिन्न सरकारी प्रारंभिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में शोकसभा आयोजित कर शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## एकमा बीईओ योगेंद्र बैठा का ब्रेन हेमरेज, उपचार के दौरान निधन

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा प्रखंड के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी योगेंद्र बैठा का ब्रेन हेमरेज होने के बाद उपचार के दौरान पटना स्थित पीएमसीएच में मंगलवार की देर रात निधन हो गया। वह लगभग 59 वर्ष के थे। करीब एक वर्ष से वे एकमा में पदस्थापित थे। वह अपने पीछे वे पत्नी, दो विवाहित पुत्रियों और दो अविवाहित पुत्रों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। बीआरसी कार्यालय के कर्मियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार एकमा स्थित अलख नारायण सिंह उच्च माध्यमिक विद्यालय में तीन दिवसीय डिजिटल जनगणना प्रशिक्षण के तृतीय चरण का समापन सत्र चल रहा था। इसी दौरान योगेंद्र बैठा प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे, तभी अचानक उनका



रक्तचाप बढ़ गया और वे बेहोश होकर प्रशिक्षण कक्ष में ही गिर पड़े। घटना के बाद तत्काल बीडीओ डॉ. अरुण कुमार सहित उपस्थित शिक्षकों एवं कर्मियों ने उन्हें एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां ड्यूटी पर तैनात डॉ. कौशलेंद्र कुणाल ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। वहां से भी बेहतर इलाज के लिए उन्हें पीएमसीएच पटना भेजा गया, जहां भर्ती के लगभग एक घंटे के भीतर ही उनका निधन हो गया। बुधवार को उनका पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव पश्चिमी चंपारण (बेतिया) जिले के नौतन प्रखंड के संतपुर में एकमा के शिक्षक कुमार रश्मि रंजन, उपेंद्र कुमार सिंह, संजय भारती, अजीत कुमार आदि के द्वारा पहुंचाया गया। जहां बुधवार को उनके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार कर दिया गया। उनके निधन पर डीपीआरओ शशि कुमार, एकमा बीडीओ डॉ अरुण कुमार, प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी मिथिलेश कुमार मेहता आईटी सहायक मोहम्मद सईद अंसारी सहित अन्य प्रखंड व अंचल कर्मियों ने अपनी गहरी शोक संवेदना जताई है।

## रक्सौल अस्पताल में औचक निरीक्षण: ड्यूटी के समय तीन डॉक्टर पाएं गए अनुपस्थिति, सखी सेंटर भी मिला बंद : एसडीओ सख्त

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडलीय अस्पताल रक्सौल में उस समय हड़कंप मच गया जब अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार अचानक निरीक्षण के लिए पहुंच गए। निरीक्षण के दौरान जहां एक ओर व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई,



वहीं कई गंभीर लापरवाहियां भी उजागर हुईं। सबसे चिंताजनक बात यह रही कि ड्यूटी के दौरान तीन डॉक्टर डॉ. अजय कुमार, डॉ. शशिरंजन समेत अन्य अपनी उपस्थिति पंजी में दर्ज नहीं थे। इसे गंभीर कर्तव्यहीनता मानते हुए एसडीओ ने सभी को तत्काल अनुपस्थित चिह्नित कर कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। वहीं, अस्पताल परिसर में संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर पूरी तरह बंद मिला। न तो कोई कर्मी मौजूद था और न ही कोई गतिविधि चल रही थी। इस पर कड़ी नाराजगी जताते हुए एसडीओ ने संबंधित कर्मियों के खिलाफ डीपीओ आईसीडीएस स्तर से कार्रवाई के आदेश दिए। निरीक्षण के दौरान जन्म प्रमाण पत्र काउंटर की व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं पाई गई। आवेदनों का तिथिवार संधारण नहीं होने पर संबंधित कर्मी को फटकार लगाते हुए सुधार के निर्देश दिए गए। हालांकि, एई/जेईएस से निपटने के लिए 6 बेड आरक्षित रखने और 247 डॉक्टरों की तैनाती, साथ ही जनजागरूकता अभियान (पोस्टर-पंपलेट) चलाए जाने की पुष्टि हुई, लेकिन जमीनी स्तर पर कर्मियों की अनुपस्थिति ने पूरी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्कूली बच्चों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**पृथ्वी दिवस पर डीएभी स्कूल के बच्चों ने स्टेशन परिसर में नुक्कड़ नाटक का आयोजन**

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पृथ्वी दिवस के मौके पर डीएभी स्कूल के बच्चों ने कई तरह के कार्यक्रम का आयोजन कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता संदेश दिए। स्कूल के प्राचार्या लक्ष्मी रथ के नेतृत्व में पृथ्वी दिवस पर जमालपुर स्टेशन परिसर में छात्र-छात्राओं के ओर से नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर यात्रियों को प्लास्टिक का उपयोग नहीं का संदेश देते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजग रहने को लेकर संकल्प दिलाई। वही स्कूल परिसर में नन्हे बच्चों एवं अभिभावक के मौजूदगी में पौधा रोपण एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन बच्चों को पर्यावरण के प्रति संकल्पित एवं धरती को हरा भरा बनाने का मार्मिक संदेश दिए।प्राचार्या लक्ष्मी रथ ने अपने संदेश में बताई की पर्यावरण तभी संतुलित होगा जब हम पृथ्वी को हरा-भरा बनाएंगे। इसके लिए हमें धरती माता के प्रति संकल्पित होने की जरूरत है जब तक हम जागरुक एवं सजग नहीं होंगे तब तक पृथ्वी पर पर्यावरण संरक्षण नहीं हो पाएगा। इसलिए आज के इस कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को पर्यावरण के प्रति संकल्पित करना बहुत जरूरी है। मौके पर शिक्षक राजेश कुमार सहित अभिभावक दर्जनों स्कूली बच्चे शामिल थे।



# कमलनाथ नगर और संत जेवियर्स रोड की दोहरी सड़कों की नवनिर्माण से पूर्व हटवाए पूरा अतिक्रमण : गरिमा

**मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना से चयनित सभी सड़कों की नापी कराकर ही नव निर्माण कराने का सशक्त समिति की बैठक में प्रस्ताव पारित**

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महापौर गरिमा देवी सिकारिया की अध्यक्षता में बुधवार को नगर निगम के सशक्त स्थायी समिति की बैठक आयोजित की गई। महापौर गरिमा देवी सिकारिया की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित नगर निगम की सशक्त समिति की बैठक में नगर निगम क्षेत्र में महीनों से लंबित अनेक विकास योजनाओं को त्वरित प्रभाव से गति देने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना के तहत चयनित कमलनाथ नगर खीरी चौक से सुप्रिया रोड तथा संत जेवियर्स स्कूल रोड के चौड़ीकरण के साथ नवनिर्माण कार्य को शीघ्र शुरू करने का प्रस्ताव पारित किया गया। इसके साथ ही दोनों सड़कों के निर्माण से पूर्व जल्द नापी कराकर इन सड़कों के नव निर्माण से पूर्व अतिक्रमण हटाने का निर्देश भी दिया गया। इसके साथ ही बैठक में ऐतिहासिक कालीबाग



मंदिर, हरि वाटिका बस स्टैंड, टाउन हॉल जीर्णोद्धार की स्वीकृत योजना के साथ शहीद पार्क, मुख्य चौक-चौराहा के सौंदर्यीकरण, झिलिया पार्क, कम्युनिटी हॉल और खिरिया घाट विवाह भवन निर्माण सहित नगर निगम क्षेत्र के सभी छठ घाटों पर महिला चेंजिंग रूम निर्माण योजनाओं की धीमी प्रगति पर महापौर ने कड़ी नाराजगी जताई गई। नगर निगम बोर्ड द्वारा पारित उपरोक्त योजनाओं के टेंडर प्रक्रिया में हो रही लगातार देरी को लेकर महापौर एवं समिति के अन्य सदस्यों ने पुनःगहरी आपत्ति दर्ज कराई। वही नगर के हरिवाटिका के ऐतिहासिक शिव मंदिर की चाहारदिवारी और सौंदर्यीकरण के लिए राजस्व पर्षद बिहार से एनओसी मांगने का प्रस्ताव पारित किया गया है। इसके साथ ही महापौर श्रीमती सिकारिया द्वारा कारण पृच्छा की गई कि पिपरा में एनएच 727 पर जो कूड़ा गिर रहा है, वह एनएच 727 के अलावा किस प्रवृत्ति की जमीन है? बैठक के बाबत महापौर श्रीमती सिकारिया ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी लंबित योजनाओं की टेंडर प्रक्रिया शीघ्र पूरी कर कार्य प्रारंभ नहीं किया जा रहा है। ताकि नगर निगम क्षेत्र का विकास के साथ नगर वासियों को जल्द सुविधाएं मिल सकें। इसके अलावा निविदा प्रक्रिया के माध्यम से नगर निगम क्षेत्र में चार सौ आराम बेंच स्थापित करने के लिए ई.टेंडर की स्वीकृति दी गई। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि आज की बैठक में उपरोक्त अनुपालन के विषय को छोड़कर पूर्व की बैठकों की संपुष्टि भी की गई।

### भीषण गर्मी की चपेट में आई कई प्रशिक्षु महिला सिपाही, पीएचसी में हुआ इलाज

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बढ़ती प्रचंड गर्मी का असर अब प्रशिक्षण ले रहे पुलिसकर्मियों पर भी दिखने लगा है। जमालपुर स्थित बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस (बीएसएपी-9) में प्रशिक्षण ले रही कई महिला सिपाही भीषण गर्मी की चपेट में आकर बीमार पड़ गईं, जिन्हें उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) जमालपुर लाया गया। चिकित्सकों के अनुसार, बुधवार को कुल 8 महिला सिपाही इलाज के लिए पीएचसी पहुंचीं, जबकि एक दिन पहले मंगलवार को 6 सिपाहियों का उपचार किया गया था। सभी में तेज गर्मी और लू के प्रभाव के कारण कमजोरी, चक्कर और थकान जैसी शिकायतें पाई गईं। मौके पर पीएचसी जमालपुर के चिकित्सक डॉ. कनवर ने बताया कि जांच के दौरान अधिकतर महिला सिपाहियों में पानी, नमक और चीनी की कमी पाई गई।

## अतिक्रमण मुक्ति अभियान के 24 घंटे बाद फिर अतिक्रमित हो गई शहर की सड़क

**नगर परिषद का अतिक्रमण हटाओ अभियान शहर में दिखा बे असर**

**जमालपुर(मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर में अतिक्रमण की बढ़ती समस्या को लेकर लंबे इंतजार के बाद नगर परिषद द्वारा चलाया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान बेअसर साबित होता नजर आ रहा है। 2 दिन पूर्व नगर परिषद प्रशासन ने जमालपुर के सदर बाजार क्षेत्र में सख्ती दिखाते हुए करीब चार घंटे तक अभियान चलाया था। इस दौरान सड़क किनारे अवैध रूप से लगाए गए दर्जनों दुकानों को हटाया गया और अतिक्रमणकारियों से कुल 15,000 रुपये जुमार्ना भी वसूला गया।इस अभियान का नेतृत्व कार्यपालक पदाधिकारी विजय शील गौतम ने किया। वहीं जमालपुर थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान के साथ महिला एवं पुरुष पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रहे। प्रशासन की इस कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों के बीच कुछ समय के लिए हड़कंप की स्थिति बन गई थी और बाजार क्षेत्र में सड़कें खाली नजर आने लगी थीं।हालांकि कार्रवाई के 24 घंटे बाद ही हालात फिर पहले जैसे हो गए। सदर बाजार, बराट चौक, स्टेशन रोड, सोनार पट्टी गली, जुबली बेल, दौलतपुर चौक, नयागांव इलाके में अतिक्रमणकारियों ने दोबारा सड़क किनारे अपनी दुकानें सजा लीं। कई स्थानों पर ठेले और फुटपाथी दुकानदारों ने पुनः कब्जा कर लिया, जिससे राहगीरों और वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो रही है।स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन की कार्रवाई केवल औपचारिकता बनकर रह गई है।

# सभी समस्याओं का होगा समाधान : राज्यपाल

## संस्कृत विश्वविद्यालय में सीनेट की अध्यक्षता करते हुए दिलाया भरोसा




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय, दरभंगा के दरबार हॉल में 22 अप्रैल को आयोजित सीनेट की 49वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (रिटायर्ड) सैयद अता हसनैन ने कहा कि उच्च शिक्षा की सभी समस्याओं का समाधान होगा और मुकम्मल हल निकाला जाएगा। वे समस्याओं का निदान करने ही आये हैं। उन्होंने सभी मान्य सदस्यों से कहा कि वे सदन में आये इसके लिए सभी धन्यवाद के पात्र हैं। साथ ही उन्होंने सलाह दी कि मैच्योर इंडिविजुअल की तरह चर्चा करते हुए सभी समस्याओं व उसके हल के उपायों को वे विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराएं। इसके बाद कुलपति समेत अन्य पदाधिकारियों से बैठक कर वे सभी बिन्दुओं पर फलदायक चर्चा करेंगे। तब इसके बाद पूरी समस्याओं को सुना जाएगा और हल भी निकाला जाएगा। उन्होंने कहा कि समस्याओं को उठाने का हक आप सभी को है। सभी का समाधान मैच्योर तरीके से होगा। इसी क्रम में उन्होंने ऑटोमेशन प्रक्रिया की बात कीऔर समर्थ पोर्टल की चर्चा करते हुए उन्होंने विशेषज्ञों से मदद लेने की सलाह दी। उन्होंने साफ कहा कि सुविधाएं होंगी तभी छात्र कायदे से अध्ययन कर पाएंगे। ठोस आधारभूत संरचनाएं जरूरी है। विश्वविद्यालय द्वारा सरकारी राशि के उपयोग की ऑडिट कराने पर भी महामहिम ने जोर दिया। उक्त जानकारी देते हुए पीआरओ निशिकांत ने बताया कि राज्यपाल ने कुलपति प्रो0 लक्ष्मीनिवास पांडेय को निर्देश दिया है कि सभी लिखित समस्याओं को सप्ताह भर में राजभवन भेजें। जो स्थानीय स्तर पर हल होने वाली है उसका निदान यहीं कर लें। कुलपति ने उन्हें आश्वस्त किया कि निर्देशानुसार सभी कार्यों को ससमय पूरा कर लिया जाएगा।

# विद्यालयों में नामांकन न होने से छात्र-छात्राएं परेशान

**नबिटा संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** दाउदनगर प्रखंड के 20 सूत्री उपाध्यक्ष सह नगर भाजपा अध्यक्ष ने जिला पदाधिकारी औरंगाबाद को पत्र लिखकर शैक्षणिक सत्र 2026-27 में हो रही छात्र-छात्राओं की समस्याओं से अवगत कराया है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय में नामांकन प्रक्रिया जारी है। सरकार द्वारा बच्चों को नामांकन कराकर प्रवेश उत्सव मनाना है। लेकिन कुछ छात्र-छात्राओं के पास पेन नंबर, आपार आईडी एवं स्टूडेंट कोड आदि उपलब्ध नहीं है। जिससे विद्यालय में नामांकन नहीं हो पा रहा है। वैसे बच्चों को जिला पदाधिकारी द्वारा आदेश जारी करके वर्तमान में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में अस्थाई रूप से नामांकन प्रक्रिया करने का आदेश जारी करना चाहिये। कहा कि प्रभारी शिक्षक एवं प्रधानाध्यापक और अभिभावकों के सहयोग से जिनका किसी प्रकार का पेन, आपार, स्कूल कोड आदि न बना हो उन बच्चों को सहयोग करना चाहिये।



छात्रों के हित डीएम को लिखे पत्र में श्याम कुमार पाठक ने कहा है कि बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं। इनकी परेशानी सभी को समझना चाहिये। कहा कि पटना के कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा जारी पत्र के आधार पर औरंगाबाद डीएम से अनुरोध है कि समस्या का शीघ्र समाधान हो।

# औरंगाबाद में जन सुराज का सांगठनिक पुनर्गठन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जन सुराज पार्टी द्वारा संगठन के व्यापक पुनर्गठन की प्रक्रिया के तहत आज औरंगाबाद में नए जिला संगठन की घोषणा की गई। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार भारती ने उपस्थित कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ गहन विचार-विमर्श किया तथा संगठन के विस्तार, मजबूती और कार्यशैली को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि पार्टी ने पूर्व की सभी संगठनात्मक इकाइयों को निरस्त कर एक नई संरचना लागू की है। इसके तहत प्रदेश, क्षेत्र, जिला, प्रखंड, पंचायत और बूथ/वार्ड स्तर तक कमेटियों का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बार अनुमंडल स्तर की कमेटी को समाप्त कर संगठन को अधिक प्रभावी और जमीनी स्तर पर सक्रिय बनाने का प्रयास किया गया है। नए संगठन में जिलाध्यक्ष के रूप में मनोज शर्मा, महिला अध्यक्ष शगुफ्ता यासमीन, कार्यालय प्रभारी सह कोषाध्यक्ष शशिकांत गौतम तथा महामंत्री के रूप में भगवान सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं प्रदेश सलाहकार समिति सदस्य रामजी चौहान एवं बृजमोहन सिंह, क्षेत्रीय प्रभारी नंदकिशोर यादव, राज्य सलाहकार समिति महिला अध्यक्ष अर्चना चंद्र यादव तथा जिला प्रभारी विकास कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह बनाए गए हैं।

# अनुग्रह मध्य विद्यालय में धूमधाम से मना विश्व पृथ्वी दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय में विश्व पृथ्वी दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने पृथ्वी को स्वच्छ, साफ और हराभरा बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने इस वर्ष के थीम "आवर पावर, आवर प्लैनेट" पर आधारित विषय पर बच्चों से संवाद करते हुए पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझाया।



इस दौरान प्रारंभिक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, शाहपुर एवं मगध बीएड कॉलेज के प्रशिक्षुओं ने अर्थ डे से संबंधित शिक्षक-अधिगम सामग्रियों (टीएलएम) का प्रदर्शन किया। इसमें वृक्षारोपण, जल संरक्षण तथा सौर ऊर्जा जैसे अक्षय ऊर्जा स्रोतों को अपनाकर पृथ्वी को सुरक्षित रखने का संदेश दिया गया। प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह ने कहा कि आज पूरा विश्व पर्यावरणीय संकट के गंभीर दौर से गुजर रहा है, जो काफी हद तक मानवजनित है। इसे समझदारी और जिम्मेदारी के साथ दूर किया जा सकता है, ताकि पृथ्वी को फिर से समृद्ध और जीवन के अनुकूल बनाया जा सके।

संवाद एवं परिचर्चा के बाद "सेव अर्थ" के नारों के साथ बच्चों, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं प्रशिक्षुओं ने शहर की सड़कों पर जागरूकता मार्च निकाला। मार्च के बाद विद्यालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# पुरानी नल-जल योजनाएं सफेद हाथी साबित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)** । ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए शुरू की गई मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी 'नल-जल योजना' कुटुंबा प्रखंड में दम तोड़ती नजर आ रही है। धरातल पर करोड़ों रुपये खर्च होने के बाद भी कई पंचायतों में पाइपलाइन टूटी हुई है और पानी की टंकियां सिर्फ शो-पीस बनी हुई हैं। विडंबना यह है कि पुरानी योजनाओं की मरम्मत के बजाय अधिकारी नए प्रोजेक्ट्स के टेंडर और कागजी खानापूर्ति में अधिक रुचि दिखा रहे हैं। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों से आई रिपोर्टों के अनुसार, कई वार्डों में पाइपलाइन बिछाई तो गई, लेकिन वे मानक के अनुरूप नहीं हैं। पाइप कम गहराई पर दबाए जाने के कारण टूट चुके हैं, जिससे सड़कों पर पानी बह रहा है और घरों तक बूंद-बूंद पानी नहीं पहुंच रहा। अनुरक्षकों (ऑपरेटरों) को समय पर मानदेय न मिलने के कारण वे भी काम में रुचि नहीं ले रहे हैं, जिससे चालू योजनाएं भी बंद हो रही हैं। नल-जल के फेल होने से ग्रामीण एक बार फिर प्रदूषित हैंडपंपों और कुओं का पानी पीने को मजबूर हैं, जिससे बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि पुरानी समस्याओं की शिकायतों पर अधिकारी कान नहीं धरते। विभाग का पूरा ध्यान अब नई योजनाओं के लिए जारी हो रहे बजट और टेंडर प्रक्रिया पर केंद्रित है। जानकारों का कहना है कि नए प्रोजेक्ट्स में कमीशन और बंदरबांट की गुंजाइश अधिक होने के कारण अधिकारी पुरानी योजनाओं के जीर्णोद्धार के बजाय नया काम शुरू करने को प्राथमिकता दे रहे हैं। हालांकि, पीएचईडी विभाग के अधिकारियों का दावा है कि जल्द ही सभी कमियों को दूर कर सभी खराब नलों को दुरुस्त कर दिया जाएगा और नई योजनाओं के माध्यम से उन क्षेत्रों को कवर किया जाएगा जहां अभी तक नल नहीं पहुंचे हैं।

**भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी जनता की प्यास, कागजों पर मरम्मत के नाम पर लाखों का खेल**

प्रशासनिक लापरवाही और भ्रष्टाचार के कारण प्रखंड के विभिन्न वार्डों में नल-जल योजना की पाइपलाइनें और मोटरें कई वर्षों से क्षतिग्रस्त पड़ी हैं, जिससे ग्रामीणों को पानी की एक-एक बूंद के लिए तरसना पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का आरोप है कि नल-जल योजना की मरम्मत के नाम पर सरकारी खजाने से मोटी राशि की निकासी की गई है। लेकिन धरातल पर स्थिति जस की तस बनी हुई है। आशंका जताई जा रही है कि विभाग के अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत से मरम्मत के नाम पर निकाले गए फंड में बड़े पैमाने पर घपलेबाजी की गई है। कागजों पर पाइप बदलने और मोटरों की रिपेयरिंग का काम दिखाकर बजट को ठिकाने लगा दिया गया है, जबकि जमीनी हकीकत यह है कि पाइप लाइनें कई जगहों पर टूटी हुई हैं और सड़कों पर पानी बह रहा है।क्षतिग्रस्त इंफ्रास्ट्रक्चर के कारण ग्राम पंचायत महाराजगंज के वार्ड संख्या एक, तीन, पांच, नौ ग्राम पंचायत कर्मा बसंतपुर के वार्ड संख्या सात, ग्राम पंचायत वर्मा के वार्ड संख्या छह में महीनों से जलापूर्ति ठप्प है। ग्रामीण मजबूरी में असुरक्षित जल स्रोतों का सहारा ले रहे हैं।इस संबंध में जब विभाग के संबंधित कनिष्ठ अभियंता (जेई) और अधिकारियों से संपर्क किया गया, तो उन्होंने मामले को टालते हुए जल्द जांच की बात कही। ग्रामीणों का कहना है कि बार-बार शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई, जो सीधे तौर पर भ्रष्टाचार की पुष्टि करता है। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की है कि इस पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। मरम्मत के नाम पर निकाली गई राशि और धरातल पर हुए वास्तविक कार्यों का मिलान किया जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही क्षतिग्रस्त योजना की मरम्मत नहीं हुई और भ्रष्ट दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो वे प्रखंड मुख्यालय पर उग्र प्रदर्शन करेंगे।

# व्यावसायिक अनुसंधान समाज कल्याण का माध्यम बनेः राज्यपाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** व्यवसाय का क्षेत्र व्यापक होने के साथ-साथ समाजोपयोगी भी है, जिसमें नवाचार की असीम संभावनाएं निहित हैं। व्यावसायिक अनुसंधान केवल देश की जीडीपी बढ़ाने तक सीमित न रहकर समाज के समग्र कल्याण में भी सहायक होना चाहिए। विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने में शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रति व्यक्ति आय और मानव प्रसन्नता जैसे आयामों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। यदि समाज और सरकार के सभी अंग समन्वित प्रयास करें, तो यह लक्ष्य सहज रूप से हासिल किया जा सकता है।




उक्त बातें बिहार के राज्यपाल सह कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैय्यद अता हसनैन ने ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के वाणिज्य एवं व्यवसाय प्रशासन विभाग द्वारा आयोजित "समकालीन समय में व्यावसायिक अनुसंधान" विषयक पांच दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन एवं खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स-2025 के विजेताओं के सम्मान समारोह के उद्घाटन अवसर पर कहीं।

उन्होंने कहा कि बिहार में बौद्धिक क्षमता प्रचुर मात्रा में है और आने वाले 5 से 10 वर्ष राज्य के लिए निर्णायक साबित होंगे। उन्होंने सामाजिक संदेशों की आवश्यकता पर बल देते हुए नशामुक्ति, टीबी उन्मूलन और प्लास्टिक मुक्त समाज की दिशा में जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया। कुलपति प्रो. संजय कुमार चौधरी ने स्वागत भाषण में विश्वविद्यालय की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि संस्थान 201 एकड़ परिसर में फैला है और यहां 24 विषयों में स्नातकोत्तर एवं पीएचडी की पढ़ाई होती है। विश्वविद्यालय को नैक द्वारा बी++ ग्रेड प्राप्त है तथा यह पीएम उषा योजना के तहत शोध विश्वविद्यालय का दर्जा हासिल कर चुका है। सम्मेलन में इंडियन कॉमर्स एसोसिएशन के उपाध्यक्ष प्रो. एन.के. झा एवं पूर्व कुलपति प्रो. एन.सी. गौतम ने भी विचार रखे। डॉ. निर्मला कुशवाह ने विषय की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर राज्यपाल ने खेल एवं शारीरिक शिक्षा निदेशालय का उद्घाटन किया तथा विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन राशि प्रदान की। साथ ही डॉ. अंकित कुमार सिंह संपादित पुस्तक 'प्लांट डेराइव्ड एंटी कैंसर ड्रग्स' का विमोचन भी किया। कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. दिव्या रानी हंसदा, वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. राजकुमार साह, राज्यपाल के सचिव गोपाल मीणा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, शोधार्थी एवं प्रतिभागी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दिवाकर झा ने किया, जबकि समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# लू से निपटने को लेकर अस्पतालों में 24 घंटे तैनात रहेंगे चिकित्सक

**औरंगाबाद/नबिटा ब्यूरो।** जिले में पड़ रही भीषण गर्मी एवं लू की स्थिति को देखते हुए सिविल सर्जन डॉ. कृष्ण कुमार एवं डीपीएम मो. अनवर आलम ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की। बैठक में सदर अस्पताल औरंगाबाद एवं अनुमंडलीय अस्पताल दाउदनगर सहित सभी प्रखंडों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, अस्पताल प्रबंधक एवं संबंधित स्वास्थ्य कर्मी जुड़े। सिविल सर्जन ने कहा कि लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग को पूरी तरह सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी सरकारी अस्पतालों में लू से प्रभावित मरीजों के लिए विशेष व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके तहत वातानुकूलित वार्ड (एसी वार्ड) की व्यवस्था, आवश्यक दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता तथा शीतल पेयजल की सुविधा हर हाल में सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि हीट स्ट्रोक के मामलों में त्वरित उपचार अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी अस्पतालों में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की ड्यूटी सतत रूप से सुनिश्चित की जाए। साथ ही एम्बुलेंस सेवाओं को 24 घंटे तत्पर रखने का निर्देश दिया गया, ताकि जरूरतमंद मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाया जा सके।

# मांग के अनुसार रसोई गैस की आपूर्ति पर प्रशासन गंभीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** विभिन्न गैस एजेंसियों के माध्यम से एलपीजी गैस आपूर्ति एवं वितरण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार जिले में गैस आपूर्ति सामान्य रूप से संचालित हो रही है। विभिन्न गैस एजेंसियों द्वारा औसत दैनिक मांग के अनुरूप गैस की डिलीवरी की जा रही है तथा लंबित बुकिंग का निष्पादन लगातार किया जा रहा है। जिले में कुल 37 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 7132 सिलेंडर की मांग के विरुद्ध लगभग 7005 सिलेंडर की डिलीवरी की जा रही है। साथ ही जिला में पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धत है। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा सभी गैस एजेंसियों को उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने, लंबित बुकिंग का शीघ्र निष्पादन करने तथा वितरण में पारदर्शिता बनाए रखने का निर्देश दिया गया है। साथ ही कृत्रिम कमी उत्पन्न नहीं होने देने का भी निर्देश दिया गया है। संबंधित प्रखंडों के पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में गैस वितरण व्यवस्था की निगरानी करने तथा किसी भी समस्या की सूचना तत्काल जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। 22 अप्रैल तक जिला में कुल नए 200 पीएनजी कनेक्शन लगाए जा चुके है। अभी तक औरंगाबाद जिला में छह व्यवसायिक संस्थानों में पीएनजी कनेक्शन लिया जा चुका है जिसमे शाश्वत रेस्टोरेंट, हर्षा किचन, सरस्वती इन, मधुपर्क, होटल स्काई व्यू प्रमुख है। जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 06186-295027 क्रियाशील है, जिस पर आमजन अपनी समस्या या शिकायत दर्ज करा सकते हैं।




# आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने 'आइसगेट 2.0' पर शुरू की कस्टम ड्यूटी भुगतान सुविधा

**मुंबई/नबिटा ब्यूरो।** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने अपने व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक ग्राहकों के लिए 'आइसगेट 2.0' पोर्टल पर कस्टम ड्यूटी भुगतान की नई डिजिटल सुविधा शुरू करने की घोषणा की है। इस पहल के तहत अब ग्राहक कस्टम ड्यूटी, सेंट्रल एक्साइज और सर्विस टैक्स का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से आसानी और सुरक्षा के साथ कर सकेंगे। बैंक के इस इंटीग्रेशन के बाद ग्राहक आइसगेट पोर्टल के जरिए टैक्स भुगतान की प्रक्रिया शुरू कर, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के रिटेल एवं कॉर्पोरेट इंटरनेट बैंकिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से भुगतान पूरा कर सकते हैं। इससे उन्हें तेज, सुरक्षित और पूरी तरह डिजिटल अनुभव मिलेगा। साथ ही, रियल-टाइम पेमेंट कन्फर्मेशन, आसान ऑनलाइन प्रक्रिया और तुरंत चालान डाउनलोड करने की सुविधा भी उपलब्ध होगी। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के हेड-रिटेल लाइबिलिटीज, आशीष सिंह ने कहा कि कस्टम ड्यूटी भुगतान व्यापार की निरंतरता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। बैंक का यह कदम इम्पोर्टर्स, एक्सपोर्टर्स और व्यवसायों को डिजिटल माध्यम से सरल और भरोसेमंद भुगतान सुविधा प्रदान करेगा, जैसा अनुभव वे डायरेक्ट टैक्स और जीएसटी भुगतान में प्राप्त करते हैं। गौरतलब है कि आईडीएफसी फर्स्ट बैंक उन चुनिंदा निजी बैंकों में शामिल है, जिन्हें आरबीआई, सेंट्रल बोर्ड ऑफ इनडायरेक्ट टैक्सेस एंड कस्टम्स (सीबीआईसी) और वित्त मंत्रालय से डायरेक्ट टैक्स, जीएसटी और कस्टम्स भुगतान सेवाएं प्रदान करने की अनुमति प्राप्त है।


**बिहार सरकार**

**समाहरणालय, औरंगाबाद**

(जिला आपदा प्रबंधन शाखा)

अल्पकालीन निविदा

निविदा संख्या–01 / 2026–27

वर्ष–2026 में संभावित बाढ़ / सुखाड़ के समय प्रभावित परिवारों एवं विस्थापित परिवारों को राहत सामग्री उपलब्ध कराने हेतु वस्तुओं की आवश्यकता पर्याप्त मात्रा में होगी, इस हेतु सामग्रियों जिसकी पूर्ण विवरणी निम्न प्रकार अंकित है, उनके दर निर्धारिता एवं आपूर्ति के लिये इच्छुक आपूर्तिकर्त्ताओं से एतद् द्वारा सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदादाताओं को मो0–20,000.00 (बीस हजार) रूपये मात्र निविदा डालने हेतु जमानत की राशि किसी अनुसूचित बैंक से निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद के नाम से निर्गत हो तथा निविदा दस्तावेज हाथो–हाथ या डाक के माध्यम से जिला आपदा प्रबंधन शाखा, औरंगाबाद में जमा करना होगा। निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि–02.05.2026 के अप0–03:00 बजे तक होगी। प्राप्त निविदाएँ उसी दिन अप0–03:30 बजे समाहरणालय सभाकक्ष में जिला क्रय समिति के समक्ष खोली जाएगी, जिसमें स्वयं निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।

**विशेष जानकारी के लिये जिला आपदा प्रबंधन शाखा, औरंगाबाद से सम्पर्क कर सकते है एवं विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाइट aurangabad.bih.nic.in पर भी देखा जा सकता है।**

जिला पदाधिकारी,
औरंगाबाद

PR. No. 001667 (Disaster) 2026-27

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

गर्भावस्था की पहली तिमाही में माँ की एच.आई.वी. और सिफलिस की जाँच जरूर करायें।


# लोक अदालत की सफलता पर जिला जज ने दिया ज़ोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** 9 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रित लोक अदालत को लेकर जिला जज राजीव रंजन कुमार के द्वारा अपने प्रकोष्ठ में जिला विधि संघ एवं अधिवक्ता संघ औरंगाबाद के सभी पदाधिकारी अधिवक्ताओं एवं कार्यकारिणी सदस्यों के साथ एक बैठक की। उन्होंने लोक अदालत की सफलता तथा अधिक से अधिक वादों के निस्तारण के लिए सहयोग की अपील की। ताकि लोक अदालत सफलता के साथ-साथ अपने ही कीर्तिमान को स्थापित करते हुए लक्ष्य हासिल करें। इस बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल, जिला विधि संघ के अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय, सचिव जगनारायण सिंह तथा अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय सिंह सहित कार्यकारिणी के अन्य पदधारी अधिवक्ता उपस्थित रहें। इस अवसर पर जिला जज द्वारा कहा गया कि प्राधिकार का यही उद्देश्य है कि न्याय सभी के पास सुलभ हो जिसके लिए प्राधिकार काफी तत्पर रहता है और इसमें सभी विद्वान अधिवक्ताओं का सहयोग मिलता है। लोक अदालत का आयोजन तथा इसकी सफलता सामुहिक प्रयास का प्रतिफल होता है और यह क्रम आगे भी जारी रहें, इसके लिए सभी का सहयोग इसके निरंतरता के लिए आवश्यक है। जिला जज द्वारा लोक अदालत में किस प्रकार का वादों का निस्तारण संभव है इस संबध में विस्तार से बताया गया। वादों के निस्तारण के क्रम में आने वाले चुनौतियों एवं समस्याओं का आपसी तालमेल एवं सहयोग से उसे दूर करते हुए निष्पादन कराने में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया गया। इस बैठक में तीनों अधिवक्ता संघ के पदधारियों द्वारा यह विश्वास दिलाया गया कि लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण हेतु तीनों संघ यथा सम्भव अपने स्तर से प्रयास करते हुए पुराने लोक अदालत में निस्तारण हुए वादों से अधिक वाद का निस्तारण कराने में पूर्ण सहयोग प्रदान करेगा। इस अवसर पर सचिव तान्या पटेल ने कहा कि समय बेहद ही कम बच गया है। ऐसी परिस्थिति में सभी से अपील है कि यथाशीघ्र अपने-अपने वादों में तत्परता के साथ पक्षकारों से सम्पर्क स्थापित करें। अगर पक्षकारों के बीच मध्यस्थता की आवश्यकता हो तो प्राधिकार से संपर्क स्थापित कर उन्हें मध्यस्थता के माध्यम से उनके बीच उत्पन्न कटुता को दूर करने का प्रयास किया जाये, ताकि उनकी कटुता दूर हो उनके वाद लोक अदालत में निस्तारण हो जाये।



# सीपीआई कार्यकर्ताओं ने किया विचार गोष्ठी का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा प्रखंड में मार्क्सवादी विचारक व्लादिमीर लेनिन की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। यह कार्यक्रम भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) के अंचल कार्यालय स्थित रामशरण यादव पुस्तकालय भवन, बस स्टैंड हसपुरा में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत लेनिन के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। इस दौरान उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके विचारों और संघर्षों को याद करते हुए सामाजिक समानता, श्रमिक अधिकारों तथा जनहित के मुद्दों पर संघर्ष को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। सभा में पूर्व जिला मंत्री जगनारायण सिंह 'विकल', पूर्व प्रमुख नागेश्वर यादव, अंचल सचिव चंद्रशेखर सिंह, सरपंच प्रतिनिधि श्याम किशोर यादव, बालेश्वर राजवंशी, नंद गोपाल, अवध किशोर, अरुण कुमार, रंजन, राजकुमार, विजय यादव, राजू कुमार, कामेश्वर यादव, श्रीकिशुन राजवंशी, मनोज यादव सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


बिहार सरकार

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,**

**सिंचाई प्रमंडल, दाउदनगर (औरंगाबाद)**

**E-mail ID- irrigationdivision.daudnagar@gmail.com**

नीलामी सूचना :– 02 / 2026–27

मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, औरंगाबाद का पत्रांक 696 दिनांक 06.04.2026 के निदेश बिहार वित्त नियमावली के नियम 143 (i) (ख) के आलोक में सिंचाई प्रमण्डल दाउदनगर परिक्षेत्राधीन डिहरा लॉक के पास जल संसाधन विभाग का पुराना अनुपयोगी भवन का निलामी किया जाना है।

जिसकी विवरणी निम्न प्रकार हैः–

| क्र० | प्रमण्डलाधीन अनुपयोगी भवन का नाम एवं संख्या | नीलामी की न्यूनतम बोली (रूपये में) | सुरक्षित जमा राशि (रूपये में) | नीलामी की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | डिहरा लॉक के पास जल संसाधन विभाग का पुराना अनुपयोगी भवन का निलामी | 49863.00 | 12500.00 | 04.05.2026 |

कार्यपालक अभियंता
सिंचाई प्रमण्डल, दाउदनगर

PR. No. 001566 (WRD) 2026-27

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।


गर्भावस्था की पहली तिमाही में माँ की एच.आई.वी. और सिफलिस की जाँच जरूर करायें।

## संक्षिप्त समाचार

### 'पृथ्वी दिवस' के अवसर पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 'पर्यावरण प्रहरी' (इको क्लब), अनुग्रह नारायण कॉलेज, पटना द्वारा IQAC के तत्वावधान में "पृथ्वी दिवस" के अवसर पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन भूगोल विभाग में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर शैलेश कुमार सिंह एवं अध्यक्षता प्रोफेसर सुशील कुमार सिंह के द्वारा की गई। उन्होंने



पर्यावरण की सुरक्षा को वर्तमान की आवश्यकता बताते हुए उसके दार्शनिक पहलुओं को भी छात्रों के समक्ष रखा। इस अवसर पर पर्यावरण प्रहरी के स्वयंसेवकों एवं महाविद्यालय के विभिन्न विभागों से आए शिक्षकों की उपस्थिति में पर्यावरण प्रहरी की संयोजक डॉ विनीता प्रसाद ने हमारे आसपास मौजूद गीले एवं सूखे कचरे की मदद से कंपोस्ट खाद बनाने की विधि को प्रायोगिक रूप से सबके समक्ष रखा तथा छात्र-छात्राओं से इसे अपने घर पर भी बनाने की अपील की। छात्र-छात्राओं ने हमारे आसपास पड़ी बेकार वस्तुओं से उपयोगी वस्तुओं का निर्माण कर अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया। साथ ही महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण का कार्य भी किया गया।

### दिनदहाड़े बिजली विभाग के मानव बल का छीना मोबाइल

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना गया फोरलेन एन एच 22 पर मसौढ़ी थाना क्षेत्र के नौआबाग गांव के समीप मसौढी की ओर से नदवा की ओर जा रहे मानव बल वीरेंद्र कुमार का पैकेट से मोबाइल दिनदहाड़े बाइक सवार झपट्टा मारो ने छीन लिया। बिजली विभाग का मानव बल वीरेंद्र कुमार जो मसौढ़ी थाना क्षेत्र के श्रीनगर मोहल्ला का रहने वाला है उसके द्वारा मसौढी थाना में लिखित आवेदन दी गई है दिए गए आवेदन में बिजली विभाग के मानव बल वीरेंद्र कुमार का कहना है कि वह मसौढी की ओर से नदवा की ओर अपने बाइक से जा रहा था इस दौरान दो बाइक सवार अचानक मेरा पीछा करते हुए मेरे पॉकेट से मोबाइल निकाल कर भागने में सफल रहा। हमने काफी देर तक नदवॉ की ओर पीछा किया लेकिन वह भागने में सफल रहा फिलहाल दिए गए आवेदन के आलोक में पुलिस मामले की जांच में जुट गई है फोरलेन पर लगातार हो रही छिनतई की घटना से लोगों के बीच भय एवं दहशत व्याप्त है लोगों ने पुलिस प्रशासन से गश्ती तेज करने की मांग की है।

### शराबी ने घर में आग लगाने का किया प्रयास

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के भदौरा गांव के रहने वाले छोटे बिंद शराब पीकर अपने ही घर में किरासन तेल छिड़कर आग लगाने का प्रयास किया, इस दौरान छोटे बिंद के पत्नी पिंकी देवी एवं उसके बच्चों ने आसपास के लोगों एवं डायल 112 को फोन कर बुलवाया। डायल 112 की पुलिस गाड़ी में छोटे बिंद को गिरफ्तार कर मसौढ़ी थाना ले गई है बताया जाता है कि मसौढ़ी थाना क्षेत्र के भदौरा गांव के रहने वाला छोटे बिंद पिछले कई महीने से शराब पीकर अपने पत्नी एवं बाल बच्चों के साथ मारपीट एवं जानलेवा हमला करता था, लगातार छोटे बिंद के द्वारा किए जा रहे कारनामों से उसका परिवार तंग आ गया था इसी क्रम में छोटे बिंद ने आज एक बार फिर शराब पीकर बाल बच्चों को एवं पत्नी को गाली गलौज एवं मारपीट करने लगा विरोध करने पर घर में की राशन तेल पलंग पर छिड़क कर आग लगाने का प्रयास कर रहा था कि पत्नी एवं बच्चों ने डायल 112 के पुलिस गाड़ी को फोन किया पुलिस मौके पर पहुंचकर छोटे बिंद को गिरफ्तार कर लिया है फिलहाल छोटे बिंद का ब्रेथ एनालाईजर से जांच किया जा रहा है।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से साइकिल सवार जख्मी

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना गया एन एच 22 पर मसौढी थाना क्षेत्र के लालबीघा मोड पर एक बेलगाम अज्ञात वाहन के ठोकर से साइकिल सवार छात्रा गंभीर रूप से जख्मी हो गई है, जिसे आनन फानन में इलाज हेतु पटना पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है। इस मामले में जख्मी छात्रा के पिता धीरज रविदास पिता मुन्ना रविदास छोटकी मसौढी ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मसौढी थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई है। दर्ज किए गए प्राथमिकी में बताया गया कि बीते 15. 4.2026 को सुबह 8:00 बजे हमारी बेटी साइकिल से मध्य विद्यालय सगुनी पढ़ने जा रही थे उसी दरमियान विपरीत दिशा में आ रहे हैं बेलगाम तेज रफ्तार से एक अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया, जिससे काफी दूर तक फेंका गई और गंभीर रूप में सिर में और पेट में चोट लगी है जिसे इलाज के लिए पटना पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

### शराब पीने वाले 14 गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ पुलिस ने शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू करने के लिए विशेष अभियान चलाया। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर हंगामा कर रहे 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया।प्रभारी थानाध्यक्ष के नेतृत्व में मंगलवार की देर शाम से रात 10 बजे तक विभिन्न गांवों में एवं हाइवे के आसपास सघन चेकिंग की गई। ब्रेथ एनालाइजर से जांच के बाद शराब के नशे में मिले 14 लोगों को हिरासत में लिया गया।प्रभारी थानाध्यक्ष ने बताया की वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर शराबबंदी को लेकर विशेष अभियान चलाया गया। सार्वजनिक जगह पर शराब पीना और हुड़दंग करना कानूनन अपराध है। पकड़े गए सभी 14 लोगों का मेडिकल कराया गया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार लोगों में ज्यादातर मजदूर वर्ग के हैं। कुछ लोगों के पास से शराब भी बरामद की गई है। आगे भी औचक छापेमारी और चेकिंग जारी रहेगी।

### पत्थर से सर फोड़ा गंभीर रूप से जख्मी


**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी थाना क्षेत्र के पुरानी बाजार स्थित देवी स्थान के पास आपसी विवाद में एक युवक को पत्थर से सर फोड़ दिया है जिससे गंभीर रूप में जख्मी हो गया है। पीड़ित राजीव कुमार पिता बिंदा प्रसाद ने पुरानी बाजार के भोला कुमार उर्फ बिगना पिता स्वर्गीय एतवार चौधरी पर गाली गलौज मारपीट करने का मामला मसौढ़ी थाने में दर्ज किया गया है, दिए गए आवेदन के आलोक में लिखा है की देवी स्थान के पास बाइक लगाकर सब्जी लाने के लिए बाजार गए थे जब वापस आए तो गाली गलौज करने लगा और पत्थर उठाकर हमारे सिर पर मार दिया जिसे गंभीर रूप में जख्मी हो गया है पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हैं।

### चोरी मामले में तीन बालक विधि निरुद्ध

**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के बुडरा में हुई चोरी की घटना मामले में पुलिस ने तीन नाबालिग को विधि निरुद्ध करते हुए जुवेनाइल कोर्ट के आदेश पर बाल सुधार गृह पटना भेज दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष राहुल कुमार नवनीत ने बताया कि बुडरा निवासी बबन कुमार के घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। जिसके विरुद्ध अथमलगोला थाना कांड संख्या 96/2026 अंकित किया गया था। इस मामले के अनुसंधानकर्ता ने विभिन्न माध्यमों से साक्ष्य संकलन कर तीन नाबालिग को विधि निरुद्ध किया। जिसके निशानदेही पर चोरी का कुछ सामान भी बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त घटना में शामिल होने की पुष्टि के बाद सभी को जुवेनाइल कोर्ट के आदेश पर बाल सुधार गृह पटना भेज दिया गया है।

### हाईवा निकालने के चक्कर में कई दुकानों को किया क्षतिग्रस्त

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी में बालू माफियाओ के हौसले इतने बुलंद हैं कि वह रेलवे मालिकाना वाले रास्ते में लगा रेलिंग के रास्ते को छोड़कर अब वह मेंन रोड जहाँ चल रहे ओभरब्रीज के निर्माण कार्य के बावजूद इसी रास्ते से रोजाना सुबह में बालू लदा हाईवा को जैसे तैसे जोर जबरदस्ती करते हुए संकीर्ण रास्तों से तेजी से गाड़ियां निकाल रहा है।जिससे रोजाना दुकानों में तोड़फोड़ मचा रहा हैं। इसके अलावा कई बार निर्माणधीन पुल के पिलर में ठोकर मार कर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया है।



इस क्रम में बुधवार की तड़के सुबह बिजली पोल में ठोकर मार दी जिससे शॉर्ट सर्किट में दिलजान मार्केट के कई दुकानों के बिजली मीटर शॉर्ट सर्किट से जल गए। वहीं आसपास के कई दुकानों के बाहरी हिस्से के करकट आदी टुट गये है,वहीं ठेला रिक्शा लगाने वाले की भी मचा दी गई हैं। ऐसे में स्थानीय दुकानदारों ने स्थानीय प्रशासन से गुजारिश की है कि मेंन रोड में बड़े वाहनों पर रोक लगाई जाए। वहीं बिजली विभाग के जेईई रंजीत कुमार ने अज्ञात वाहन पर प्राथमिकी दर्ज कराई है एवं पुल निर्माण के ठेकेदार ने भी अज्ञात के खिलाफ आवेदन दिया है।

# पूर्णिया जिले में संतुलित उर्वरक उपयोग अभियान के क्रियान्वयन हेतु संयुक्त समन्वय टीम की बैठक

**पटना/पूर्णिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पूर्णिया जिले में संतुलित उर्वरक उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 22 अप्रैल, 2026 को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना में हाइब्रिड माध्यम से संयुक्त समन्वय टीम की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य पूर्णिया जिले में डीएपी उर्वरक के अत्यधिक एवं असंतुलित उपयोग की समस्या पर था, जिसे देश के शीर्ष 100 डीएपी उपभोग करने वाले जिलों में शामिल किया गया है। बैठक की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक डॉ. अनुप दास ने की तथा इसमें कृषि



प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान, पटना के निदेशक डॉ. अंजनी कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में कृषि विज्ञान केंद्र, पूर्णिया, जिला कृषि विभाग, तथा भोला पासवान शास्त्री कृषि महाविद्यालय, पूर्णिया से प्रतिभागियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान विशेषज्ञों ने संतुलित उर्वरक उपयोग को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की, जिसमें समेकित पोषक तत्व प्रबंधन, हरी खाद, ग्रीष्मकालीन मूंग की खेती, जैव उर्वरकों का उपयोग आदि शामिल हैं। हालांकि, विशेषज्ञों ने यह भी बताया कि उर्वरक सिफारिशों को छोड़कर मृदा परीक्षण के आधार पर और स्थान विशेष के अनुसार उर्वरक प्रबंधन अपनाना जरूरी है। साथ ही, उर्वरकों के बेहतर उपयोग के लिए नैनो उर्वरक और तरल पोषक तत्व जैसे नए विकल्प अपनाने पर भी जोर दिया गया। डॉ. अनुप दास ने कहा कि उर्वरकों का युक्तिसंगत उपयोग न केवल किसानों की लागत को कम करने में सहायक है, बल्कि दीर्घकाल में मृदा उर्वरता एवं पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। पूर्णिया जिले में गेहूं से मक्का एवं मखाना की खेती की ओर हो रहे बदलाव को ध्यान में रखते हुए वैज्ञानिकों ने फसल-विशिष्ट पोषक तत्व प्रबंधन अनुसूचियों के पुनरीक्षण की आवश्यकता बताई, ताकि उर्वरकों का अधिकतम दक्षता के साथ उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन, किसान प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं व्यापक जन-जागरूकता अभियानों के माध्यम से संतुलित उर्वरक उपयोग के आर्थिक एवं पर्यावरणीय लाभों का प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

## इश्क में नाबालिग की हत्या चार गिरफ्तार

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** खबर मोकामा से है जहां एक नाबालिग लड़का 16 वर्षीय अंशु कुमार पिछले एक महीने से लापता था। इस बाबत मोकामा थाना कांड संख्या 145/ 26 दर्ज करते हुए अनुसंधान किया तो हैरान कर देनेवाली कहानी सामने आई। पूरे मामले का खुलासा करते हुए एसडीपीओ बाढ़ 1 रामकृष्ण ने बुधवार लगभग 1 बजे बताया कि अंशु कुमार का मोकामा के ही एक नाबालिग लड़की से प्यार था। यह बात लड़की वालों को पता चली तो लड़की के चाचा और अन्य परिवार ने मिलकर धोखे से लड़के को बुलाया और हरनौत के टाल इलाके में ले जाकर चाकू गोदकर हत्या कर दी और सुनसान इलाके में फेंक दिया। इस मामले में पुलिस ने चार अभियुक्तों विजय कुमार, लड़की के पिता संजय दास, लड़की की मां एवं बड़ी बहन को गिरफ्तार कर लिया है।

## टीपीएस कॉलेज में कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** टी.पी.एस. कॉलेज, पटना के प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में आज दिनांक 22 अप्रैल 2026 को महाविद्यालय परिसर में



Aurobindo Pharma Pvt. Ltd. के लिए एक सफल कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। यह ड्राइव SSSV Solutions, हैदराबाद के सहयोग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर बी.एससी./एम.एससी. (रसायन विज्ञान) के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। चयन प्रक्रिया के अंतर्गत अभ्यर्थियों का स्क्रीनिंग एवं साक्षात्कार आयोजित किया गया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में कुल 14 छात्रों का चयन ट्रेनी/अप्रेंटिस पदों के लिए किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को आकर्षक स्टाइपेंड एवं अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो.(डॉ.) तपन कुमार शांडिल्य ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के प्लेसमेंट ड्राइव न केवल विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर प्रदान करते हैं, बल्कि उनके व्यावसायिक कौशल, आत्मविश्वास एवं औद्योगिक समझ को भी सुदृढ़ करते हैं। टी.पी.एस. कॉलेज विद्यार्थियों के समग्र विकास एवं रोजगारोन्मुखी शिक्षा को प्राथमिकता देता है, और भविष्य में भी ऐसे प्रयास निरंतर जारी रहेंगे ताकि अधिक से अधिक छात्रों को गुणवत्तापूर्ण रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकें। इस अवसर पर प्लेसमेंट सेल के को-ऑर्डिनेटर डॉ. प्रशांत कुमार, असिस्टेंट को-ऑर्डिनेटर डॉ. सुशोभन पलाधी तथा मणि केथिरेड्डी भी उपस्थित रहे।

## कृषि इनपुट विक्रेताओं के लिए समेकित पोषण तत्व प्रबंधन पर प्रशिक्षण आयोजित

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बुधवार को कृषि विज्ञान केन्द्र बाढ़, पटना में कृषि इनपुट बिक्रेताओं के लिए चलाये जा रहे प्रशिक्षण में प्रशिक्षणार्थियों को समेकित पोषक तत्व प्रबंधन एवं पौध वृद्धि नियंत्रक विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। समेकित पोषक तत्व प्रबंधन अंतर्गत प्रशिक्षणार्थियों को विभिन्न पोषक तत्व के श्रोत एवं उसके पूर्ति के लिए विभिन्न रासायनीक एवं जैविक उपादानों की चर्चा की गई। प्रशिक्षणार्थियो को यह भी बतलाया गया कि किसानों को उर्वरक बिक्री के पूर्व मिट्टी जाँच करायें एवं मिट्टी जाँच के आधार पर संतुलित एवं अनुसंशीत मात्रा मे हीं उर्वरक का प्रयोग लाभदायक होता है। उर्वरकों के अत्यधिक प्रयोग से किसानों को आर्थिक हानी के साथ-साथ यह पर्यावरण, मानव स्वास्थ एवं पशु स्वास्थ के लिए नुकसानदायक होता है।

## पृथ्वी दिवस पर एएन कॉलेज में युवाओं के बीच जलवायु परिवर्तन पर कार्यक्रम आयोजित

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पृथ्वी दिवस 2026 के अवसर पर ए.एन. कॉलेज, पटना के कॉन्फ्रेंस हॉल में एनएसएस यूनिट, ए.एन. कॉलेज पटना, यूनिसेफ एवं CIMP के संयुक्त तत्वावधान में 'बिहार में युवा सहभागिता, ज्ञान प्रबंधन और जलवायु-प्रतिरोधी WASH प्रणालियों पर सहयोगात्मक कार्रवाई' विषय पर एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं के बीच जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा जल, स्वच्छता एवं स्वच्छता से जुड़ी सतत एवं जलवायु-अनुकूल प्रणालियों के निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुश्री श्रुति दत्ता, सुश्री सृष्टि दुबे एवं नौसिर हैदर उपस्थित रहे। वहीं एनएसएस कार्यक्रम



अधिकारी डॉ. नवीन कुमार और डॉ. शिरिन मसरूर ने भी अपने विचार साझा किए। अपने संबोधन में डॉ. नवीन कुमार ने इकोसिस्टम के महत्व पर विस्तार से चर्चा करते हुए पर्यावरण और मानव के पारस्परिक संबंधों को भारतीय ज्ञान परंपरा के संदर्भ में स्पष्ट किया। इस अवसर पर कॉलेज परिसर स्थित हर्बल गार्डन में वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर प्रो. तृप्ति गंगवार, डॉ. संजय कुमार सिंह, बरसर डॉ. अभिषेक दत्ता, डॉ. विद्याभूषण सहित विभिन्न विभागों के शिक्षक-कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

## लोकाईन नदी से अवैध बालू खनन, तटबंध टूटने का खतरा

### ग्रामीणों ने लगाई सीएम व अन्य अधिकारियों से गुहार

**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के सिंगरियावाँ-खरभैया ग्रामीण सड़क के समीप पौराणिक फल्गु नदी की शाखा लोकाईन(महात्माईन) जो बरसाती नदी है के पुल के पास भू-माफियाओं द्वारा बड़े पैमाने पर अवैध बालू और मिट्टी का खनन किया जा रहा है। इससे नदी के




तटबंध के धंसने और कई गांवों में बाढ़ का खतरा पैदा हो गया है। इसको लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव,डीजीपी समेत कई वरिष्ठ अधिकारियों को आवेदन देकर त्वरित कार्रवाई की मांग की है। पोकलेन-हाइवा से दिन-रात हो रही उड़ाही से महात्माईन (बाहा) नदी की हालत खराब होती जा रही है। आवेदन के मुताबिक, एरई छिलका से दक्षिण वेरावाँ मौजा तक भू-माफिया और दबंग पोकलेन मशीनों व हाइवा लगाकर नदी और आसपास के खेतों से जबरन बालू-मिट्टी काट रहे हैं। यह पूरा इलाका शाहजहाँपुर थाना क्षेत्र में आता है। ग्रामीणों का आरोप है कि यह खनन पूरी तरह गैर-कानूनी है। ग्रामीणों ने बताया कि तटबंध टूटा तो कई गांव बाढ़ की पानी में डूब जाएंगे। खरभैया के सामाजिक कार्यकर्ता और बीएसएनएल के वरीय अधिकारी कौशल किशोर,सरथुआ के विमलेश कुमार, डॉ. राजीव कुमार नयन, शिशुपाल कुमार, कुन्नू कुमार, राजकिशोर सिन्हा,बमशंकर कुमार, नागेंद्र कुमार,पप्पू कुमार (शिक्षक), रामनिरंजन प्रसाद,ई0 विक्कू व दर्जनों अन्य ग्रामीणों ने बताया कि अवैध खनन से नदी के दोनों ओर बने तटबंध में भू-स्खलन की प्रबल संभावना है। तटबंध टूटने से एरई, वेरावाँ,खरभैया, जीवनचक समेत आसपास के गांवों में बाढ़ से भारी तबाही होगी और कृषि कार्य पूरी तरह चौपट हो जाएगा। इस संभावित खतरे से एरई गाँव का छिलका भी नेस्तनाबूद हो जाएगा। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, सचिव, जिलाधिकारी पटना, एसडीएम पटना सिटी, ग्रामीण एसपी पटना, एसएसपी पटना,डीआईजी, पटना, थाना अध्यक्ष शाहजहाँपुर को पत्र भेजकर अवैध खनन रोकने व दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई शुरू होने की सूचना नहीं है।

## धनरूआ के बिरंची मोड़ पर चाय नाश्ते की दुकान में लगी आग

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना-गया मुख्य सड़क मार्ग के धनरूआ थाना स्थित बिरंची मोड़ के पास एक विधवा द्वारा संचालित चाय नाश्ते की दुकान में बुधवार की दोपहर अचानक आग लग गयी. आग की तेज लपट उठते देख सभी दुकान से भाग निकले और देखते देखते मिनटों में दुकान जलकर राख हो गया. इस अगलगी में करीब डेढ़ लाख रुपए का नुकसान होने का अनुमान है. इस संबंध में सिद्धनाथ साव की विधवा राधिका देवी ने लिखित शिकायत दर्ज करायी है.जिसमें आग लगने का कारण पास स्थित ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी बताया गया है. जानकारी के अनुसार अपने पति की मृत्यु के बाद बिरंची निवासी विधवा राधिका देवी सड़क किनारे एक झोपड़ी में चाय नाश्ता की दुकान के अलावे एक गुमटी में पान सिगरेट की दुकान खोल रखी थी.

## जेईई मेन फाइनल रिजल्ट में गोल इंस्टीट्यूट के छात्रों का शानदार प्रदर्शन




**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जेईई मेन के फाइनल परिणाम में गोल इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम रोशन किया है। गोल क्लासरूम के अनेक छात्रों ने 95 पर्सेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इस वर्ष के परिणाम में श्रृष्टि राज ने 98.94 पर्सेंटाइल, ऋतुराज कुमार ने 98.65 पर्सेंटाइल, लकी कुमारी ने 98.17 पर्सेंटाइल, उज्ज्वल कांत मिश्रा ने 97.77 पर्सेंटाइल तथा तेजस ने 92.27 % पर्सेंटाइल प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की है। इसके अलावा भी गोल के कई विद्यार्थियों ने उच्च पर्सेंटाइल हासिल कर टॉप स्कोरर के रूप में अपनी पहचान बनाई है। गोल इंस्टीट्यूट के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक बिपिन सिंह ने इस सफलता पर सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा, यह परिणाम विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और गोल की व्यवस्थित शैक्षणिक प्रणाली का प्रमाण है। हमारा लक्ष्य केवल चयन नहीं, बल्कि श्रेष्ठ परिणाम देना है। सहायक निदेशक रंजय सिंह ने कहा, गोल के छात्र लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। यह हमारी टीम के समर्पण और छात्रों के विश्वास का परिणाम है। वहीं आर एंड डी हेड आनंद वत्स एवं एकेडमिक हेड गौरव सिंह ने भी छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि गोल की टेस्ट सीरीज, नियमित प्रैक्टिस और कॉन्सेप्ट क्लैरिटी पर आधारित पढ़ाई ही इस सफलता का मुख्य आधार है। गोल इंस्टीट्यूट ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह "Goal the Result Factory" के रूप में विद्यार्थियों के सपनों को सफलता में बदलने के लिए प्रतिबद्ध है।

## जनगणना प्रशिक्षण का उप विकास आयुक्त और एसडीओ ने किया निरीक्षण

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद कार्यालय में चल रहे जनगणना प्रशिक्षण के तीसरे बैच के पहले दिन जिला उप विकास आयुक्त कांत कुंडलिक खांडेकर और अनुमंडल पदाधिकारी दानापुर अनिरुद्ध पाण्डेय ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने प्रशिक्षण की गुणवत्ता परखी और प्रशिक्षकों की सराहना की। बुधवार को डीडीसी खांडेकर और एसडीओ अनिरुद्ध पाण्डेय ने प्रशिक्षण स्थल पर पहुंचे। उन्होंने मौजूद पर्यवेक्षकों और प्रगणकों से प्रशिक्षण की गुणवत्ता, समझ और कठिनाइयों के बारे में विस्तार से पूछताछ की। अधिकारियों ने प्रशिक्षण सामग्री, उपस्थिति और संचालन प्रक्रिया की भी जानकारी ली। प्रशिक्षक डॉ. संजय कुमार और



पवन कुमार ने बताया कि निरीक्षण संतोषजनक रहा। अधिकारियों ने प्रशिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि बेहतर तरीके से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने सभी प्रगणकों को जनगणना के काम को गंभीरता और सटीकता से करने का निर्देश दिया। इस मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी सिद्धार्थ हर्षवर्धन, सिटी प्रबंधक जितेन्द्र कुमार, पंकज कुमार, डॉ. संजय कुमार, पवन कुमार, संतोष कुमार, चंदन कुमार, विनोद कुमार, रितम्भरा, रोजी, विनय कुमार सिंहा, अशोक विजय कुमार सहित कई शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मी मौजूद रहे। जनगणना का काम तय समय पर पूरा करने के लिए प्रशिक्षण को जरूरी बताया गया। अधिकारियों ने कहा कि फील्ड में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## भाकपा माले ने मनाया पार्टी का 58 वां स्थापना दिवस

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कामरेड लेनिन की जयंती की मौके पर भाकपा माले पार्टी का अपना 58 वां स्थापना दिवस मना रहा है। यह अभियान 22 अप्रैल से 29 अप्रैल तक चलेगा, सबसे पहले कामरेड लेनिन व कामरेड चारु मजूमदार के चित्र पर माल्यार्पण किया गया और तमाम शहीदों की याद में 2 मिनट का मौन रखकर शोक श्रद्धांजलि अर्पित की गई, समकालीन राजनीति में, पार्टी फासीवाद, सांप्रदायिकता, सरकारी दमन, और 'काले कृषि कानूनों' जैसे जन-विरोधी नीतियों के खिलाफ एक प्रमुख विपक्षी शक्ति के रूप में भूमिका निभा रही,स्थाफ्ता दिवस के मौके पर संकल्प लिया गया।


## असमाजिक तत्वों ने खेतों में जलाई पराली, दो दर्जन से अधिक खेतों मे लगी भयंकर आग

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के सोनमई गांव में बुधवार की दोपहर को अचानक उस वक्त अफरा तफरी का माहौल बन गया, जहर अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा गेहूं की कटी फसल में आग लगा दी थी, जिसके परिणामस्वरूप आग ने तेजी से आसपास के खेतों को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें पास स्थित सोनमई पावर सब-स्टेशन एवं सोनमई पुलिस चौकी तक पहुँच गई, जिससे एक बड़ी दुर्घटना की आशंका उत्पन्न हो गई। हालांकि, समय रहते प्रभावी प्रयासों के कारण पावर सब-स्टेशन एवं पुलिस चौकी को सुरक्षित बचा लिया गया।घटना की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुँची एवं स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

## आईसीआईसीआई लोम्बार्ड ने बिहार में बीमा जागरूकता और सामाजिक प्रभाव को मजबूत किया

### जमीनी स्तर पर पहुंच और प्रभावी सीएसआर पहलों से समावेशन को मिला बढ़ावा

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारत की अग्रणी निजी जनरल इंश्योरेंस कंपनियों में से एक आईसीआईसीआई लोम्बार्ड ने राज्य स्तरीय बीमा समिति की बैठक में बिहार में बीमा जागरूकता बढ़ाने और समावेशी विकास को बढ़ावा देने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। राज्य बीमा योजना के तहत गैर-जीवन बीमा के लिए नामित लीड इंश्योरर के रूप में, कंपनी ने बीमा की पहुंच को गहराई तक बढ़ाने और राज्य के समग्र विकास में योगदान देने के अपने प्रयासों को प्रस्तुत किया। इस बैठक में आईआरडीएआई के अधिकारी, आईसीआईसीआई लोम्बार्ड के वरिष्ठ अधिकारी तथा अन्य बीमा कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल हुए। राज्य स्तरीय बीमा समिति बैठक बीमा की पहुंच और जागरूकता बढ़ाने के साझा लक्ष्य पर




हितधारकों को एकजुट करने का एक महत्वपूर्ण मंच है। यह राज्य, नियामकों और बीमा कंपनियों के बीच समन्वित प्रयासों को सक्षम बनाता है, जिससे सुरक्षा अंतराल को कम किया जा सके और नागरिकों में दीर्घकालिक वित्तीय मजबूती विकसित हो। आईसीआईसीआई लोम्बार्ड की हेड झ मार्केटिंग, कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन एवं सीएसआर, शीना कपूर ने कहा कि आईसीआईसीआई लोम्बार्ड में हम बीमा को वित्तीय सुरक्षा और मजबूती का एक महत्वपूर्ण साधन मानते हैं। इन्सुरेंस फॉर ऑल के विजन के अनुरूप, बिहार में हमारे प्रयास बीमा को अधिक सुलभ, समझने योग्य और लोगों के दैनिक जीवन के लिए प्रासंगिक बनाने पर केंद्रित हैं। जमीनी स्तर पर लगातार बीमा जागरूकता अभियानों—जीविका दीदियों, स्वयं सहायता समूहों और ट्रैफिक पुलिस के साथ मिलकर तथा सड़क सुरक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका जैसे क्षेत्रों में प्रभावी सीएसआर पहलों के माध्यम से हम समुदायों और संस्थानों के साथ मिलकर सार्थक बदलाव ला रहे हैं। ये प्रयास एक ऐसी संस्कृति बनाने में मदद कर रहे हैं जहां सुरक्षा सक्रिय, समावेशी और दैनिक जीवन का हिस्सा बन सके। आईसीआईसीआई लोम्बार्ड ने बिहार में बीमा साक्षरता बढ़ाने और अपनाने को प्रोत्साहित करने के लिए कई पहलें की हैं जिनमें राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय संस्थानों के साथ मिलकर वित्तीय शिक्षा कार्यक्रम, मासिक बीमा दिवस अभियान, ट्रैफिक पुलिस के साथ संयुक्त वाहन जांच अभियान, पेट्रोल पंपों पर कैनोपी और पोस्टर के माध्यम से जागरूकता अभियान, शहरी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में ऑटो-रिक्शा ब्रांडिंग और हाई-विजिबिलिटी अभियान, होर्डिंग्स और ग्रामीण दीवार चित्रों के माध्यम से संदेशों का प्रसार, छठ पूजा के दौरान विशेष जागरूकता अभियान शामिल है। आईसीआईसीआई लोम्बार्ड का बिहार में दृष्टिकोण बीमा जागरूकता को व्यापक विकास पहलों के साथ जोड़ता है। आउटरीच, नवाचार और समुदाय-केंद्रित प्रयासों के जरिए कंपनी एक सुरक्षित,जागरूक और सशक्त बिहार के निर्माण में योगदान दे रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल में मना पृथ्वी दिवस

**अररिया (नबिटासं)।** बुधवार को मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस पर एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल के कक्षा 1 से कक्षा 8 तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रत्येक वर्ष पृथ्वी दिवस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और प्रदूषण,ग्लोबल वार्मिंग जैसे समस्याओं को धरती से बचने का संकल्प लेने के लिए मनाया जाता है। आज का दिन हमें याद दिलाता है कि हमें सिर्फ एक दिन नहीं बल्कि जीवन भर अपनी धरती की देखभाल करनी होगी। पृथ्वी दिवस का कार्यक्रम 1970 में प्रारंभ हुआ था अब 190 से अधिक देशों में पुनर्चक्रण, ऊर्जा संरक्षण, वृक्षारोपण के माध्यम से इस कार्यक्रम को मानते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ.संजय प्रधान, प्राचार्य डॉक्टर पाराशर त्यागी, प्रशासनिक अधिकारी अभिनंदन नौटियाल ने छात्र-छात्राओं को धरती की सुरक्षा हेतु एक-एक पेड़ पौधे लगाने का आह्वान किया। निदेशक डॉक्टर संजय प्रधान ने छात्र-छात्राओं को जीवन में प्रदुषण के प्रति सचेत रहने का संकल्प दिलाये ।

### इंटर-स्कूल क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन

**कटिहार (नबिटासं)।** एएएम चिल्ड्रेन्स एकेडमी फसिया टोला के खेल मैदान में एक रोमांचक इंटर-स्कूल क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में एएएम चिल्ड्रेन्स एकेडमी और टियोमल वर्ल्ड स्कूल के बीच मुकाबला खेला गया।टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एएएम चिल्ड्रेन्स एकेडमी की टीम ने 12 ओवरों में 5 विकेट खोकर 113 रन बनाए। टीम की ओर से धर्मवीर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 42 रन बनाए। जिसमें 5 छक्के शामिल रहे। वहीं देवराज ने भी 28 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेलकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया।लक्ष्य का पीछा करने उतरी ट्यूमल वर्ल्ड स्कूल की टीम ने भी बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। लेकिन निर्धारित ओवरों में 104 रन ही बना सकी। इस प्रकार एएएम. चिल्ड्रेन्स एकेडमी ने यह मुकाबला 9 रनों से अपने नाम किया। टीम का नेतृत्व कप्तान अभिनव प्रकाश एवं उप-कप्तान धर्मवीर ने किया। टीम के अन्य खिलाड़ियों में देवराज,दक्ष, संयम, अर्नव, अविनाश, योहान, अंकुश, गौरव, बिराज, राजीव, अभिषेक, दीपांशु, हिमांशु और क्रिस शामिल रहे। मैच के दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने खेल भावना, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय दिया। विद्यालय परिवार ने सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### घुमधाम से मनाई गई कवि संत सूरदास जी की 548वीं जयन्ती

**कटिहार (नबिटासं)।** हिन्दी में भक्ति काल के मुर्धन्य कवि संत सूरदास जी का 548वॉं जयन्ती समारोह  शहर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरमसिया में दिव्यांगों के सशक्तिकरण हेतु समर्पित राष्ट्रीय संगठन सक्षम कटिहार इकाई की ओर से आयोजित की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता सक्षम उत्तर बिहार प्रांत के कोषाध्यक्ष अरुण कुमार चौधरी ने की। कार्यक्रम की शुरूआत  दीप प्रज्ज्वलित व संगठन मंत्र करके किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में सरस्वती शिशु मंदिर के सचिव अमित कुमार गुप्ता उर्फ बबलू गुप्ता मौजूद रहे। मंच का संचालन शिशु मंदिर के आचार्या प्रिया ने किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने संत कवि सूरदास के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब देश मुगलों के अत्याचार से कराह रहा था। तब सूरदास ने अपनी कृष्ण भक्ति के कारण ब्रजभाषा में भक्ति रस की कविता के माध्यम से समाज में सांस्कृतिक जागरण कर लोगों को अपने-अपने आराध्य देव से जोड़ने में सफल रहे। वक्ताओं ने कहा कि भक्ति काल के कवि संत सूरदास नेत्रहीन थे। पर भगवान का चित्रण एवं समाज की पीड़ा का वर्णन जो उनकी कविता में मिलता है वह अन्यत्र कहीं नहीं. कार्यक्रम में जिला सचिव मुकुंद मुरारी साह ने बताया कि कवि सूरदास जी का जयंती वैशाख शुक्ल पंचमी को मनाया जाता है। अंत में विधालय की प्रभारी प्रधानाचार्या नेहा कुमारी ने धन्यवाद ज्ञापन से कार्यक्रम का समापन किया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में शिशु मंदिर के आचार्या प्रिया, अर्चना एवं सेविका नीलू प्रमुख रूप से विधालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं और उनके अभिभावक भी शामिल रहे। साथ ही सक्षम से जिला सह सचिव योगेश पूर्वे व सत्यनारायण प्रसाद जिला चरैवेति प्रकोष्ठ प्रमुख भी उपस्थित थे।

### वैक्सीनेशन करवाने को लेकर आशा कार्यकताओं की बैठक आयोजित

**मनसाही/कटिहार (नबिटासं)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनसाही में बुधवार को आशा कार्यकताओं की बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी, डबलूएचओ के एसएमसी एवं जिला सामुदायिक उत्प्रेरक के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में बताया गया कि एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम शुरू किया गया हैं जिसका मुख्य उद्देश्य गर्भाशय के कैंसर को रोकना हैं। एचपीवी का वैक्सीन पहले स्कूल में 9 से 14 वर्ष के किशोरियों को लगाया गया था। अब यह टीकाकरण 14 वर्ष के किशोरियों को एचपीवी गदार्शील वैक्सीन लगाया जाएगा जो भी किशोरियों का 14 वर्ष पूरा हो गया हैं और 15 वर्ष से कम हैं,उन्हें ही यह वैक्सीन एक ही वार लगाया जाएगा। यह वैक्सीन सरकारी स्वास्थ्य केंद्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दिया जाएगा। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर प्रेमराज,प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक अनवर आलम, क्लर्क पुष्कर राज,लेखापाल अनिमेष कुमार आदि उपस्थित रहे ।

### महिला आरक्षण व परिसीमन मुद्दे पर राष्ट्रीय लोक मोर्चा का धिक्कार मार्च

**कटिहार (नबिटासं)।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा के आह्वान पर बुधवार को बिहार के सभी जिला मुख्यालयों में धिक्कार मार्च निकाला गया। इसी क्रम में कटिहार जिला में भी जिला संयोजक उमाकांत आनंद के नेतृत्व में नगर भवन से शहीद चौक तक आक्रोश मार्च निकाला गया। मार्च के दौरान कार्यकताओं ने महागठबंधन सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और महिला आरक्षण बिल तथा परिसीमन सुधार के मुद्दे पर विरोध दर्ज कराया। जिला संयोजक उमाकांत आनंद ने कहा कि महागठबंधन सरकार महिला विरोधी मानसिकता रखती है और नहीं चाहती कि आम महिलाओं की भागीदारी संसद एवं विधानसभा में बढ़े। उन्होंने आरोप लगाया कि महिला आरक्षण बिल का विरोध कर सरकार ने अपनी मंशा साफ कर दी है। उन्होंने कहा कि उपेन्द्र कुशवाहा के नेतृत्व में राष्ट्रीय लोक मोर्चा लगातार परिसीमन सुधार, संवैधानिक अधिकार और बिहार सहित उत्तर भारत के विकास को लेकर संघर्षरत है।

# पत्नी ने प्रेमी को बुलाकर कर दी पति की हत्या, जांच में जुटी पुलिस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** सदर प्रखंड क्षेत्र के सिरनिया गोलाघाट राय टोला में पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर अपने ही पति की बेरहमी से हत्या कर दी। पति का शव घर के अंदर बिछावन पर ही पड़ा मिला। और गले पर गहरे निशान पाए गए। जो गला दबाकर हत्या की ओर इशारा कर रहा हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद मुफस्सिल पुलिस एफएसएल टीम के साथ घटनास्थल को पहुंचकर घटना की जांच की और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु कटिहार सदर अस्पताल भेज दिया।




मृतक का नाम गालिब राय (42) हैं। मृतक की मां रकीमा खातून रोते बिलखते हुए बताया कि उनके पुत्र गालिब की उसकी पत्नी रोजिया खातून ने प्रेमी के साथ मिलकर हत्या कर दिया और पुलिस से उन्हें न्याय की उम्मीद हैं। इस संबंध में पत्नी रोजिया खातून का कहना हैं कि वह नशे के आदि थे और जब वे लोग सो गए थे तब वह रात में घर आया था। सुबह उठने पर उनके शव को बिस्तर पर देखा। इसके बाद इसकी सूचना उनके रिश्तेदारों को दिया गया। उनके पति की हत्या कैसे हुई यह उन्हें पता नहीं हैं। एफएसएल की टीम जांच में जुटी हुई थी।

# सड़क सुरक्षा को लेकर चलाया गया शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सघन वाहन चेकिंग अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ग्रामीण ।** जिले में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने, यातायात अनुशासन बनाए रखने तथा सड़क दुर्घटनाओं में गुणात्मक कमी लाने के उद्देश्य से बुधवार को शहरी पर वाहनों की गहन जांच की गई। इस क्रम में वाहन चालकों से वैध कागजात,ड्राइविंग लाइसेंस, सीट बेल्ट, हेल्मेट के उपयोग तथा ओवरलोडिंग की विशेष रूप से जांच की गई। नियमों



और ग्रामीण क्षेत्रों में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। जिला पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में मनिहारी अनुमंडल पदाधिकारी त्रिलोकी नाथ सिंह के नेतृत्व में एसडीपीओ बिनोद कुमार, बीडीओ सनत कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने विभिन्न चौक-चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर व्यापक जांच की। अभियान के दौरान मनिहारी अंबेडकर चौक, नारायण पुल,कुमारीपुर समेत आधे दर्जन से अधिक स्थानों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों से मौके पर ही आर्थिक दंड भी वसूला गया।अधिकारियों ने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा मानकों का पालन करना सभी की जिम्मेदारी है। सुरक्षित ड्राइविंग अपनाकर ही दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। इस तरह के अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे, ताकि यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सके और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# हाइवोल्टेज तार गिरने से लगी आग, लोगों ने घर से भाग कर बचाई अपनी जान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के भेड़मारा पंचायत के हरिप्रसाद गांव में बीती रात करीब एक बजे हाइवोल्टेज बिजली के तार गिरने से आग लग गई चुंकि भीषण गर्मी होने और ग्रामीण क्षेत्र होने के कारण कई लोग जगे हुए थे आग देख लोगों ने शोर मचाया और लोग घर से निकल सुरक्षित स्थान की ओर भागे।



हरिप्रसाद गांव में लगभग दो दर्जन परिवार के घर के ठीक ऊपर से हाइटेंशन तार गुजरा हैं लोग कई बार विभाग से इस तार को आबादी से दूर हटाने की अपील कर चुके हैं मगर विभाग इस ओर अनभिज्ञ बनी हुई हैं, बताते चलें कि जिस जगह तार टूट कर गिरा वहां लगभग दो सौ लोगों की आबादी रहती हैं,इसे कोई चमत्कार ही कहे की कोई बड़ी दुर्घटना नहीं हुई क्षेत्र के लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द इस समस्या के स्थाई समाधान की मांग की ।

## अग्रसेन भवन की कार्यसमिति गठित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** शहर के अग्रसेन भवन में कार्यकारिणी सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस दौरान वर्ष 2026-28 के लिए नयी कार्यसमिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अशोक अग्रवाल विधान पार्षद को अध्यक्ष,अनिल चमाडिया, राजकुमार मुरारका और सावरमल सिंघानिया को उपाध्यक्ष,शंभू अग्रवाल को सचिव, निर्मल अग्रवाल को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इसके साथ सह कोषाध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल, सहसचिव सुनील अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल और राधेश्याम अग्रवाल को बनाया गया है। उपाध्यक्ष राज कुमार मुरारका ने सभी नवचयनित कमिटी के सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामना दी है।

# धनकाहा बरहरा घाट में डूबे युवक का शव 48 घंटे बाद मिला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र धनकाहा बरहरा घाट में सोमवार को डूबे 35 वर्षीय पंकज महतो का शव 48 घंटे बाद बुधवार सुबह करीब 7 बजे बरामद किया गया। शव मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घर में चीख-पुकार और मातम का माहौल बन गया। परिजन रो-रोकर बेसुध हो रहे थे और गांव के लोगों की आंखें भी नम हो गईं।

मृतक पंकज महतो पिता बिहारी लाल महतो सोमवार को घाट पर स्नान के दौरान गहरे पानी में चले गए थे। जिसके बाद वे लापता हो गए थे। स्थानीय लोगों और प्रशासन की टीम द्वारा लगातार दो दिनों तक खोजबीन की जा रही थी। बुधवार सुबह शव मिलने की सूचना मिलते ही अंचल अधिकारी अनुपम कुमारी मौके पर पहुंचीं और हालात का जायजा लिया। इस दौरान मुखिया इब्राहिम और उप मुखिया सुनील मंडल भी मौजूद रहे। घटना के बाद पीड़ित परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने प्रशासन से उचित मुआवजा देने की मांग की है। सीओ ने आश्वासन दिया कि नियमानुसार कार्रवाई कर हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

# डीएम ने किया कदवा एवं आजमनगर प्रखंडों का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कदवा (कटिहार)।** जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने बुधवार को बारसोई अनुमंडल के कदवा तथा आजमनगर प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के क्रम में उन्होंने प्रखंड क्षेत्र में संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का भी निरीक्षण किया। इस दौरान अपर समाहर्ता डा.बिनोद कुमार साथ रहे। डीएम ने योजना क्रियान्वयन का जायजा लेकर जमीनी हकीकत से वाकिफ हुए। तो वहीं विभागीय पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस क्रम में उन्होंने अंचल कार्यालय के भी विभिन्न अभिलेखों की जांच की। आरटीचीएस कार्यालयों



में लंबित आवेदनों की समीक्षा कर समयबद्ध तरीके से निष्पादन का निर्देश दिया। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन में पाई गई खामियों को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रेम कुमार को कड़ी फटकार लगाई।

मनरेगा योजनाओं में अनियमितता और मिल रही शिकायतों पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी देवेश कुमार गुप्ता को भी जमकर फटकार लगाया और जल्द से जल्द सुधार लाने का निर्देश दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुगार्गंज पहुंचकर डीएम ने जांच घर, एक्सरे कक्ष, ओटी कक्ष, महिला एवं पुरुष वार्ड सहित अन्य कक्षों का निरीक्षण किया।उन्होंने एक्सरे कक्ष के कर्मी की लापरवाही उभरकर होने पर उसे जमकर फटकार लगाई। पोषण एवःपुनर्वास केंद्र बंद पाये जाने पर डीएम ने  नाराजगी जताते हुए संबंधित पदाधिकारी को लिखित आवेदन देकर अविलंब केंद्र चालू कराने का सख्त निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में डीएम ने प्रशासनिक सख्ती दिखाते हुए  कहा कि किसी सूरत में जनहित की योजनाओं के क्रियान्वयन तथा स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीएम ने कहा कि प्रखंड सह अंचल मुख्यालय स्थित कार्यालयों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के निरीक्षण में पाई गई। लापरवाहियों को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को व्यवस्था में सुधार लाने का निर्देश दिया गया है।

# स्वगणना कार्य में तेजी लाने के लिए रात्रि चौपाल का आयोजन : नगर आयुक्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** नगर निगम सभागार में महापौर उषा देवी अग्रवाल की अध्यक्षता में स्वगणना कार्यक्रम को तीव्रता देने को लेकर से एक बैठक बुलाई गयी। जिसमें निगम पार्षदों भी उपस्थित रहे।इस दौरान फील्ड ट्रेनर,अधिकारी और कर्मियों के ने सभी पार्षदों से स्वगणना कराया गया तथा उनसे आग्रह किया गया कि नगर निगम की तरफ से प्रतिनियुक्त किए गए कर्मियों को आवश्यक सहायता प्रदान करते हुए अधिक से अधिक संख्या में अपने वार्ड में स्व गणना कराये। स्व गणना से डेटा की स्पष्टता और सटीकता बढ़ेगी और सरकार को जनता के लिए नीतिगत



फैसले लेने में आसानी होगी। इस मौके पर नगर आयुक्त संतोष कुमार ने कहा कि स्व गणना कैसे करे को लेकर शहर के टीवी टावर महादलित टोला में जागरूक किया गया। जिसमें दर्जनों महिला पुरुष जागरूक होकर अपने स्व गणना करके अन्य लोगों को भी प्रेरित कर स्व गणना कराया। जिससे लगातार आनलाइन गणना तेजी से हो रहा है। स्व गणना को लेकर निगम क्षेत्र में विभिन्न वार्डों में रात्रि चौपाल का आयोजन किया जा रहा है।जो 30 अप्रैल तक चलेगा। फिर एक दो मई से प्रतिनियुक्त कर्मी अपने क्षेत्र में अपने सहयोगियों के साथ डोर टु डोर जाकर गणना करेंगे। नगर जनगणना पदाधिकारी सह नगर आयुक्त श्री कुमार ने बताया कि नगर क्षेत्र में जनगणना का कार्य तेजी से हो रहा है। प्राथमिकता के आधार कार्य को पुरा किया जाएगा। मौके पर निगम पार्षद बिटटु घोष, चन्द्रशेखर यादव, नोडल पदाधिकारी नुर आलम, कनीय अभियंता अजय कुमार सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# लायंस क्लब कटिहार की ओर से किया गया पौधारोपण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** लायंस क्लब कटिहार की ओर से पृथ्वी दिवस के मौके पर वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण करते हुए क्लब के अध्यक्ष लायन काजल महासेठ ने कहा कि आज का दिन हमें याद दिलाता है कि धरती को बचाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करना और सौर, पवन प्रति जागरूकता फैलाने के लिए दुनिया भर में आज पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। क्लब के पीआरओ लायन प्रिया गुप्ता के हवाले से जानकारी दी गई कि आज स्थानीय गौशाला परिसर मे 50 पेड़ लगाए गये जिसमे नीम, जामुन,अमरुद के साथ अर्जुन के पेड़ भी शामिल है। क्लब के पूर्व अध्यक्ष लायन अनिल चमरिया, पंकज पूर्वे, संतोष गुप्ता, स्वर्ण



ऊर्जा को अपनाना एवं भूजल का संरक्षण और वनीकरण के लिए जरूरी है कि हम ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं।

प्रोजेक्ट चेयरपर्सन लायन हंशु अग्रवाल डालमिया ने कहा कि हर साल 22 अप्रैल को लोगों को प्रदूषण, वनों की कटाई और ग्लोबल वार्मिंग के खतरों के बारे में शिक्षित करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम भी चलाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन से लड़ने और सतत विकास के चमरिया, उपाध्यक्ष लक्ष्मी गुप्ता के साथ मनोज महासेठ मितेश डालमिया उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि हमसभी को अपने जन्मदिन जैसे खास मौके पर पेड़ लगाना चाहिए। प्लास्टिक थैले का प्रयोग बंद करना चाहिए ताकि ग्लोबल वार्मिंग को कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि "धरती माता करे पुकार, वृक्ष लगाओ, करो सुधार।" जैसे स्लोगन हर स्कूल मे लगाना चाहिए ताकि बच्चे जागरूक हो।

# झारखंड कोचिंग एक्ट के खिलाफ हाईकोर्ट जाने की तैयारी, कोचिंग संचालकों की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** झारखंड कोचिंग एक्ट के विरोध में अब कोचिंग संस्थानों ने कानूनी लड़ाई का रास्ता अपनाने का निर्णय लिया है। बरगंडा में एप्टा गिरिडीह इकाई की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिले के 30 से अधिक प्रमुख कोचिंग संस्थानों के निदेशकों ने भाग लिया बैठक में एप्टा के मुख्य संरक्षक राजेश सिन्हा ने कहा कि एक्ट के कई प्रावधान कोचिंग संस्थानों के लिए अव्यवहारिक हैं, जिसके कारण इन्हें हाई कोर्ट में चुनौती दी जाएगी।



वहीं धनबाद कोचिंग संगठन के अध्यक्ष मनोज सिंह ने बताया कि चूंकि यह कानून गजट के माध्यम से लागू हो चुका है, इसलिए अब इसमें संशोधन केवल न्यायालय के माध्यम से ही संभव है। उन्होंने कहा कि संगठन जल्द ही हाई कोर्ट में याचिका दायर करेगा, जिसमें विवादित प्रावधानों को हटाने तथा तब तक एक्ट के क्रियान्वयन पर रोक लगाने की मांग की जाएगी बैठक में विशेष रूप से 5 लाख रुपये की सिक्युरिटी डिपॉजिट, न्यूनतम 50 छात्रों पर नियम लागू होने जैसी शर्तों पर आपत्ति जताई गई। सदस्यों ने इस बात पर भी आश्चर्य व्यक्त किया कि सबसे पहले गिरिडीह में ही इस संबंध में नोटिफिकेशन जारी किया गया, जबकि अन्य जिलों में अब तक ऐसा नहीं हुआ है इस दौरान कोचिंग संस्थानों की भूमिका और झारखंड के शैक्षणिक माहौल पर भी चर्चा की गई। साथ ही सभी संस्थानों को अपने यहां छात्रों की सुविधा और सुरक्षा के लिए आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। गिरिडीह कोचिंग एसोसिएशन के सचिव को सभी संस्थानों से संबंधित जानकारी जल्द उपलब्ध कराने को कहा गया, ताकि कोर्ट से राहत मिलने पर सभी को इसका लाभ मिल सके। बैठक का संचालन एप्टा सचिव अधिवक्ता सूरज नयन एवं वर्किंग कमिटी संयोजक आलोक मिश्रा ने किया। इस अवसर पर नागेंद्र कुमार, विकास तिवारी, नागेंद्र सिंह, मनोज यादव, मिंटू सिंह, सद्दाम हुसैन, संजय प्रणव मिश्रा, सुबोध वर्मा, रवि रंजन, सी.के. मिश्रा, अनिल सहित दर्जनों शिक्षक उपस्थित थे।

# सर्किट हाउस में हुड़दंग करने मामले में आठ गिरफ्तार




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** हथियार बंद कुछ लोगों द्वारा सर्किट हाउस में घुसकर वेटर को गाली-गलौज तथा मारपीट के आरोप में नगर थाना की पुलिस द्वारा आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है जबकि अन्य लोग मौके से फरार हो गए। पकड़े गए आरोपितों की पहचान पंजाब राज्य के अमृतसर जिले के महिता थाना क्षेत्र अन्तर्गत धरदिउ निवासी प्रवीण सिंह, बुटर थाना क्षेत्र के तरदेव गांव निवासी बलविन्द्र सिंह, मधुबनी जिले के अरेर थाना क्षेत्र के अरेर निवासी सुंदरम कुमार झा, सिवान जिले के दौरदां थाना क्षेत्र के कोथवा सारंगापुर निवासी मनोरंजन सिंह, पौधुआ निवासी आशीष कुमार, समस्तीपुर जिले के सरायरंजन थाना क्षेत्र के खेतापुर धर्मपुर निवासी गरीबन सहनी, दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के मुक्तियारपुर निवासी रंजन कुमार एवं गया जिले के गुरारू थाना क्षेत्र के बगडिहा निवासी सुरेन्द्र सिंह के रूप में की गई है। इनके पास से 1, पिस्टल, 2 मैगजीन, 1 दोनाली बंदूक, 38 जिंदा कारतूस, 9 मोबाईल फोन 1 कैमरा, 2 स्कॉर्पियो एवं 23500 रूपये बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार, नगर थानाध्यक्ष बबन बैठा को सूचना मिली कि 10-15 व्यक्तियों द्वारा चार चक्का वाहन से जिला अतिथी गृह में घुसकर हथियार का भय दिखाकर जबरदस्ती रूम खुलवाया तथा विश्राम कर रहे लोगों के साथ अभद्र व्यवहार किया जा रहा हैं। सूचना के आलोक में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई सर्किट हाउस पहुंच कर मौके से आठ व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया। इनकी तलाशी में 1 दोनाली बंदूक, 1 पिस्टल, 2 पिस्टल मैगजीन एवं 38 जिंदा कारतूस बरामद किया गया। तत्पश्चात बरामद हथियार को विधिवत जब्त कर उक्त आठ व्यक्तियों को विधिवत गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष बबन बैठा ने बताया कि सर्किट हाउस के वेटर टुनटुन कुमार द्वारा प्राप्त आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई। पीड़ित के अनुसार मंगलवार की रात तीन कार से करीब 10 से 15 लोग सर्किट हाउस पहुंचे थे और कमरे के लिए दबाव बनाने लगे। इस दौरान लाख मना करने पर आरोपितों ने हथियार के दम पर उसके साथ गाली-गलौज तथा मारपीट की। सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जबकि शेष फरार हो गए। फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। आवश्यक कार्रवाई के बाद सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

# चूल्हे की चिंगारी से जले 20 घर, लाखों की संपत्ति खाक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** बुधवार को भीषण अगलगी में करीब 20 फूस के घर जलकर पूरी तरह खाक हो गए, जिससे लाखों रुपए की संपत्ति नष्ट हो गई और दर्जनों लोग बेघर हो गए। घटना मदनपुर प्रखंड अंतर्गत सलैया थाना क्षेत्र के बेरी पंचायत स्थित पुरन बिगहा की है। जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात मुखदेव भुइया के बेटे का तिलक था। रात में घर के बाहर चूल्हा बना कर खाना बनाया गया था। फिर चूल्हा को छोड़ दिया गया था। आग को बुझाया नहीं गया था। बुधवार को चूल्हे से निकली चिंगारी से आग लग गई। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, आग लगने की शुरुआत एक घर में खाना बनाने के दौरान चूल्हे से निकली चिंगारी से हुई। यह चिंगारी पास के दूसरे घर में जा गिरी, जिससे आग भड़क उठी। तेज हवा के कारण आग ने कुछ ही मिनटों में विकराल रूप धारण कर लिया और देखते ही देखते एक-एक कर आसपास के सभी फूस के मकान इसकी चपेट में आते चले गए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया जा सका। तब तक अधिकांश घर जलकर राख हो चुके थे। इस अगलगी में प्रभावित परिवारों में शिवकुमार भुईयां, देवकुमार भुईयां, अखिलेश भुईयां, रंजीत भुईयां, धर्मेंद्र भुईयां, शंकर भुईयां, गोलू भुईयां, कन्हाई भुईयां, लकेशरी कुंवर, कमलेश भुईयां, रमेश भुईयां, मघोद भुईयां, अरुण भुईयां, जगन भुईयां, ओम प्रकाश भुईयां, अनिल रविदास, बिरजू रविदास, जयप्रकाश भुईयां, जीतेंद्र भुईयां और विकास भुईयां शामिल हैं। सभी परिवार अत्यंत गरीब हैं और मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। अंचल अधिकारी मो. अकबर हुसैन तथा राजस्व कर्मचारी ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पीड़ितों की स्थिति का जायजा लिया। प्रशासन की ओर से तत्काल राहत उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया है। अंचल अधिकारी ने बताया कि आपदा प्रबंधन राहत कोष से प्रत्येक प्रभावित परिवार को पांच-पांच हजार रुपये की नकद सहायता दी जाएगी। बताया गया है कि ये सभी लोग एक निजी जमीन पर बसे हुए थे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इन प्रभावित परिवारों को सरकारी जमीन उपलब्ध कराकर बसाने की दिशा में पहल की जाएगी। साथ ही नियमानुसार मुआवजा देने की प्रक्रिया भी पूरी की जाएगी।

# हत्या मामले में दो अभियुक्तों को सात साल की क़ैद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में जिला जज अष्टम मनीष कुमार जायसवाल ने खुदवा थाना की एक कांड में सज़ा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए अभियुक्त पिता व पुत्र को सज़ा सुनाई है। एपीपी प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि खुदवां थाना क्षेत्र के रामनगर निवासी फेकु पासवान एवं सुजित कुमार उर्फ भलुआ (प्राथमिक अभियुक्त) को भादंवि धारा -304 में 15 अप्रैल 2026 को दोषी ठहराया गया था और बंधपत्र विखंडित कर जेल भेज दिया गया था आज दोनों पक्षों को सुनने के पश्चात न्यायधीश ने भादंवि धारा 304 में अभियुक्तों को सात साल सश्रम कारावास की सजा और पांच हजार रूपये जुर्माना लगाया है जुर्माना न देने पर एक साल अतिरिक्त साधारण कारावास होगी। अभियोजन की ओर से 17 गवाही हुई थी, अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि वाद सूचक रामनगर निवासी प्रभावती देवी ने 10 जनवरी 2013 प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें बताया कि 09 जनवरी 2013 की रात 09 बजे मेरे पति दिलेश्वर राम को अभियुक्तों ने लाठी डंडे से मार-मार कर बुरी तरह से ज़ख्मी कर दिया। शोर मचाने पर ग्रामीण जुटे तो सभी अभियुक्त मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस के सहयोग से जख्मी पति को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ओबरा में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। कांड की गंभीरता के आधार पर पुलिस ने अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।

# विवेकानंद स्कूल के छात्रों का जेईई मेन्स में जलवा



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जेईई मेन्स सेशन-2 के परीक्षा परिणाम में शहर के विवेकानंद विजन आइडियल पब्लिक स्कूल के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। विद्यालय के छात्र आयुष कुमार सिंह ने 99.8 परसेंटाइल अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं जिले का नाम रोशन किया है। आयुष कुमार सिंह, पिता संतोष कुमार सिंह एवं माता नीतू कुमारी, औरंगाबाद के शाहपुर निवासी हैं। उनकी इस उपलब्धि से परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इसी क्रम में ओबरा निवासी धीरेंद्र कुमार एवं रिंकू देवी के पुत्र आदित्य कुमार ने 98.6 परसेंटाइल अंक प्राप्त किए। वहीं रोहतास निवासी धनंजय कुमार व किरण देवी के पुत्र सौरभ कुमार ने 96.6 परसेंटाइल हासिल किया। औरंगाबाद के पांडेय बिगहा निवासी नीरज कुमार एवं सोनी कुमारी शर्मा की पुत्री दिव्यांशी पांडेय ने 96.4 परसेंटाइल प्राप्त कर सफलता अर्जित की। श्रीकृष्ण नगर निवासी हरेन्द्र शर्मा व मिंटू सिन्हा के पुत्र सत्यम कुमार ने 96 परसेंटाइल अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। राजपुर (रोहतास) निवासी प्रमोद कुमार एवं बबिता कुमारी के पुत्र अक्षत कुमार ने 90.96 परसेंटाइल अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की। इसके अलावा विद्यालय के छह अन्य छात्रों ने भी 90 परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किए। विद्यालय के निदेशक डॉ. शंभू शरण सिंह एवं चेयरमैन मनीष वत्स ने सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया को भारत से बड़ी उम्मीदें हैं और ऐसे प्रतिभाशाली छात्र देश के विकास को नई दिशा देंगे। इस अवसर पर विद्यालय की उप-प्राचार्य सूची कुमारी सहित समस्त शिक्षकगणों ने भी छात्रों को शुभकामनाएं दीं।

## एक नजर

### पुलिस महानिरीक्षक का औरंगाबाद दौरा



**औरंगाबाद/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार पुलिस के पुलिस महानिरीक्षक (मुख्यालय, पटना) सह-नोडल पदाधिकारी के औरंगाबाद आगमन पर समाहरणालय परिसर में गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद पुलिस महानिरीक्षक ने पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में पुलिस अधीक्षक कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के संधारण, लंबित मामलों तथा जिले की कानून-व्यवस्था की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। इस अवसर पर सभी एसडीपीओ, डीएसपी (यातायात), साइबर शाखा के अधिकारी एवं प्रशिक्षु पदाधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों को कार्यों में पारदर्शिता, त्वरित निष्पादन और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान पुलिस महानिरीक्षक ने अपराध नियंत्रण, लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन तथा आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान पर विशेष जोर दिया।

# जनगणना में प्रत्येक परिवार और व्यक्ति की सही जानकारी संकलन आवश्यक



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जनगणना-2027 की तैयारियों के अंतर्गत एचएलबी (हाउस लिस्टिंग ब्लॉक) के डिमार्केशन एवं जियो-टैगिंग कार्य का नगर परिषद, औरंगाबाद में जिलाधिकारी द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि एचएलबी का सीमांकन पूर्णतः सटीक एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप किया जाए, ताकि जनगणना कार्य सुचारू एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न हो सके।उन्होंने जियो-टैगिंग कार्य में तकनीकी शुद्धता एवं अद्यतन डेटा अपलोड सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना-2027 एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है जिसमें प्रत्येक परिवार एवं व्यक्ति की सही जानकारी का संकलन आवश्यक है। इसके लिए प्रारंभिक चरण में एचएलबी का सही डिमार्केशन एवं जियो-टैगिंग अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देशित किया कि कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूर्ण किया जाए। साथ ही, नियमित मॉनिटरिंग एवं फील्ड वेरिफिकेशन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : अभिलाषा




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा प्रखण्ड परिसर स्थित इवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया गया। विदित हो कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निदेशानुसार ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का नियमित निरीक्षण किया जाना अपेक्षित है, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता, विश्वसनीयता एवं सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस में सुरक्षित रखे गए ईवीएम एवं वीवीपैट के रख-रखाव, सुरक्षा व्यवस्था तथा संधारित अभिलेखों की गहन जांच की गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सभी मानकों एवं दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए तथा वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाए रखा जाए। इस दौरान जिलाधिकारी ने पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं होनी चाहिए। निर्वाचन आयोग के सभी निर्देशों का पालन पूर्ण तत्परता से किया जाये। इस अवसर पर अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी मो. गजाली सहित उपस्थित रहे।


## रोस्टर के अनुसार प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निष्पादन का दिया निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** योजना भवन के सभा कक्ष में जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में निबंधन विभाग अंतर्गत राजस्व संग्रह से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजस्व संग्रह की प्रगति, लंबित मामलों के निष्पादन तथा विभागीय कार्यप्रणाली की विस्तृत समीक्षा की गई।

समीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि रोक सूची से संबंधित सभी लंबित मामलों की अद्यतन सूची तैयार कर रोस्टर के अनुसार प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी प्रकार की लंबित फाइलों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए तथा समयबद्ध निष्पादन पर विशेष बल दिया जाए। राजस्व संग्रह की समीक्षा करते हुए जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागीय प्रावधानों एवं नियमानुसार त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि राजस्व वसूली में अपेक्षित प्रगति हासिल की जा सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि कार्य में पारदर्शिता एवं जवाबदेही बनाए रखते हुए सभी प्रक्रियाओं का नियमित अनुश्रवण किया जाए।

# स्व-गणना को ससमय पूर्ण करने को लेकर प्रशासन गंभीर



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले में सभी वरीय पदाधिकारियों द्वारा जिलाधिकारी-सह-प्रधान जनगणना अधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार स्व-गणना प्रपत्र पूर्ण किया जा रहा है। इसी क्रम में उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता (आपदा) उपेंद्र पंडित, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, सदर डीसीएलआर श्वेतांक लाल, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, दाउदनगर अनुमंडल पदाधिकारी अमित राजन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी, वरीय उप समाहर्ता रितेश कुमार यादव एवं बेवी प्रिया, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा स्व-गणना प्रपत्र पूर्ण किया गया। उल्लेखनीय है कि भारत की जनगणना 2027 दो चरणों में संपन्न होगी। प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं आवासीय विवरण संकलन का कार्य 2 मई 2026 से 31 मई 2026 तक किया जाएगा। आम नागरिकों की सुविधा के लिए पहली बार स्व-गणना की व्यवस्था 17 अप्रैल 2026 से 1 मई 2026 तक उपलब्ध कराई गई है। नागरिक se.census.gov.in पोर्टल पर जाकर अपने राज्य का चयन करते हुए मोबाइल नंबर के माध्यम से ओटीपी द्वारा लॉगिन कर सकते हैं। तत्पश्चात डिजिटल मानचित्र पर अपने घर को चिह्नित कर परिवार से संबंधित 33 प्रश्नों का उत्तर भर सकते हैं। प्रक्रिया पूर्ण होने पर प्राप्त स्व-गणना आईडी (एसई आईडी) को सुरक्षित रखना अनिवार्य है, जिसे गणनाकर्मी के क्षेत्र भ्रमण के दौरान सत्यापन हेतु प्रस्तुत करना होगा। जिला प्रशासन द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे स्व-गणना प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि जनगणना कार्य का सफल एवं त्रुटिरहित क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके।

# 113 बालूघाटों में 64 की नीलामी, राजस्व संग्रह पर जोर



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल की संयुक्त अध्यक्षता में योजना भवन स्थित सभा कक्ष में खनन एवं परिवहन विभाग से जुड़े राजस्व संग्रह की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति, राजस्व प्राप्ति तथा कानून-व्यवस्था से संबंधित बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। खनन विभाग की समीक्षा के दौरान जिला खनन पदाधिकारी हरेश कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में मार्च 2026 तक 51,290.81 लाख रुपये के लक्ष्य के विरुद्ध 31,665.56 लाख रुपये (61.73 प्रतिशत) की राजस्व प्राप्ति हुई है। जिले के 113 बालूघाटों में से 64 की नीलामी हो चुकी है, जबकि 23 घाट वर्तमान में संचालित हैं। शेष घाटों के लिए पुनः नीलामी की प्रक्रिया जारी है। अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध चालू वित्तीय वर्ष में 2,596 छापेमारी अभियान चलाए गए, जिनमें 120 लोगों की गिरफ्तारी की गई तथा 360.67 लाख रुपये की वसूली हुई। ईंट भट्ठों की समीक्षा में 232 में से 174 द्वारा पूर्ण भुगतान किए जाने की जानकारी दी गई, जबकि 58 भट्ठों से राशि लंबित है। परिवहन विभाग की समीक्षा में जिला परिवहन पदाधिकारी सुनंदा कुमारी ने बताया कि रमेश चौक, रामाबांध, ओवरब्रिज, नावाडीह मोड़, मदनपुर, ओबरा, अंबा चौक सहित कई स्थानों पर नियमित जाम की समस्या बनी रहती है। इसके समाधान के लिए विभिन्न स्थलों पर 'नो पार्किंग' बोर्ड लगाए गए हैं तथा 15 ट्रॉलियां खरीदकर यातायात पुलिस को उपलब्ध कराई गई हैं। हेलमेट जांच अभियान के तहत 6,899 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 68.99 लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया। वहीं ओवरलोडिंग के खिलाफ 538 वाहनों पर कार्रवाई कर 3.74 करोड़ रुपये से अधिक का शमन शुल्क अधिरोपित किया गया। जिलाधिकारी ने राजस्व संग्रह में तेजी लाने, अवैध खनन पर कड़ी कार्रवाई करने, यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं विभागीय समन्वय बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही चिन्हित ब्लैक स्पॉट क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने को कहा। बैठक में सदर एसडीओ संतन कुमार सिंह, एसडीपीओ संजय पांडे, जिला परिवहन पदाधिकारी सुनंदा कुमारी सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अलग-अलग कार्रवाई में 54 लोग गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में मंगलवार की रात जिले के विभिन्न थानों में कार्रवाई में करते हुए कुल 54 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 31 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार रंगदारी में 1, हत्या के प्रयास में 6, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 8 तथा अन्य मामलों में 37 लोगों की गिरफ्तारी की गई। 18.50 लीटर देसी, दोनाली बंदूक 1, देसी कार्बाइन 1, जिंदा कारतूस 38, मैगजीन 2, मोबाइल 9, कैमरा 1, 2 चार चक्का एवं नकद 23500 रूपये बरामद किया गया। वाहन जांच अभियान के तहत 1349 वाहनों की जांच की गई जिसमें 54500 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। इसके अलावा 37 वारंट का निष्पादन किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित रूप से छापेमारी और जांच अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को दें। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि अपराध और तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# संस्कृत व संस्कृति से होगा सनातन का उद्धार : अश्विनी चौबे




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)** । प्रखंड के कनाप सूर्य मंदिर परिसर में ज्ञानपथ इंटरनेशनल डेवलपमेंट वेलफेयर फाउंडेशन आदर्श कला संगीत द्वारा श्री दुर्गा माता एवं हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा तथा श्रीमदभागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में मंगलवार की देर रात भाजपा के वरिष्ठ नेता भारत सरकार के पूर्व मंत्री अश्विनी कुमार चौबे पहुंचे। उनका स्वागत किया गया। श्री चौबे ने धार्मिक अनुष्ठान पर अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक अनुष्ठान देश भर में होना चाहिए। संस्कृत व संस्कृति से सनातन का उद्धार है। उन्होंने कहा कि तेरा वैभव अमर रहे मां, हम दिन चार रहे ना रहे। हम लोग सिर्फ यहां कुछ दिनों के लिए आए हैं। लेकिन भारत माता अमर है। सत्य और सनातन अमर है। इसलिए हम सभी को ऐसे पुनीत कार्य में उपस्थित होकर लोगों को जागृत करना चाहिए। सत्कर्म के प्रति सभी को आसक्ति होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों लोकसभा में नारी शक्ति वंदन विधेयक का विरोध कांग्रेस व अन्य दलों ने किया है, जिससे महिलाओं का अपमान हुआ है। अपने अपमान का बदला वोट के माध्यम से वे जरूर लेगी। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष बक्सर में भी संत समागम का आयोजन किया गया था। संत समागम के होने से अंतरात्मा शुद्ध होता है। मुख्य आयोजनकर्ता संतोष कुमार (अधिवक्ता- सुप्रीम कोर्ट) हैं। भाजपा के जिला प्रवक्ता अश्विनी कुमार तिवारी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य कौशल शर्मा व विकास शर्मा, सूर्य मंदिर परिसर के मुख्य पुजारी नथूनी शर्मा, सोनल शर्मा, संजय शर्मा, अनिरुद्ध शर्मा समेत काफी भक्त उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में सरस कथा वाचक आचार्य धर्मेंद्र त्रिपाठी- वृंदावन, पंडित दीपक शास्त्री -अयोध्या तथा अन्य कई विद्वान जनों प्रवचन दिया।

**पूर्व मंत्री का स्वागत**

पूर्व मंत्री अश्विनी चौबे को पटना से कनाप आने के क्रम में ठाकुर बिगहा में और इसके बाद अरई में राजकुमार शर्मा -पूर्व मुखिया के आवास पर स्वागत किया गया। वहां डा. बैजनाथ शर्मा, मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा, अर्मेन्द्र शर्मा, निर्भय तिवारी, सुधीर कुमार, रितेश कुमार, धनंजय शर्मा, नागेंद्र शर्मा, रूपेश तिवारी, बटेश्वर शर्मा, अनुरुद्ध शर्मा, रणजीत शर्मा, राजू राजवंशी एवं अन्य उपस्थित रहे।

## शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग, 13 घर जलकर राख

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारून (औरंगाबाद)।** बारून प्रखंड के गठौली गांव में बुधवार को शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग ने भारी तबाही मचा दी। बिजली के तारों के आपस में टकराने से उठी चिंगारी ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया और 13 घर जलकर राख हो गए। आग इतनी तेजी से फैली कि लोगों को अपना सामान तक निकालने का मौका नहीं मिला। इस अग्निकांड में कई परिवारों की पूरी गृहस्थी उजड़ गई। अनाज, कपड़े, बर्तन, नगदी, वाहन और मवेशी तक जलकर खाक हो गए। इस हादसे में प्रभावित परिवारों में मनबोध चौधरी, कृष्णा प्रजापत, रामाधार पाल, बसंत राम, बिहारी चौधरी, रंजीत साव, कामता प्रसाद गुप्ता, विनय पाल, गणेश चौधरी, कृष्णा चौधरी, जामवंत कुमार, अजीत साव और बैधनाथ राम शामिल हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269